भाद्र मास, कृष्ण पक्ष 20 वर्ष, अंक 329 पृष्ठ 8 मूल्य 1.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 14 दिसम्बर 2021 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

**क्रियायोग संदेश**

क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान
प्रयागराज

क्रिया योगः साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance ) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दुःखों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस लाख वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।

क्रियायोग से सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित।




10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास


# जो कुछ भी हुआ है, महादेव ने ही किया है : पीएम मोदी



## श्रीनगर में आतंकियों ने पुलिस की बस पर की फायरिंग, 2 जवान शहीद, 12 जख्मी

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में आतंकी बेखौफ नजर आ रहे हैं। अब श्रीनगर के बाहरी इलाके जेवन में आतंकियों ने पुलिस की एक बस पर फायरिंग की है। इस हमले में 14 पुलिसकर्मियों घायल हुए थे, जिनमें से दो ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इसके अलावा एक पुलिसकर्मी की हालत गंभीर बनी हुई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक फिलहाल 11 अन्य पुलिसकर्मियों की हालत खतरे से बाहर है।

कश्मीर जोन पुलिस ने ट्वीट कर इस घटना के बारे में जानकारी दी है। पुलिस के मुताबिक यह हमला जेवन इलाके के पंथा चौक पर हुआ है। हमले के बाद इलाके को घेर लिया गया है और सभी जख्मी पुलिसकर्मियों को तत्काल अस्पताल में ले जाया गया है। हमलावर आतंकियों की तलाश जारी है। इससे पहले सुबह श्रीनगर के ही रगरेट इलाके में सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को मुठभेड़ के दौरान मार गिराया था। जान गंवाने वालों में सशस्त्र पुलिस का एक सहायक उप-निरीक्षक भी शामिल है। अब तक हमले की जिम्मेदारी किसी आतंकी संगठन ने नहीं है। अधिकारियों ने कहा कि आतंकवादियों की धरपकड़ के लिए इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से ट्वीट करके बताया गया है कि प्रधानमंत्री मोदी ने जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले के का ब्योरा मांगा है। उन्होंने आतंकवादी हमले में शहीद हुए सुरक्षाकर्मियों के परिवारों के प्रति शोक व्यक्त किया।





काशी विश्वनाथ का मंन्दिर अब गंगा से सीधे जुड़ गया है।

भोगशाला में एक साथ 150 श्रद्धालु बैठकर प्रसाद ग्रहण कर सकेंगे।

वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट शॉप, हस्तशिल्प के सामान की दुकानें रहेंगी।

पीएम नरेन्द्र मोदी ने मुख्यमंत्रियों के साथ देखी भव्य गंगा आरती, काशी के घाटों पर मनाया गया शिव दीपोत्सव







**वाराणसी।** मोदी ने कहा कि विश्वनाथ धाम का ये पूरा नया परिसर एक भव्य भवन भर नहीं है बल्कि ये हमारे भारत की सनातन संस्कृति का प्रतीक है। ये प्रतीक है हमारी आध्यात्मिक आत्मा का। ये प्रतीक है भारत की प्राचीनता का, परंपराओं का, भारत की ऊर्जा का गतिशीलता का। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज काशी के भव्य स्वरूप 'काशी विश्वनाथ धाम' का लोकार्पण किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि अभी मैं बाबा के साथ साथ नगर कोतवाल कालभैरव जी के दर्शन करके भी आ रहा हूँ, देशवासियों के लिए उनका आशीर्वाद लेकर आ रहा हूँ। काशी में कुछ भी नया हो, उनसे पूछना आवश्यक है। मैं काशी के कोतवाल के चरणों में भी प्रणाम करता हूं। उन्होंने कहा कि हमारे पुराणों में कहा गया है कि जैसे ही कोई काशी में प्रवेश करता है, सारे बंधनों से मुक्त हो जाता है। भगवान विश्वेश्वर का आशीर्वाद, एक अलौकिक ऊर्जा यहाँ आते ही हमारी अंतर-आत्मा को जागृत कर देती है। मोदी ने कहा कि विश्वनाथ धाम का ये पूरा नया परिसर एक भव्य भवन भर नहीं है बल्कि ये हमारे भारत की सनातन संस्कृति का प्रतीक है। ये प्रतीक है हमारी आध्यात्मिक आत्मा का। ये प्रतीक है भारत की प्राचीनता का, परंपराओं का, भारत की ऊर्जा का गतिशीलता का।

लगभग 339 करोड़ रुपये की लागत से बने श्री काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण के समय मोदी ने कहा कि आप यहाँ जब आएंगे तो केवल आस्था के दर्शन नहीं करेंगे। आपको यहाँ अपने अतीत के गौरव का अहसास भी होगा। कैसे प्राचीनता और नवीनता एक साथ सजीव हो रही हैं, कैसे पुरातन की प्रेरणाएं भविष्य को दिशा दे रही हैं, इसके साक्षात दर्शन विश्वनाथ धाम परिसर में हम कर रहे। उन्होंने कहा कि आज भगवान शिव का प्रिय दिन सोमवार है। आज विक्रम संवत 2078 मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष दशमी तिथि, एक नया इतिहास रच रही है। हमारा सौभाग्य है कि हम इस तिथि के साक्षी बन रहे हैं। पहले यहाँ जो मंदिर क्षेत्र केवल तीन हजार वर्ग फीट में था, वो अब करीब 5 लाख वर्ग फीट का हो गया है। अब मंदिर और मंदिर परिसर में 50 से 75 हजार श्रद्धालु आ सकते हैं। यानि पहले मां गंगा का दर्शन-स्नान, और वहां से सीधे विश्वनाथ धाम। काशी तो काशी है! काशी तो अविनाशी है।

काशी में एक ही सरकार है, जिनके हाथों में डमरू है, उनकी सरकार है। जहां गंगा अपनी धारा बदलकर बहती हों, उस काशी को भला कौन रोक सकता है मोदी ने कहा कि मैं आज अपने हर उस श्रमिक भाई-बहन का भी आभार व्यक्त करना चाहता हूं जिसका पसीना इस भव्य परिसर के निर्माण में बहा है। कोरोना के विपरीत काल में भी, उन्होंने यहां पर काम रुकने नहीं दिया। उन्होंने कहा कि काशी विश्वनाथ धाम का लोकार्पण, भारत को एक निर्णायक दिशा देगा, एक उज्जवल भविष्य की तरफ ले जाएगा। ये परिसर, साक्षी है हमारे सामर्थ्य का, हमारे कर्तव्य का। अगर सोच लिया जाए, ठान लिया जाए, तो असंभव कुछ भी नहीं। हर भारतवासी की भुजाओं में वो बल है, जो अकल्पनीय को साकार कर देता है। हम तप जानते हैं, तपस्या जानते हैं, देश के लिए दिन रात खपना जानते हैं। चुनौती कितनी ही बड़ी क्यों ना हो, हम भारतीय मिलकर उसे परास्त कर सकते हैं।

## कॉरिडोर समर्पित कर बोले पीएम नरेंद्र मोदी

### औरंगजेब आता है तो शिवाजी भी उठ खड़े होते हैं, काशी तो अविनाशी है

**वाराणसी।** पीएम नरेंद्र मोदी ने काशी विश्वनाथ कॉरिडोर को राष्ट्र को समर्पित करते हुए प्राचीन नगरी का महत्व बताया और कहा कि यहां सिर्फ डमरू वाले बाबा की ही चलती है। यही नहीं पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि काशी तो अविनाशी है और इसे कोई नुकसान नहीं पहुंचा पाया। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि आततायियों ने इस शहर पर हमले किए। औरंगजेब ने तलवार के दम पर संस्कृति को कुचलने की कोशिश की। लेकिन भारत की मिट्टी अलग ही है। यहां कोई औरंगजेब आता है तो शिवाजी उठ खड़े होते हैं और जब कोई सालार मसूद आता है महाराजा सुहेलदेव भी जवाब देने आते हैं।

## काशी की सड़कों पर बगैर बैरिकेडिंग निकले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी



**वाराणसी।** काशी विश्वनाथ धाम लोकार्पण के लिए वाराणसी पहुंचे पीएम मोदी हेलीकॉप्टर की जगह कार द्वारा सड़क मार्ग से ही शहर के लिए प्रस्थान कर गए। पहली बार ऐसा हुआ जब पीएम मोदी का काफिला बगैर बैरिकेडिंग के शहर के लिए प्रस्थान किया। एयरपोर्ट पर सुबह 10.15 बजे पीएम का आगमन हुआ उसके बाद एप्रन पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और सूबे के सीएम योगी आदित्यनाथ ने आगवानी की। आगवानी कार्यक्रम के बाद जब स्थानीय पुलिस अधिकारियों को यह सूचना मिली की पीएम और सीएम कार द्वारा सड़क मार्ग से ही शहर जाएंगे उसके बाद सड़क पर तैनात पुलिस के जवानों को तत्काल अलर्ट किया गया। एयरपोर्ट से काफिला निकलते ही सभी चौराहों और हाइवे से जुड़ने वाले मार्गों पर खड़े होकर जवानों ने वाहनों को रोक दिया। अचानक प्रोटोकाल में परिवर्तन होने और हाइवे किनारे बैरिकेडिंग न होने के चलते हाइवे किनारे ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों के पसीने छूट गए। वहीं हाईवे पर यात्रियों को रोके जाने के बाद पीएम का काफिला गुजरने के बाद भी यात्रियों को यह आभाष नहीं हुआ कि पीएम का काफिला जा रहा है। तत्काल प्रोटोकाल बदलने के बाबत अधिकारियों द्वारा कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई। पीएम के सड़क से जाने के बाद एयरपोर्ट पर खड़े सेना के विमान बरेका के लिए प्रस्थान कर गए। बनारस रेल इंजन कारखाना के प्रशासनिक भवन से सटा कैंटीन सोमवार को दुल्हन की तरह सजा था। यहां की तैयारी देखकर ऐसा लग रहा था कि मानो यहां कोई वैवाहिक समारोह होने वाला है लेकिन स्थिति पूरी तरह से स्पष्ट तब हो गई जब फूलों की पंखुड़ियों के अलग कर रहे।

## फिर स्मृति इरानी के मुकाबले चुनाव लड़ेंगे राहुल गांधी 2019 में हार के बाद पहली बार अमेठी जाएंगे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी 2019 के लोकसभा चुनाव में अपनी परंपरागत अमेठी सीट से हार गए थे। उसके बाद यह पहला मौका है, जब वह अमेठी के दौरे पर जाने वाले हैं। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी 18 दिसंबर को जन जागरण अभियान के तहत अमेठी जाने वाले हैं। इस दौरान राहुल गांधी और प्रियंका गांधी एक पदयात्रा में हिस्सा लेंगे। कांग्रेस की ओर से जारी प्रेस रिलीज में यह जानकारी दी गई है। अर्थव्यवस्था में गिरावट और महंगाई जैसे मुद्दों पर कांग्रेस ने देशव्यापी प्रदर्शन शुरू किए हैं। इसके तहत ही अमेठी में भी पार्टी पदयात्रा का आयोजन करने लेने वाली है। देश के पहले पीएम जवाहरलाल नेहरू की जयंती 14 नवंबर से कांग्रेस ने इस अभियान की शुरूआत की थी।

रविवार को ही कांग्रेस की जयपुर में एक बड़ी रैली थी। इसमें सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी और राहुल गांधी मौजूद थे। राजस्थान की रैली में भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए राहुल गांधी ने कहा था कि 2014 से अब तक गैस सिलेंडर, घी, दाल, आटा और चीन जैसी चीजों के दाम दोगुने हो गए हैं। इस दौरान राहुल गांधी ने तंज कसते हुए लोगों से पूछा था, 'अच्छे दिन आ गए'। फिर इस पर जवाब देते हुए कहा, 'अच्छे दिन आ गए- हम दो, हमारे दो एक!'। उन्होंने मोदी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा था कि कुछ चुनिंदा कारोबारियों के लिए आम लोगों से हर चीज को छीना जा रहा है। इसी महीने की 16 तारीख को राहुल गांधी देहरादून में भी एक रैली करने जा रहे हैं। बांग्लादेश के निर्माण और पाकिस्तान से युद्ध में जीत के 50 साल पूरे होने के मौके पर यह आयोजन होने वाला है। हालांकि सबसे अहम दौरा अमेठी का ही है, जहां राहुल गांधी 2019 की हार के बाद से ही नहीं गए थे। उनके इस दौरे से यह कयास भी लगने लगे हैं कि क्या एक बार फिर से वह अपने गढ़ में वापसी करेंगे, जहां से अब स्मृति इरानी लोकसभा की सांसद हैं। राहुल गांधी की अमेठी में हार की काफी चर्चा हुई थी। तीन पीढ़ियों से गांधी फैमिली का गढ़ रही इस सीट पर 2014 में भी स्मृति इरानी उनके मुकाबले लड़ी थीं, लेकिन हार का सामना करना पड़ा था। लेकिन हालात 2019 में बदल गए और राहुल गांधी को अमेठी से ही बेदखल होना पड़ा।

### कोरोना के ओमिक्रॉन वैरिएंट का भी गढ़ बनेगा महाराष्ट्र राज्य में देश के आधे केस, नए मिले दो मामले

**मुंबई, नई दिल्ली।** महाराष्ट्र में सोमवार को कोरोना के ओमिक्रॉन वैरिएंट के दो नए केस मिले हैं। इसके साथ ही कुल मामलों का आंकड़ा राज्य में तेजी से बढ़ते हुए 20 हो गया है। देश भर में ओमिक्रॉन वैरिएंट के कुल 40 मामले मौजूद हैं और 20 अकेले महाराष्ट्र से हैं। इस तरह ओमिक्रॉन वैरिएंट के देश के आधे केस महाराष्ट्र में ही हैं। ऐसे में इस बात को लेकर आशंका बढ़ रही है कि क्या अब ओमिक्रॉन वैरिएंट का भी गढ़ महाराष्ट्र ही बनेगा।

## ममता का कांग्रेस को गोवा से साफ संकेत, जिन्हें भाजपा को हराना है, वे आएं हमारे साथ

**पणजी।** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गोवा में विधानसभा चुनाव के लिए टीएमसी का प्रचार तेज कर दिया है। सोमवार को दो दिवसीय दौरे पर गोवा पहुंचीं ममता बनर्जी ने भरोसा जताया कि राज्य में उनकी पार्टी विधानसभा चुनाव जीत जाएगी। यही नहीं उन्होंने कहा कि यदि गोवा में कोई भाजपा को हराना चाहता है तो फिर उसे टीएमसी के साथ आने होगा। उन्होंने कहा, 'यदि कोई भाजपा को हराना चाहता है तो फिर उसे हमारा समर्थन करना चाहिए।' गोवा को सुंदर, विनम्र और विद्वान राज्य बताते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि हमारी पार्टी यहां सत्ता को नियंत्रित करने या फिर मुख्यमंत्री बनने के लिए नहीं आई है। हम अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए यहां गोवा के लोगों की मदद करना चाहते हैं।

टीएमसी ने राज्य में विधानसभा चुनाव के लिए सूबे की सबसे पुरानी पार्टी महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी से गठबंधन किया है। टीएमसी अपने सहयोगी दल के साथ मिलकर राज्य की सभी 40 सीटों पर उम्मीदवार उतारने का ऐलान कर चुकी है। राज्य में यूपी, उत्तराखंड, पंजाब और मणिपुर के साथ ही अगले साल की शुरूआत में चुनाव होने वाले हैं। बनर्जी ने कहा कि मेरे पास गोवा के लिए वैसा ही प्लान है, जैसे हमने बंगाल में काम किया था। उन्होंने कहा कि यदि हम सत्ता में आते हैं तो 6 महीने के अंदर प्लान को लागू कर देंगे। इससे पहले ममता बनर्जी ने कहा था कि उनकी पार्टी गोवा में चुनाव नहीं लड़ना चाहती थी, लेकिन जब हमने देखा कि भाजपा को दूसरे दल टक्कर देने की स्थिति में नहीं हैं तो फिर हमने उतरने का फैसला लिया।

ममता बनर्जी ने कहा, 'हम बीते कई सालों तक गोवा में नहीं आए। लेकिन जजब हमने देखा कि कोई कुछ नहीं कर रहा है। भाजपा के खिलाफ कोई लड़ नहीं रहा है। तो फिर हमने यहां उतरने का फैसला लिया।' यही नहीं ममता बनर्जी ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा था, 'आप हमारे खिलाफ बंगाल में चुनाव लड़ सकते हैं।



## सुपरसोनिक मिसाइल असिस्टेड टॉरपीडो का सफल परीक्षण, नौसेना को मिली नई ताकत

**नईदिल्ली।** रक्षा क्षेत्र में भारत लगातार नए आयाम स्थापित कर रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को भारत ने लंबी दूरी की सुपरसोनिक मिसाइल असिस्टेड रिलीज ऑफ टॉरपीडो का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है, ओडिशा स्थित बालासोर के तट से यह परीक्षण किया गया है। यह अगली पीढ़ी की ऐसी मिसाइल डिलीवरी सिस्टम है जो नौसेना को मजबूत करेगी। इसे नौसेना की नई ताकत बताया जा रहा है। एक रक्षा अधिकारी की तरफ से बताया गया है कि भारतीय नौसेना के लिए इसे रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा विकसित किया जा रहा है। दरअसल, रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन की ओर से ओडिशा में बालासोर तट पर लंबी रेंज के सुपरसोनिक मिसाइल असिस्टेड टॉरपीडो (रटअफ्ळ) का यह सफल परीक्षण किया गया है।

## खबर संक्षेप

### करछना ब्लाक पर दिव्यांग शिविर में वितरित किए जाएंगे कृत्रिम अंग

**करछना।** दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग उत्तर प्रदेश कृत्रिम अंग सहायक उपकरण योजना अंतर्गत जनपद के प्रयागराज के दिव्यांग जनों को कृत्रिम अंग तथा बनावटी हाथ पैर कैलीपर्स आज से लाभान्वित करने हेतु करछना विकासखंड में 16 दिसंबर को शिविर का आयोजन किया गया है दिव्यांग पुनर्वास केंद्र प्रयागराज के विशेषज्ञ टीम द्वारा दिव्यांग जनों को लाभान्वितकिया जायेगा उक्त आशय की जानकारी खंड विकास अधिकारी करछना रामविलास राय ने देते हुए बताया कि 16 दिसंबर को ब्लॉक मुख्यालय करछना के प्रांगण में दिव्यांग जनों के लिए आयोजित शिविर में उन्हें सरकार द्वारा आयोजित शिविर में कृषि मांग वितरण कार्यक्रम के तहत उन्हें लाभान्वित किया गया जाएगा तथा समय से उपस्थित होकर शिविर में सरकार की योजना का लाभ उठाएं।


# पूर्व सांसद अतीक अहमद की आठ करोड़ की संपत्ति जप्त

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को मनी लॉन्ड्रिंग मामले के संबंध में पूर्व सांसद और माफिया अतीक अहमद और उनकी पत्नी से संबंधित 8.14 करोड़ रुपये की अचल और चल संपत्ति अस्थायी रूप से कुर्क की, जिसमें भूमि संपत्ति और बैंक खातों में शेष राशि शामिल है। एजेंसी ने उसके खिलाफ हत्या, जबरन वसूली, धोखाधड़ी, जालसाजी, भूमि हथियाने और समान प्रकृति के अपराधों से संबंधित विभिन्न पुलिस थानों में दर्ज कई प्राथमिकी का संज्ञान लेने के बाद धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत जांच शुरू की 'पीएमएलए के तहत जांच के दौरान यह पता चला है कि अतीक अहमद आपराधिक गतिविधियों के माध्यम से नकद में ब्लैक मनी कमाते थे और इसे उनके और उनके रिश्तेदार के कई बैंक खातों में रखा गया था। ईडी ने यह भी देखा है कि उनके सहयोगियों द्वारा चलाई जा रही विभिन्न फर्मों और कंपनियों से उनके खातों में धन जमा किया जा रहा है। जांच के दौरान यह भी सामने आया है कि इन निधियों का उपयोग उनकी पत्नी के नाम पर सरकारी मूल्य से काफी कम कीमत पर भूमि संपत्ति के अधिग्रहण के लिए किया गया है। ईडी ने अतीक के सहयोगियों द्वारा चलाई जा रही कंपनियों से संबंधित एमसीए, आईटी विभाग और अन्य एजेंसियों से डेटा एकत्र किया है। आरोपी व्यक्तियों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं और इन कंपनियों में निवेश किए गए धन के स्रोत का पता लगाने के लिए पूछताछ की जा रही है।

## ईडी ने 10 बैंक खाते भी किए जप्त

### अतीक के खिलाफ ईडी की पहली कुर्की



अपराध की आय का मनी ट्रेल भी स्थापित किया जा रहा है। इस अनंतिम कुर्की में अरजी नं. 386 और 387, मौजा कटका, परगना झूंसी, तहसील फूलपुर, इलाहाबाद। अतीक अहमद के साथ शाइस्ता परवीन को संलग्न किया गया है। यह संपत्ति अतीक अहमद ने रुपये के विचार के लिए अधिग्रहित की थी। केवल 4.5 करोड़ जो सरकार से काफी नीचे है। रुपये का मूल्य 6.86 करोड़। इसके अलावा, ईडी ने बैंक खाते में रुपये की शेष राशि भी संलग्न की है। अतीक अहमद के 10 बैंक खातों और श्रीमती के एक बैंक खाते में 1.28 करोड़ पड़े हैं। शाइस्ता परवीन पत्नी अतीक अहमद। इस मामले में ईडी की ओर से यह पहली कुर्की है। आगे की जांच जारी है और अतीक अहमद और उनके सहयोगियों की और संपत्तियां नियत समय में कुर्क किए जाने की संभावना है।

## बफीर्ली हवाओं की दस्तक से संगमनगरी में सर्दी का सितम

**प्रयागराज।** न्यूनतम तापमान में गिरावट की वजह से संगमनगरी में सर्दी ने सितम ढाना शुरू कर दिया है। हिमालय की तराई में बर्फवारी के साथ ही पश्चिमी विक्षोभ के असर से कड़ाके की ठंड पड़ने लगी है। पश्चिमी विक्षोभ की वजह से पूर्वांचल में किसी भी समय बारिश भी होने की आशंका है। ऐसा हुआ तो फिर प्रयागराज हाड़ कंपा देने वाली ठंड की चपेट में आ जाएगा। बफीर्ली हवाओं ने संगमनगरी में ठिठुरन बढ़ा दी है। रविवार को गलन की वजह से लोग थर-थर कांपते रहे। मौसम विभाग के अनुसार दिन में अधिकतम तापमान 23.05 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। जबकि, न्यूनतम तापमान घटकर नौ डिग्री सेल्सियस पर आ गया। इससे ठंड में इजाफा हो गया। दिन में आसमान बादल भी छाए रहे। इससे सूर्यदेव के ताप का भी असर न के ही बराबर रहा। पछुआ हवा के झोंके से वातावरण में सिहरन बढ़ गई है।

## न्यूज झरोखा

### आपका साथ मेरा प्रयास तब होगा प्रतापपुर का चहुंमुखी विकास : कैप्टन करन सिंह



**प्रतापपुर।** भाजपा-अपना दल गठबंधन के प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र से 2017 में प्रत्याशी रहे कैप्टन करन सिंह लगातार प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गाँवो में जाकर लोगो का आशीर्वाद ले रहे है। चनेथू, जंघई, सेवना, वारी, मड़वा में जनसंपर्क करते हुए लोगों से कहा कि प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र मेरा परिवार है क्षेत्र की सेवा करना मेरा नैतिक अधिकार है।आप लोगो का साथ मेरा प्रयास मिलकर प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र का चहूँमुखी विकास करेंगे ग्रामीणों ने कैप्टन करन सिंह का स्वागत एवं अभिनंदन किया।इस दौरान लोगो को संबोधित करते हुए कहा आप सभी एकजुट हो जाए मोदी योगी अनुप्रिया के हाथों को मजबूत करें उन्होंने आगे कहा जो गलती पिछली बार हुई थी उसे इस बार दुहराना नही है ऐसे स्वार्थ की राजनीति करने वाले लोगो को प्रतापपुर से खदेड़ना है।इस जनसम्पर्क के दौरान पिंटू पांडेय प्रधान सेवना, अनिल पांडेय, रजत सिंह, बबलू सिंह, राजा मौर्या, मनीष केसरवानी, गंगाधर शुक्ला, मुन्ना सिंह, कुणाल चतुवेर्दी, अर्जुन सिंह, सलमान हाशमी, हिमांशु त्रिपाठी सहित तमाम लोग मौजूद।

### दबंग ग्रुप ने आर्मी ब्वायज को 3 अंक से हराया



**प्रतापपुर।** विकास खण्ड के सेमरी में स्थित जेकेएसएस कंप्यूटर सेंटर के तत्वावधान में कब्बडी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव व इविवि के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष संजय तिवारी ने फीता काटकर किया।इस प्रतियोगिता में कुल 6 टीमो ने प्रतिभाग किया। फाइनल मुकाबला दबंग ग्रुप और आर्मी ब्वायज के बीच खेला गया। जिसमे दबंग ग्रुप 3 अंकों से विजेता रहा।कब्बडी प्रतियोगिता का समापन के बाद फ्रेंडली हॉकी मैच भी दोनों टीमो के बीच खेला गया जिसके लिए दोनों टीमों को 1100 रुपये की सांत्वना राशि भी प्रदान की गयी।इस मौके पर जेकेएसएस कंप्यूटर सेंटर के प्रबधंक अरुण और विशाल ने मुख्य अतिथि एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों एवं दर्शकों का आभार व्यक्त किया।

### क्षेत्र का विकास मेरे लिए सर्वोपरि : इंजी. घनश्याम पांडेय



**प्रतापपुर।** प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सभा शाहपुर, हरभानपुर, सवार्डीह, लतीफपुर, अगरापट्टी, खोजापुर, महुआकोठी आदि ग्रामसभा में अपने समर्थकों संग बसपा प्रत्याशी इंजीनियर घनश्याम पांडेय ने जनसंपर्क किया और लोगों को भरोसा दिलाया कि मै क्षेत्र का विकास बिना किसी भेदभाव के करूँगा क्योंकि जनप्रतिनिधि सबका होता है चुनाव जीतने के बाद प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र एक आदर्श विधानसभा के रुप में स्थापित करूँगा यह मेरा आप लोगो से वादा है आप लोगो के लिए 24 घंटे उपलब्ध हूँ।विभिन्न स्थानों पर जनसंपर्क के दौरान पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रतापपुर पुनीत पांडेय, नागेंद्र प्रताप सिंह, सैयद शेख, विजयशंकर तिवारी, डिंपी पांडेय, विधानसभा अध्यक्ष अखिलेश गौतम, पिंटू मिश्रा प्रधान, विशाल मिश्रा, विकास यादव, इंदिल पांडेय, विपिन दुबे, श्रीराम पाल, दारा पाल, आशुतोष तिवारी, रणजीत पटेल, अरविंद सरोज, राकेश गौतम, संदीप सरोज, रमाकांत गौतम, जटाशंकर मिश्र, रामबाबू मिश्र, अशोक कुमार सरोज, शिव कुमार बिंद प्यारेलाल, आशीष तिवारी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### विजय दिवस पर अ.भा. कवि सम्मेलन 16 दिसम्बर को

**करछना।** स्थानीय करछना में तहसील प्रांगण के समीप विजय दिवस के मौके पर 16 दिसम्बर को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है।इस दौरान देश के नामचीन कवि कार्यक्रम में शिरकत करेगें।दिन में 11बजे से आयोजित कार्यक्रम संयोजन समिति के लाल दिवाकर सिंह,राजेश शुक्ल,राज कुमार मिश्र,रिंकू सिंह,आनंद तिवारी,कुलदीप मिश्रा,विद्धुत सिंह,अमन मिश्रा,राजीव सिंह ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर तैयारियां शुरू कर दी है।आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति ने क्षेत्रीय जन मानस से कार्यक्रम में समय से पहुंचकर सफल बनाने की अपील की।

## जसरा में लगा भीषण जाम यात्री हलाकान



**जसरा।** प्रयागराज-बांदा राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित जसरा रेलवे फाटक पर डबल रूट होने से बार बार फाटक बंद होने के कारण फाटक के दोनों ओर वाहनों के बेतरतीब खड़े हो जाने से फाटक खुलने पर वाहनों का आवागमन पूरी तरह से बाधित हो जाता है। जिससे घंटों लोगों को परेशान होना पड़ता है। जसरा रेलवे फाटक पर डबल ट्रैक के होने के कारण फाटक के जल्दी जल्दी बंद होने से फाटक के दोनों ओर वाहनों की तीन तीन कतारों में खड़े होने से पैदल व दुपहिया वाहनों के निकलने की भी जगह नहीं रहती है। सोमवार को दोपहर बाद से ही फाटक के दोनों ओर वाहनों की लम्बी कतारें लगी रहीं। जाम लगने से बाजार के ब्यापारियों की दूकानदारी भी नहीं हो पाती है। इस संबंध में क्षेत्रीय ग्रामीणों में ब्लॉक प्रमुख जसरा अजीत सिंह, राजाबाबू पाठक,बब्बन सिंह, सत्येंद्र प्रताप सिंह,जय सिंह यादव सहित दर्जनों लोगों ने सरकार से रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज बनाए जाने की मांग की है। इसी तरह भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेश जायसवाल, ब्यापार सभा के जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र केसरवानी, सचिन श्रीवास्तव, राजू केसरवानी, शत्रुघ्न केसरवानी बाबा,बच्चा केसरवानी आदि ने कहा कि बेतरतीब वाहनों के सड़क पर खड़े होने से वाहनों के निकलने में परेशानी होती है। अगर प्रशासन किसी तरह का हल खोजे तो जाम की परेशानी से छुटकारा मिल सकता है।

**1- स्कूली बच्चे हो रहे परेशान**

**जसरा।** फाटक के बंद होने के कारण क्षेत्र के स्कूली बच्चों को घंटों जाम में फंसने के कारण उनकी पढ़ाई बाधित होती है। वहीं उनके अभिभावकों को भी बच्चों की चिंता बनी रहती है।

**2- साल भर में जाम से तीन लोगों की हो चुकी है मौत**

बताते चलें जसरा रेलवे फाटक पर जाम के चलते बीते साल तीन लोग अपनी जानें गवां चुके हैं। लेकिन इस ओर किसी भी जिम्मेदार अधिकारियों की निगाहें नहीं पड़ रहीं हैं। लोगों का कहना है कि जसरा को छोड़कर सभी रेलवे पर ओवरब्रिज बन गये हैं। पता नहीं क्यों जसरा में नहीं बन रहा है।

**3- सांसद व विधायक का आश्वासन कोरा**

इस बावत कई बार सांसद व क्षेत्रीय विधायक से भी ओवरब्रिज बनाने की बात किया गया। लेकिन इसका हल नहीं निकल रहा है। क्षेत्रीय जनता के साथ ही दूर दूर के लोगों को जाम से भारी जलालत झेलनी पड़ती है।

# के के मिश्र को मिला भोलानाथ साहू स्मृति समाजसेवी सम्मान

अखंड भारत संदेश




भोला नाथ साहू स्मृति चिन्ह से सम्मानित होते समाज सेवी

**घूरपुर।** पंचायत भवन गौहनिया में भोलानाथ साहू स्मृति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सीएमपी महाविद्यालय की एसोसिएट प्रो. डा. अर्चना पाण्डेय ने कहा कि हमें अपने माता पिता व पूव?जो की स्मृतियों को याद रखना चाहिए उनके पद चिन्हों पर चलने के साथ उनके द्वारा दिए गए अच्छे संस्कार अपनाने चाहिए इस अवसर पर समाज के उपेक्षित पीड़ित लोगों व किसानों की समस्याओं की आवाज उठाने वाले के के मिश्र को भोलानाथ साहू स्मृति समाज सेवी सम्मान से सम्मानित किया गया वरिष्ठ साहित्यकार विजय चितौरी की आत्मकथा 'अपना सफर' का विमोचन भी कार्यक्रम में किया गया कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ अर्चना पांडे द्वारा 3 निर्धन बच्चियों को छात्रवृत्ति भी प्रदान की गई। प्रवक्ता राम धीरज तथा ज्योति भाई ने विजय चितौरी की आत्मकथा के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ शिव शंकर मिश्र ने कहा कि पिता जी की स्मृति को याद करना भावी पीढ़ी के लिए प्रेरणा दायक है विशिष्ट अतिथि के रूप में संत सत्यानंद त्यागी ,देवव्रत द्विवेदी ( कार्यकारी सचिव- विज्ञान परिषद), चंद्रिका प्रसाद साहू व अरिदमन शर्मा ने कार्यक्रम में अपने उद्गार ब्यक्त किया कार्यक्रम में प्रधान गौहनिया शकुन्तला देवी, प्रधान अमरेहा राम मनोहर कुशवाहा प्रधान पंवरी कौशलेश यादव व बीडीसी मो. हफीज का सम्मान भी किया गया कार्यक्रम का संचालन कवि लखन प्रतापगढ़ी ने किया। कार्यक्रम के संयोजक शंकर लाल मजूर ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में अंटार्कटिक वैज्ञानिक दल के सदस्य मंगलम गुप्ता, भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र मुंबई के वैज्ञानिक सुनील साहू, कवि श्री राम लोचन सांवरिया, राजेंद्र शुक्ल, बाबू फतेह बहादुर सिंह, डॉक्टर अमरनाथ सिंह, सबरेज अहमद, अमरेन्द्र साहब, डा. राज मणि सिंह,बेचन लाल विनोदी , पूव? प्रधान गण कालिका प्रसाद कुशवाहा, सुंदर लाल कुशवाहा, सुल्तान अहमद, राजेश पटेल खन्ना के साथ अन्य प्रमुख लोगों में डा. रूपाली मिश्र,सुरेश कुमार कुशवाहा, अजय कुमार, रवि साहू,बलराम यादव, महेन्द्र श्रीवास्तव, विनोद केसरवानी मुन्ना उदय भान सिंह, सिद्धार्थ मिश्र, डॉक्टर अमर बहादुर सिंह, राजमणि कुशवाहा, पत्रकार गण राजेन्द्र प्रताप सिंह,मानसिंह पटेल, बंसीलाल पटेल, लाल चंद्र पटेल, राजेश सोनकर ,के सी साहू के साथ ही मंजू गोस्वामी, शोभा साहू आरती, राजेंद्र सिंह, रणजीत भारतीय, गुलाब चंद्र साहू ,विनोद साहू जीवन भाई, शिव भान सिंह आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में राजेश साहू ने आगंतुक अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## विश्वकर्मा जागृति मंच के बैनर तले जुटे सैकड़ों विश्वकर्मा

अखंड भारत संदेश



उपस्थित विश्वकर्मा समाज

**करछना।** सहलोलवा केपी इंटरनेशनल एकेडमी प्रांगण में आयोजित विश्वकर्मा सभा का आयोजन किया गया कार्यक्रम में प्रयागराज के आंचलिक एवं सुदूर क्षेत्रों से विश्वकर्मा बंधुओं की भागीदारी रही कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में पधारे हरियाणा से विश्वकर्मा युवा वाहिनी डॉ. दीपक धीमान विश्वकर्मा(विश्वकर्मा युवा वाहिनी टीम हरियाणा) चंदन विश्वकर्मा , सौरभ विश्वकर्मा गोरखपुर अंबेडकर नगर मनजीत धीमान अशोक धीमान जय कुंवर पांचाल विकास धीमान जोगिंद्र गहल्याण साहिल पांचाल सचिन धीमान रविंद्र पांचाल अंबेडकर नगर से पधारे रामप्यारे विश्वकर्मा नैनी में बन में बन रहे विश्वकर्मा मंदिर हेतु ?51000का सहयोग प्रदान किया हरियाणा से पधारे हुए मुख्य अतिथि ने सहलोलवा ग्राम सभा में स्थित विश्वकर्मा बंधुओं के विकास स्वास्थ्य एवं रोजगार एवं शिक्षा के विकास हेतु गोद लिया जिनके सुख दुख में सम्मिलित रहने हेतु संकल्प भी लियाएक सार्वजनिक अस्पताल मल्टी स्पेशलिटी पचास बेडो की खुलवाने की घोषणा की कार्यक्रम में पधारे हास्य व्यंग के कवि एवं नाट्य कार रामलोचन सांवरिया ने अपनी हास्य पंक्तियों से खूब हंसाया एवं विश्वकर्मा समाज के उत्थान एवं विकास पर प्रकाश डाला लोक गायक ईश्वर चंद विश्वकर्मा ने अपने साथी कलाकारों के साथ लोकगीतो में भगवान विश्वकर्मा के भजन एवं समसामयिक लोकगीतों को रखा कार्यक्रम का संचालन कमल चंद्र विश्वकर्मा ने विश्वकर्मा बंधुओं का स्वागत करते हुए शिक्षा स्वास्थ्य एवं विकास पर अपनी बातें रखी कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राजेश कुमार विश्वकर्मा(बड़ेलाल), प्रबंधक केशव विश्वकर्मा लालबाबू जटाशंकर लाल बचन सावित्रीदेवीसविता देवी, अशोक विश्वकर्मा वेदानन्द विश्वकर्मा आदर्श विश्वकर्मा अनिल विश्वकर्मा नारायण विश्वकर्मा, राजेंद्र विश्वकर्मा प्रधानाचार्य दिनेश कुमार विश्वकर्मा फूलचंद विश्वकर्मा वेद प्रकाश,रवि शर्मा, विजय शर्मा शशि शर्मा प्रकाश शर्मा ,कार्यक्रमआयोजक अविनाश कुमार विश्वकर्मा (विश्वकर्मा युवा वाहिनी जिलाअध्यक्ष )ने सब के प्रति आभार जताया।

## कार्यकर्ता पूरी मेहनत एवं लगन के साथ लगे हैं : हौसिला प्रसाद पाठक

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** भाजपा गंगापार प्रयागराज जिला की एक आवश्यक बैठक छत्रपति शिवाजी डिग्री कालेज सहसों में जिलाध्यक्ष अश्विनी कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में समपन्न हुई। बैठक में विधानसभा प्रभारी हौसिला प्रसाद पाठक ने कहा कि संगठन के निदेर्शानुसार दिनांक 11से 13 दिसम्बर विशेष सदस्यता अभियान,13 दिसम्बर को शक्तिकेन्द्र स्तर के सभी देवालय में पूजा अर्चना तथा शिवालय में अभिषेक होने के साथ साथ 1 बजे से 3 बजे तक भारत के यस्शवी प्रधानमंत्री मोदी जी का काशी विश्वनाथ मन्दिर से सीधा लाईव प्रसारण होना है। उसको जनमानस को देखने सुनने की भी व्यवस्था रहेगी। उन्होंने कहा संगठन का बूथ स्तर पर 13-14-15 दिसम्बर को हर घर पर दिपोत्सव मनाया जाय ।यह सभी तैयारियां पूरी हो चुकी है। संगठन के सभी कार्यकर्ता बहुत ही मेहनत एंव लगन के साथ सभी पूरा कर रहे है। बैठक में उपस्थित विधानसभा प्रभारी विरेन्द्र शुक्ल ने कहा कि संगठन मे सितम्बर 2021 से बूथ समिति का गठन आरम्भ होकर अक्टूबर तक चला,अक्टूबर 2021 से ही पन्ना प्रमुख की नियुक्ति करने कार्य शुरू होकर नवम्बर प्रथम सप्ताह में ही पुर्ण करके सदस्यता का कार्य संगठन के द्वारा तेजी से चलाए जाने का कार्य हो रहा है। गंगापार में अब तक 72103 नये और 84541पूराने सदस्य का सत्यापन हो चुका है। मौके पर मौजूद विधानसभा प्रतापपुर के प्रभारी प्रभात श्रीवास्तव जी ने बताया कि प्रतापपुर के कार्यकर्ता समर्पण भाव से निरन्तर संगठन के कार्यो मे लग कर मां भारती की सेवा में लगे हैं।चाहे बूथ गठन का कार्य हो चाहे पन्ना प्रमुख बनाने का कार्य हो चाहे सदस्यता कराने का काम हो।कार्यकर्ता कैम्प लगाकर सदस्यता का कार्य कर रहे है।फूलपुर विधायक ने कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नही है जिससे सभी दल भाजपा से डर रहा है। सरकार गरीब के लिये जो कर दिया वह कोई नहीं किया है। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अश्विनी कुमार द्विवेदी जी ने कहा कि आगामी 15 दिसम्बर को जन विश्वास यात्रा का शुभारंभ प्रदेश से हो रहा है जो गंगापार मे समभ्वतः 18 19 दिसम्बर 2021को प्राप्त हो रहा है ।इस यात्रा मे केन्द्र व प्रदेश के वरिष्ठ नेता की अगुवाई मे चल रही है हम सभी लोग भारी संख्या मे पहुंच कर सफल बनाने का कष्ट करें। बैठक में इस यात्रा में जिला प्रमुख जीतलाल त्रिपाठी, विधानसभा वार यात्रा प्रमुख अनिरुद्ध सिंह पटेल, सन्तोष शुक्ल, विष्णु देव प्रसाद, अमरजीत कुशवाहा, हरिभूषण सिंह को जिम्मेदारी तय कि गयी। युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष नवीन पटेल को एडवांस रुट प्रमुख की जिम्मेदारी दी गयी। भोजन प्रमुख फूजैल अहमद एंव मनु प्रताप सिंह को बनाया गया। जिला मिडिया प्रभारी बृजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि गंगापार जिले में फूलपुर विधायक प्रवीण पटेल मनेथू , विक्रमाजीत मौर्य जोगीपुर, फूलपुर सासंद कतवारू पुर, सुरेंद्र चौधरी धमौर में राशन वितरण करायें। जिलाध्यक्ष अश्विनी कुमार द्विवेदी जी ककरा में राशन वितरण में सहभागिता किया। बैठक में प्रमुख रूप से मनोज निषाद,कविता पटेल, रामपलट पटेल,सहित मण्डल अध्यक्ष मण्डल प्रभारी राकेश शुक्ल, गिरजाशंकर पाण्डेय, सुखराज यादव अनिता सिंह, सुरेश विश्वकर्मा, अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष आशीष भारतीया, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष लक्ष्मीकान्त उपाध्याय, पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष ईश्वर चन्द विन्द आदि कार्यकर्ता रहे।

# ग्राम प्रधानों को जो अधिकार है वह किसी के पास नहीं : शिपू गिरि

## मुख्य विकास अधिकारी के साथ प्रधान संगठन की बैठक

अखंड भारत संदेश






विकास भवन सभागार में ग्राम प्रधान संगठन की बैठक को सम्बोधित करते मुख्य विकास अधिकारी व अन्य।

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय ग्राम प्रधान संगठन प्रयागराज के साथ जिले के सी डी ओ शिपू गिरी और जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक कुमार सिन्हा,तथा सहायक श्रमायुक्त प्रयागराज लाला राम वर्मा ने बैठक को सम्बोधित किया तथा समस्याएं सुनीं और संबंधितों को आदेशित किया। बता दें कि ग्राम प्रधानों ने पंचायतीराज अधिनियम के तहत प्रदत्त अधिकारों को लेकर तहसील आपूर्ति और पुलिस तथा राजस्व अधिकारियों द्वारा शिकायतोपरांत तरजीह न दिए जाने मनमानी किए जाने की सिकायतें की। शीपू गिरी मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों को जोअधिकार है वह किसी जनप्रतिनिधि या अफसर के पास नहीं है। उन्होंने कहा प्रधान राजा की तरह है,और महत्वपूर्ण व्यक्तियों में से है,क्योंकि प्रधान का चुनाव किसी पार्टी विषेश से चुनकर नहीं आता। प्रधानों को चाहिए कि ग्राम प्रधान राजा की तरह हो और अपने जनता का ध्यान रखे और लोगों को खुश रख कर स्वयं खुश रहे। क्योंकि गांव में आपको हमेशा रहना है,और कोई न कोई समस्या आप के सामने आती ही रहेंगी। उन्होंने कहा की प्रधान बंधु एक विजन के तरह

कार्य करें।सी डी ओ ने कहा कि आप लोगों के पास जिम्मेदारियां भी बहुत हैं। उन्होंने कहा ग्राम प्रधानों की हर महीने होने वाली बैठकों में समस्या का समाधान होता रहेगा। और मेरे स्तर से कोई भी समस्या होगी तो हाल करूंगा। उन्होंने यह भी कहा कि मंहगाई भी है और समस्याएं भी आपके और हमारे सामने हैं,इससे भी कुछ समस्याएं विकास कार्यों में आती रहती हैं। उन्होंने प्रधानों के प्रार्थना पत्रों को प्राप्त कर कार्यवाही का आदेश भी दिया। जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक सिन्हा ने कहा कि प्रधानों के अधिकार और कर्तव्य को लेकर हम लोग सजग हैं जो कर्मचारी अनियमितताएं करेगा उसे दंडित किया जाएगा। उन्होंने लखनऊ 15 दिसंबर को समय से पहुंचने का आह्वान भी प्रधानों से किया। इसी प्रकार सहायक श्रमायुक्त लालाराम ने गांवों में अधिक से अधिक ई श्रम कार्ड बनवाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा की आज तक कुल चार लाख 78 हजार ई श्रम कार्ड बन चुके हैं। संख्या आप लोग बढ़ाएं जिससे निर्माण श्रमिक के साथ साथ असंगठित कामगारों को भी लाभ मिल सके । ग्राम प्रधान संघ ने श्रमिकों के साथ श्रम इंस्पेक्टर कोराव द्वारा मनमानी और शोषण की भी बात रखी। और ब्लॉक प्रमुख की ओर से जारी पत्र को भी सी डी ओ के सामने रखा गया। उन्होंने जांच कराने और कार्यवाही की बात कही।आरोप है कि श्रमिकों के यह कह कर आवेदन योजनाओं के निरस्त कर दे रहे कि श्रमिक नहीं है। जिनका श्रम इंस्पेक्टर के पास क्या प्रमाण है। जांच में अगल बगल से पूछते है जबकि ज्यादातर बगल के लोग भी किसी को लाभ मिलते नहीं देखना चाहते। बैठक में सुरेस चंद्र तिवारी,जिलाध्यक्ष अखिल भारतीय प्रधान संगठन प्रयागराज, अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे प्रधान अल्हवा,सोशल एक्टिविस्ट,प्रदेश उपाध्यक्ष सतेंद्र त्रिपाठी,प्रदेश सचिव काजी मोहम्मद अजमत,कमल कुमार मिश्र मंडल प्रभारी,ब्लॉक अध्यक्ष कोराव रामानुज यादव, कृष्णा नंद ओझा अध्यक्ष कोंधियारा,राजेश दुवेदी ब्लॉक अध्यक्ष उरुवा,शरण जीत भूरिया ब्लॉक अध्यक्ष मेजा,अवतार सिंह ब्लॉक अध्यक्ष करछना,राम तीर्थ यादव अध्यक्ष मौआइमा,जितेंद्र कुमार सरोज अध्यक्ष श्रींगवरपुर धाम,ब्लॉक अध्यक्ष कोरिहार रेखा पाल,योगेंद्र अध्यक्ष फूलपुर,ब्लॉक अध्यक्ष मांडा राधिका देवी,राजेश अध्यक्ष प्रतापपुर,अध्यक्ष धनुपुर निलम यादव,अध्यक्ष हंडिया अजय यादव, जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ आरती मिश्रा,जिला संरक्षक अखिलेश कुमार मिश्रा,मंडल मंत्री राकेश यादव,अध्यक्ष जसरा दारा सिंह,आदि उपस्थित रहे।

### खबर संक्षेप

## एटीएम कार्ड बदल शातिर ने निकाल लिए रुप

**प्रयागराज।** साइबर शातिर बैंकों के एटीएम बूथ तक ठगी के लिए पहुंच रहे हैं। तेलियरगंज में बैंक आफ बड़ौदा के एटीएम से रुपये निकालने गईं युवती का कार्ड बदलकर सात हजार रुपये निकाल लिए गए। तेलियरगंज में रह रहीं शशि पुत्री गोरख प्रसाद ने शिवकुटी थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। शशि का कहना है कि वह रुपये निकालने एटीएम गईं थीं। बाहर खड़े युवक ने मशीन में कुछ गड़बड़ी बताई। कार्ड देखने के दौरान उसने बदल दिया। कुछ ही मिनटों बाद मोबाइल पर रुपये निकाले जाने का मैसेज आया। वह भागकर बैंक गईं लेकिन कर्मचारियों ने कुछ नहीं किया। युवती का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज से युवक पकड़ में आ सकता है।

# माघ मेले में साधु-संतों व संस्थाओं को भूमि आवंटन 22 दिसम्बर से प्रस्तावित

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** मेलाधिकारी, प्रयागराज मेला प्राधिकरण शेषमणि पाण्डेय ने बताया है कि माघ मेला 2021-22 में साधु-संतो, संस्थाओं व अन्य को परम्परानुसार भूमि/सुविधाओं का आवंटन किया जाना है।

माघ मेला 2021-22 में दिनांक 22 एवं 23.12.2021 को दण्डी स्वामी नगर, दण्डी बाड़ा मार्ग में भूमि का आवंटन किया जायेगा। इसी प्रकार 24 व 25.12.2021 को खाकचैक, 26 व 27.12.2021 को आचार्य स्वामी नगर (आचार्य बाड़ा), 31.12.2021 को संगम लोवर मार्ग, संगम अपर मार्ग एवं सरस्वती मार्ग, महावीर जी मार्ग, 01.01.2022 को अन्नपूर्णा मार्ग, 02.01.2022 को तुलसी मार्ग एवं जी0टी0 रोड, 03.01.2022 को त्रिवेणी मार्ग, 04.01.2022 को काली मार्ग, 05.01.2022 को सेक्टर 1 एवं 2, परेड, शास्त्री गाटा, कबीर नगर, समुद्रकूप मार्ग एवं इण्टर लॉकिंग मार्ग से0-3, रामानुज मार्ग, अरैल एवं अन्य स्थानों की संस्थाओं के लिए भूमि का आवंटन किया जायेगा। सुविधा पर्चियों की प्राप्ति हेतु




पहचानयुक्त फोटो एवं आधार कार्ड प्रस्तुत करना अनिवार्य है। अपरिहार्य परिस्थितियों में उपरोक्त तिथियों में परिवर्तन सम्भव है। जिन संस्थाओं/ प्रयागवालों द्वारा विगत वर्ष कुम्भ/ महाकुम्भ/ माघ मेला अथवा अन्य किसी वर्षों में टिन, टेंटेज, फर्नीचर की सुविधायें प्राप्त कर वापस नहीं की गयी है, उन्हें वर्तमान वर्ष में किसी भी प्रकार की भूमि एवं सुविधा देय नहीं होगी। प्रत्येक शिविर धारक को मेले की सम्पूर्ण अवधि (माघी पूर्णिमा) तक शिविर बनाये रखना अपरिहार्य होगा। मेला प्रशासन द्वारा कोविड-19 से सम्बंधी जारी नियमों/प्रावधानों का पालन प्रत्येक व्यक्ति/संस्था द्वारा किया जाना अपरिहार्य होगा। कोविड-19 के दृष्टिगत यदि कोई संस्था/व्यक्ति अपना शिविर इस वर्ष स्थापित नहीं करता है, तो भविष्य के आयोजित होने वाले मेलों में संस्था/व्यक्ति की भूमि/सुविधायें पूर्व के वर्षों की भांति यथावत रहेगी। सुविधा पर्ची, भूमि आवंटन के 02 दिन बाद निर्गत की जायेगी।

## अभ्यर्थी के आवेदन पर बोर्ड क्यों रहा खामोश

### उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती बोर्ड के अपर सचिव हुए पेश

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश एसआई भर्ती परीक्षा में बीमार अभ्यर्थी को परीक्षा के लिए दोबारा मौका न देना उत्तर प्रदेश पुलिस एवं प्रोन्नति भर्ती बोर्ड को भारी पड़ा। मामले में नाराजगी जताते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पेश हुए अपर सचिव से पूछा कि अभ्यर्थी के आवेदन पर बोर्ड क्यों खामोश रहा? उसने कार्रवाई क्यों नहीं की। आदित्य पांडेय की याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने कहा कि जब अभ्यर्थी ने मामले में लगातार बोर्ड के समक्ष परीक्षा में शामिल होने के लिए दोबारा मौका देने के लिए आवेदन किया तो उसको नजरअंदाज क्यों किया गया। कोर्ट ने मामले में अगली सुनवाई की तिथि 16 दिसंबर तय कर दी है। याची के अधिवक्ता धर्मेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि बोर्ड ने उत्तर प्रदेश एसआई भर्ती परीक्षा तीन चरणों में कराई। याची को दूसरे चरण में परीक्षा देनी थी। लेकिन, परीक्षा से दो दिन पहले ही याची बीमार हो गया। इस संदर्भ में उसने बोर्ड के ईमेल आईडी पर पत्र भेजा और तीसरे चरण की परीक्षा में शामिल होने की मांग की लेकिन बोर्ड की ओर से कोई जवाब नहीं दिया गया। अभ्यर्थी ने रजिस्ट्री भी की, उस पर भी बोर्ड का जवाब नहीं मिला। इसलिए याची ने कोर्ट के सामने गुहार लगाई है।बोर्ड के अधिवक्ता ने पहले तर्क दिया कि एसआई परीक्षा में किसी को भी दुबारा परीक्षा में शामिल होने का मौका नहीं दिया गया। कोर्ट ने इस बात को विपक्षी पक्ष से हलफनामे में देने को कहा।

## जूनियर इंजीनियर से 73 लाख वसूली में कोर्ट सख्त, अगली सुनवाई तक लगी रोक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जूनियर इंजीनियर से 73 लाख रुपये वसूली के मामले सोमवार को सुनवाई करते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सख्त रूख अपनाया है। कोर्ट ने मामले में पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के निदेशक (व्यक्तिगत एवं प्रशासनिक) को जाने से रोक दिया है। वह सोमवार को कोर्ट के सामने पेश हुए ही उन्हें अगली सुनवाई तक यहीं रूकना होगा और कोर्ट के सामने पेश होना होगा। कोर्ट ने बलिया जिले के अधिशासी अभियंतों को भी मौजूद रहने को कहा है। हाईकोर्ट रघुबीर प्रसाद बनाम उत्तर प्रदेश राज्य के मामले में सुनवाई कर रही न्यायमूर्ति सरल श्रीवास्तव की खंडपीठ ने पूछा कि मामले में याची को सुनवाई का मौका क्यों नहीं दिया गया और अब बर्खास्तगी का आदेश वापस ले लिया गया है तो याची के वेतन से वसूली क्यों की जा रही है। कोर्ट ने पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक को सोमवार के लिए तलब किया था, लेकिन उनकी उपस्थिति न होने पर नाराजगी जाहिर की और 73 लाख रुपये की हो रही वसूली पर सख्त रूख दिखाया। इस पर विपक्षी पक्ष के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि प्रबंध निदेशक पूर्वांचल विद्युत वितरण की जगह निदेशक (व्यक्तिगत एवं प्रशासनिक) और बलिया जिले के अधिशासी अभियंता पेश हैं। तर्क दिया कि जूनियर इंजीनियर से वसूली का आदेश वापस लिया जा रहा है। याची के अधिवक्ता एसके श्रीवास्तव ने कोर्ट को बताया कि याची से अभी वसूली की जा रही है। इस पर कोर्ट ने अगली सुनवाई की तिथि 15 दिसंबर 2021 तय करते हुए उस दिन तक निदेशक और अधिशासी अभियंता को तब तक मौजूद रहने और कोर्ट में पेश होने को कहा है।

## 18 अनुदेशकों की सेवाएं समाप्त, लंबे समय से चल रहे थे गैरहाजिर

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जिले के 18 अनुदेशकों की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं। संविदा पर तैनात ये सभी अनुदेशक लंबे समय से अनुपस्थित चल रहे थे। इसके चलते जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने डीएम के अनुमोदन पर इनके खिलाफ कार्रवाई की है। जिले में तमाम अनुदेशक लंबे समय से गैरहाजिर चल रहे थे। इसकी जानकारी होने पर बीएसए ने इन अनुदेशकों को पत्र जारी कर विद्यालय में उपस्थित होकर शिक्षण कार्य करने का अवसर दिया। इसके बाद भी 18 अनुदेशक विद्यालय नहीं आए। इसकी जानकारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी ने जिलाधिकारी प्रयागराज को दी।डीएम के अनुमोदन पर बीएसए ने अनुदेशक मिथिलेश कुमारी, पूर्व माध्यमिक विद्यालय मंसूराबाद, प्रीति मौर्य, दुखियापुर , राकेश कुमार पांडेय, भसुंदर कला, मोहम्मद तसलीम आरिफ, बींदा, नितिन कुमार और सुधा कनौजिया, ऊंचडीह ज्ञान चंद्र, मोहिउद्दीनपुर, प्रीति सिंह मोहब्बतगंज, महेंद्र सिंह कुशवाहा, फूलपुर , गगौर में सुनील कुमार यादव के अलावा वीरभानपुर में सपना कुमारी, कजासा में मंजू देवी, सराय सुल्तान में रीति पाल, लेड़ियारी में नीलेश कुमार मिश्र, मडफाकला में रामपाल, बजहा में रुचि मिश्रा, नैका में नीतू सोनी, दलापुर में भाग्यवंती कुशवाहा की संविदा अनुपस्थिति की तिथि से समाप्त कर दी है।

# तेज रफ्तार अप्पे ने ट्रेलर में मारी टक्कर एक की मौत, पांच घायल

**अखंड भारत संदेश**

**फूलपुर।** सहसों से फूलपुर जा रही तेज रफ्तार अप्पे बाबूगंज के आगे भुलई के पूरा पंचायत भवन के सामने खड़े टेलर से जा भिड़ी। जिससे अप्पे में बैठे सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए वहीं एक युवती की मौत हो गई। चीख-पुकार सुन ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना देते हुए 108 एंबुलेंस से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फूलपुर भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने गंभीर अवस्था में सभी घायलों को एस०आर०एन के लिए रेफर कर दिया। फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के इफको पुलिस चौकी अंतर्गत चक अब्दुल करीम और पूरे भुलई गांव के पंचायत भवन के सामने सोमवार सुबह साढ़े दस बजे सहसो से फूलपुर सवारी भरकर जा रही अप्पे रास्ते में खड़े ट्रेलर से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि अप्पे में बैठे सभी यात्री घायल हो गए वही शमा बानो 19 पुत्री मोहम्मद नसीम निवासी उसरी खंसार की मौके पर ही मौत हो गई। फूलपुर निवासी एनम जैदी, किशन लाल, तथा नजमा बानो व कोड़ापुर निवासी बबलू व राम फकीरे गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे इफको पुलिस चौकी इंचार्ज श्रवण कुमार 108 एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को सीएचसी फूलपुर ले गए। जहां चिकित्सकों ने सभी को गंभीरावस्था में एस आर एन के लिए रेफर कर दिया। फूलपुर कोतवाली प्रभारी अमित कुमार राय ने अप्पे को अपने कब्जे में लेकर मृतका के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कर लिया। यात्रियों के साथ ही अन्य ग्रामीणों ने बताया कि अप्पे चालक तेज आवाज में गाना बजा रहा था। जिससे उसका ध्यान आगे खड़े ट्रक से हट गया और सड़क की पटरी पर खड़े ट्रक से जा भिड़ा।



सीएचसी फूलपुर में घायलों के साथ पुलिस

### नाबालिग चालकों के हाथ में स्टेयरिंग, अनजान पुलिस

फूलपुर कोतवाली के पास स्थति बस स्टैंड से सहसों व बादशाहपुर की तरफ नाबालिग चालकों को तेज रफ्तार व अनियमित तरीके से वाहनों को ले जाते हुए देखा जा सकता है। जिससे आए दिन छोटी बड़ी घटनाएं होती रहती है। सड़क पर चलने वाले अप्पे चालक तेज आवाज में अश्लील गाना बजाते हैं जिससे महिला यात्री जहां असहज महसूस करती है वहीं दुर्घटना की संभावना भी बढ़ जाती है। जरूरत है तो ऐसे लोगों को चिन्हित कर कठोर कार्रवाई करने की परन्तु पुलिस की अनदेखी के चलते उनके हौसले बुलंद रहते हैं।

## हाईकोर्ट ने पूछा : सरकार बताए जमीन अधिग्रहण मामले में क्यों नहीं दिया गया मुआवजा

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भूमि अधिग्रहण के मामले में सरकार से पूछा है कि अभी तक उसने काश्तकारों को मुआवजा क्यों नहीं दिया। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण कह रही है कि उसने अवार्ड के बाद रकम जमा कर दी है तो सरकार बताए कि क्या सही है और यदि सही है तो मुआवजा क्यों नहीं दिया गया या दिया जा रहा है। हाईकोर्ट ने यह आदेश जयपाल व अन्य बनाम भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण व अन्य अन्य के मामले में दिया है। मामले की सुनवाई अगली सुनवाई 17 दिसंबर को होगी।मामले में मुआवजे को लेकर 65 से अधिक याचिकाएं लंबित हैं। इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायमूर्ति राजेश बिंदल और न्यायमूर्ति पीयूष अग्रवाल की दो जजों की खंडपीठ सभी याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई कर रही है। मामले में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की ओर उपस्थित एडिशनल सॉलिसीटर जनरल शशि प्रकाश सिंह ने प्राधिकरण के चेयरमैन का हलफनामा कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया।

**हाईकोर्ट ने 17 दिसंबर को पूरा ब्यौरा प्रस्तुत करने का दिया निर्देश**

उन्होंने बताया कि प्राधिकरण ने अवार्ड के बाद जो भी रकम आई उसे राज्य सरकार के पास जमा कर दिया, लेकिन, याचिकाकताओं की ओर से तर्क दिया गया कि उन्हें अभी मुआवजे की रकम नहीं मिली है। इस पर कोर्ट ने सरकारी अधिवक्ताओं से पूछा कि एनएचएआइ कह रही है कि उसने अवार्ड के बाद रकम जमा कर दी है तो सरकार बताए कि क्या सही है और यदि सही है तो काश्तकारों को मुआवजा क्यों नहीं दिया गया या दिया जा रहा है।यूपी सरकार की तरफ से पैरवी कर रहे रामानंद पांडेय ने कोर्ट को बताया कि अभी काश्तकारों को मुआवजे के रूप में आवंटित की गई धनराशि का अलग-अलग ब्यौरे का रिकॉर्ड नहीं मिल सका है। इस पर कोर्ट ने अलग-अलग याचिकाकताओं के मामले में रिपोर्ट मांगी है। कहा है कि किन काश्तकारों को कितना मुआवजा दिया गया है या नहीं दिया गया है। सरकार पूरा ब्यौरा 17 दिसंबर को पेश करे। मामले में मुरादाबाद, सहारनपुर सहित पश्चिमी यूपी के कई जिलों के काश्तकारों ने मुआवजे की रकम न मिलने को लेकर याचिका दायर की है।

# मुख्य स्नान पर्व पर बंद रहेगा पुल का निर्माण काय

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** गंगा नदी पर रेलवे पुल का निर्माण माघ मेला के दौरान भी जारी रहेगा। सिर्फ मुख्य स्नान पर्वों के दौरान काम ठप रहेगा। मंडलायुक्त संजय गोयल के हस्तक्षेप के बाद इस पर सहमति बनी। गंगा पर रेलवे की ओर से पुल का निर्माण कराया जा रहा है। मेला प्रशासन की ओर से कार्यदायी संस्था रेल विकास निगम लिमिटेड को आयोजन के दौरान पुल का निर्माण रोके जाने के लिए पत्र लिखा गया था। इसके विपरीत रेलवे प्रशासन का तर्क था कि जब पिछले वर्ष मेला अवधि के दौरान कोई दिक्कत नहीं हुई तो इस वर्ष प्रशासन काम रोकने को क्यों कह रहा है। इसी क्रम में मंडलायुक्त की अध्यक्षता में रेलवे और मेला प्रशासन के अफसरों संग बैठक में सिर्फ मुख्य पर्वों के दौरान निर्माण



कार्य रोके जाने पर सहमति बनी। इस बाबत एसडीएम मेला संत कुमार की ओर से रेल विकास निगम लिमिटेड के अपर महाप्रबंधक को पत्र लिखा गया है। इसके अनुसार मुख्य स्नान पर्वों के साथ एक दिन पहले और एक दिन बाद तक निर्माण कार्य रुका रहेगा।

### प्रयागराज के रास्ते रानी कमलपति से अगरतला के बीच चलेगी ट्रेन

**प्रयागराज।** रानी कमलापति से अगरतला के बीच विशेष ट्रेन छह जनरी से चार अप्रैल के बीच चलेगी। यह ट्रेन प्रयागराज से गुजरेगी। रानी कमलापति से ट्रेन प्रत्येक बृहस्पतिवार को दिन में 3.30 चलेगी और शनिवार को रात आठ बजे अगरतला पहुंचेगी। प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर ट्रेन शुक्रवार को भोर में 3.18 बजे आएगी। अगरतला से ट्रेन रविवार को दिन में तीन बजे रवाना होगी और मंगलवार को दिन में 4.35 बजे रानी कमलापति स्टेशन पर पहुंचेगी। छिवकी स्टेशन पर ट्रेन मंगलवार को भोर में 4.40 बजे आएगी।

### खाते से उड़ा दिए हजारों रुपये

**प्रयागराज।** सिविल लाइंस में मुखर्जी रोड की रहने वाली विनीता पत्नी हेमंत सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि साइबर शातिरों ने दो बैंक एकाउंट से 50 हजार रुपए ट्रांसफर कर लिए। विनीता के मुताबिक, उनके बेटे अश्मित के मोबाइल पर किसी शख्स ने फोन कर खुद को आर्मी अफसर बताया। मकान के सिलसिले में बातों में उलझाकर बैंक से जुड़ी जानकारी हासिल कर ली। इसके बाद एसबीआई और एचडीएफसी बैंक के खातों से दो बार में रुपये ट्रांसफर कर लिए। सिविल लाइंस पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दो मोबाइल नंबर के आधार पर जांच हो रही है।

# इलाहाबाद विश्वविद्यालय : पांच हजार रुपये यूजर चार्ज पर समझौता, अनशन खत्म

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय के हॉस्टलों में रहने वाले छात्रों को अब अधिकतम पांच हजार रुपये यूजर चार्ज के रूप में जमा करने होंगे। इविवि प्रशासन की ओर से यह निर्णय लिए जाने के बाद डीएसडब्ल्यू कार्यालय के बाहर जारी छात्रों का आमरण अनशन छठवें दिन यानी सोमवार को समाप्त हो गया। कला संकाय के डीन प्रो. हेरंब चतुर्वेदी ने जूस पिलाकर छात्रों का अनशन समाप्त कराया। छात्र इसे अपनी जीत बता रहे हैं।इविवि प्रशासन ने कोविड काल में हॉस्टल आवंटित नहीं किए थे और न ही छात्रों से कोई शुल्क लिया था। इसके बावजूद तमाम कमरों के ताले टूट गए और छात्र वहां रहने लगे। हॉस्टलों के अधीक्षकों की रिपोर्ट पर इविवि प्रशासन ने 1097 छात्रों को यूजर चार्ज जमा करने का नोटिस जारी किया था और उनकी डिग्री एवं मार्कशीट रोक ली गई थी। इनमें से नौ छात्रों को 10-10 हजार रुपये और बाकी छात्रों को 15-15 हजार रुपये यूजर चार्ज जमा करने का नोटिस दिया गया था, जिसके विरोध में छात्र आमरण अनशन पर बैठ गए थे। इस दौरान तबीयत बिगड़ने पर 39 छात्रों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिनमें सक एक छात्र को डेंगू भी हो गया। जिला प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद छात्रों ने शर्त रखी कि अगर अधिकतम पांच हजार रुपये यूजर चार्ज निर्धारित किया जाता है तो वे अनशन समाप्त कर देंगे और यूजर चार्ज भी जमा कर देंगे। इविवि प्रशासन ने छात्रों की मांग के निराकरण के लिए एक कमेटी बना दी थी, जिसने अधिकतम पांच हजार रुपये यूजर चार्ज लिए जाने का प्रस्ताव कुलपति के सामने रखा। कुलपति प्रो. संगीता श्रीवास्तव ने प्रस्ताव पर अपनी मुहर लगा दी, जिसके बाद डीन आर्ट्स प्रो. हेरंब चतुर्वेदी ने छात्रों के बीच जाकर यह सूचना दी। उन्होंने छात्रों को जूस पिलाकर आमरण अनशन समाप्त कराया। इस मौके पर हरिओम यादव, विश्वजीत सिंह, सत्यम कुशवाहा, अभिषेक द्विवेदी, राहुल पटेल, विपिन कुमार आदि मौजूद रहे।



नारेबाजी करते छात्र

### यूजर चार्ज के समायोजन की उठी मांग

इविवि छात्रसंघ की पूर्व अध्यक्ष डॉ. ऋचा सिंह का कहना है कि वर्ष 2015 के बाद छात्रसंघ के नाम पर वसूली जाने वाली फीस का उपयोग छात्र कल्याण के लिए किए जाने का प्रावधान है। छात्र नियमित रूप से शुल्क जमा कर रहे हैं। डॉ. ऋचा सिंह ने इविवि प्रशासन से मांग की है कि पांच हजार रुपये यूजर चार्ज को इसी मद में समायोजित कर दिया जाए।

छात्र विषम परिस्थितियों का हवाला देते हुए अधिकतम पांच हजार रुपये यूजर चार्ज की मांग कर रहे थे। उनकी मांगें मान ली गईं हैं। हालांकि इसकी वजह से बिजली के बिल का अतिरिक्त भार बनेगा, जो एक करोड़ रुपये से ज्यादा है और विश्वविद्यालय को इसे अपने स्तर पर ही निस्तारित करना पड़ेगा।

**डॉ. जया कपूर, पीआरओ, इविवि**

## पानी संकट से जूझ रहे चकिया के 600 परिवार

**प्रयागराज।** चकिया के छह सौ परिवारों को आज भी पानी संकट से निजात नहीं मिली है। क्षेत्र के दो मिनी नलकूप खराब होने से दो मोहल्लों में पानी का संकट है। करबला के आरकेपुरम और मोहम्मदी मस्जिद के पास नई आबादी के लिए अन्य नलकूपों से जलापूर्ति की व्यवस्था की गई है। दोनों मोहल्लों की आबादी को नलकूपों से अलग-अलग समय पर जलापूर्ति की जा रही है। क्षेत्र के पार्षद मोहम्मद आजम ने बताया कि जल संकट से प्रभावित आबादी के लिए अधिक समय तक नलकूप चलाए जा रहे हैं। पार्षद के मुताबिक जलकल विभाग से नलकूप दुरुस्त करने का सिर्फ आश्वासन मिल रहा है।

# उरुवा बीआरसी में शारदा अभियान के अंतर्गत प्रशिक्षण संपन्न

**अखंड भारत संदेश**

**सिरसा।** विकास खंड उरुवा के ब्लॉक संसाधन केंद्र(बीआरसी) में राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय लखनऊ,उत्तर प्रदेश से प्राप्त निर्देश के अनुक्रम में तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,प्रयागराज के आदेशानुपालन में 10 दिसंबर 2021 से बीआरसी उरुवा के सभागार में ₹ शारदा प्रशिक्षण ₹ आउट ऑफ स्कूल बच्चों के विशेष शिक्षण हेतु नोडल शिक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण 13 दिसंबर 2021 को सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में विकास खण्ड के सभी 111 परिषदीय विद्यालयों से नामित एक-एक नोडल शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण दो बैच में दो अलग-अलग प्रशिक्षण हाल में एक साथ चला। प्रशिक्षण को जनपद से उक्त प्रशिक्षण के सन्दर्भदाता के रूप में प्रशिक्षित एआरपी द्वय

### एक भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे,इसके लिए शिक्षकों को दिया जा रहा प्रशिक्षण



सुनील कुमार शुक्ल एवं राजेश मिश्र ने सुगमतापूर्वक सम्पन्न किया। प्रशिक्षण में विकास खण्ड के शेष दोनों एआरपी क्रमशः प्रीतम दास एवं विमलेश कुमार यादव भी सहयोगी के रूप में उपस्थित रहे। सन्दर्भदाता सुनील कुमार शुक्ल ने प्रशिक्षणार्थियों को न केवल शारदा कार्यक्रम की विधिवत जानकारी दी बल्कि आउट ऑफ स्कूल बच्चों के चिन्हीकरण,उनके नामांकन और उनके विशेष शिक्षण हेतु निर्धारित विषयों के रुचिकर शिक्षण हेतु विभिन्न गतिविधियों के बारे में बताया और कई गतिविधियां प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों से भी कराई। सुनील शुक्ल ने शिक्षकों से विशेष रूप से अपील की कि आउट ऑफ स्कूल बच्चों के चिन्हीकरण हेतु वास्तविक हाउस होल्ड सर्वे करें अर्थात सेवित क्षेत्र के प्रत्येक घर तक अपनी पहुँच सुनिश्चित करें तभी सभी आउट ऑफ स्कूल बच्चों तक पहुँच सुनिश्चित होगी। उन्होंने शिक्षकों को यह भी बताया कि केवल इनके चिन्हीकरण एवं नामांकन कर लेने मात्र से ये बच्चे शिक्षा की मुख्य धारा से नहीं जुड़ पाएंगे,इस हेतु उनका विद्यालयों में ठहराव और रुचिपूर्ण शिक्षण भी सुनिश्चित करना होगा ताकि ये अपनी आयु संगत कक्षाओं के लायक बन सकें तभी ये मुख्य धारा से जुड़ पाएंगे। उन्होंने कहा यह हम सभी शिक्षकों के लिए एक चुनौती है और हमें इस चुनौती को सफलतापूर्वक पूरा करना है। उन्होंने शिक्षकों को यह भी बताया कि सबसे बड़ी चुनौती इस कोविड-19 के दौर में उन बच्चों की है जो शिक्षा की मुख्य धारा से विरत होकर किसी अर्निंग स्त्रोत से जुड़ गए हैं या कोई नवीन जिम्मेदारी का वहन करने लगे हैं और उन्हें उसमें आनन्द मिलने लगा है,ऐसे बच्चों को पुनः स्कूल तक लाने और शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने में कठिनाई तो होगी किन्तु इस हेतु समुदाय और समुदाय के प्रबुद्ध और प्रभावी लोगों का सहयोग लेकर इस चुनौती से पर पाया जा सकता है। अतः हमें समुदाय से संपर्क बनाने और सहयोग प्राप्त करने पर भी कार्य करना होगा। इसी प्रकार राजेश मिश्रा ने प्रशिक्षण से जुड़ी विभिन्न बारीकियों और शारदा मोबाइल एप्प के बारे में शिक्षकों को विस्तारपूर्वक बताया तथा अपील की कि प्रशिक्षण में सीखी गयी समस्त बातों को वे अपने-अपने विद्यालयों में इन बच्चों हेतु अनिवार्यरूप से प्रयोग करें ताकि शारदा कार्यक्रम अपने उद्देश्य को प्राप्त कर सके। अंत मे प्रशिक्षण के समापन के समय खण्ड शिक्षाधिकारी उरुवा राजेश यादव ने सभी शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें सभी 6-14 वर्ष के छात्रों को उनके शिक्षा के अधिकार को दिलाने हेतु कृतसंकल्पित होना होगा और इसके लिए ईमानदारी से सम्यक प्रयास करते हुए प्रशिक्षण में सीखी गयी बारीकियों को छात्रों पर अनिवार्यतः लागू करना होगा तभी इस प्रशिक्षण का उद्देश्य पूर्ण होगा। अन्ततः उन्होंने सभी शिक्षकों को पूर्ण तन्मयता से प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने हेतु एवं सन्दर्भदाताओं को प्रशिक्षण कुशलता पूर्वक सम्पन्न कराने हेतु धन्यवाद ज्ञापित करते हुए प्रशिक्षण के विधिवत पूर्ण होने की घोषणा की। जिसके साथ प्रशिक्षण समाप्त हुआ। उक्त अवसर पर विभिन्न परिषदीय विद्यालयों के नोडल शिक्षक उपस्थित रहे।

### प्रदर्शनी में दिया ऊर्जा सरंक्षण का संदेश

**प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे की ओर से आयोजित ऊर्जा सरंक्षण सप्ताह के अंतर्गत सोमवार को महाप्रबंधक कार्यालय परिसर में प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें ऊर्जा सरंक्षण से संबंधित उपकरणों का प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर गोष्ठी का भी आयोजन हुआ। महाप्रबंधक प्रमोद कुमार ने ऊर्जा सरंक्षण के लिए रेलवे में किए जा रहे प्रयासों तथा योजनाओं की जानकारी दी। एमएनएनआईटी के प्रोफेसर राजेश गुप्ता ने बिजली उत्पादन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में अपर महाप्रबंधक रंजन यादव, प्रधान मुख्य बिजली इंजीनियर सतीश कोठारी, अनुराग गुप्ता आदि मौजूद रहे।


### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय जीवन बीमा निगम पालिसी संख्या 311 3650 97 में भूल बस किशन कुमार पुत्र हीरालाल पाल लिख गया है जो गलत है मेरा सही नाम संतोष कुमार पुत्र हीरालाल निवासी गनपा चकिया पोस्ट गनपा जिला कौशांबी है।

# नर्वदेश्वर मंदिर में भगवान भोलेनाथ का हुआ अभिषेक

## भगवान राम के बाद देदीप्यमान हुए काशी के बाबाः संतोष मिश्रा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** ग्राम सभा बसीरपुर में नर्वदेश्वर भगवान की विधि विधान से पूजा सोमवार को हुई। भगवान भोलेनाथ का विधिवत अभिषेक किया गया। उधर जैसे ही काशी विश्वनाथ में मंदिर में भोलेनाथ की पूजा करते हुए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिव्य काशी कॉरिडोर को लोगों के लिए खोला वैसे ही ग्राम सभा बसीरपुर के बूथ संख्या 78 व 79 में स्थित पौराणिक नर्वदेश्वर मंदिर में भोले नाथ नाथ का विधिवत अभिषेक करते हुए पूजा अर्चना हुई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि किसान मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संतोष मिश्रा ने स्वयं गांव वालों के साथ शिवजी के मंदिर की साफ सफाई की और पूजा अर्चना की। भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया गया। सुंदरकांड के पाठ के बाद भगवान भोलेनाथ की आरती उतारी गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संतोष मिश्रा ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राम मंदिर के बाद दिव्य बाबा विश्वनाथ के लिए जो किया है वह विश्व के लिए अनुकरणीय है। इस अवसर पर सुभाष चंद्र मिश्रा, पंडित शिवपूजन त्रिपाठी, चंद्रमणि मिश्र, सतीश चंद्र मिश्र, गंगा प्रसाद सिंह, पप्पू विश्वकर्मा, साधु प्रजापति, बाबुल पटेल, अंकुर पांडेय, दुर्गा प्रसाद तिवारी, देवी प्रसाद तिवारी, शिव तिवारी, कमला तिवारी, लक्ष्मीनारायण मिश्र, राम सजीवन मिश्रा, सूर्य प्रकाश मिश्र, नंदलाल पांडेय, सहित अनेकों लोग कार्यक्रम में सहभागिता करते दिखाई दिए। कार्यक्रम का संचालन देवी शंकर मिश्रा ने किया।


नर्वदेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना करते संतोष मिश्रा

## शौचालय का गड्ढा खोदते समय हुई पिटाई

**पट्टी, प्रतापगढ़।** शौचालय का गड्ढा खोद रहे एक युवक और एक महिला को दबंगों ने लाठी-डंडे तथा कुल्हाड़ी से हमला करके घायल कर दिया। पीड़िता ने मामले में थाने पर तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। कंधई थाना क्षेत्र के खूझी कला गांव के शीतला प्रसाद पुत्र लालजी का आरोप है कि 7 फीट गड्ढे की खुदाई के दौरान गांव के तीन लोग उसे लाठी डंडा और कुल्हाड़ी से जमकर मारा पीटा बचाने आई। उसकी मां को कमला देवी को भी आरोपियों ने मार कर जख्मी कर दिया। इस संबंध में पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# सात देशी बमों के साथ दबोचा गया अन्तर्जनपदीय बदमाश

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सीओ रामसूरत सोनकर ने जानकारी देते हुए बताया कि बारह दिसंबर की रात लालगंज कोतवाल कमलेश पाल पुलिस फोर्स के साथ वाहन चेकिंग कर रहे थे। लीलापुर पुलिस चौकी के वैद्य का पुरवा के पास से तिलौरी गांव के एक शातिर अपराधी अब्दुल हकीक पुत्र शमसाद को पुलिस ने धर दबोचा। तलाशी लेने पर आरोपी के पास से बरामद सात बम देख पुलिस आवाक रह गयी। पूछताछ मे आरोपी ने बताया कि वह लोगों को डरा धमका कर पैसे वसूली के प्रयास मे निकला था। सीओ ने बताया कि आरोपी हकीक पूर्व मे लालगंज कोतवाली व बाराबंकी जिले के लोनी कटरा थाना क्षेत्र मे लूटपाट एवं जिले के भी रानीगंज व जेठवारा थाना क्षेत्र मे मारपीट व हत्या के प्रयास जैसी घटनाएं अंजाम दे चुका है। दबोचे गये शातिर बदमाश हकीक के खिलाफ प्रतापगढ़ जिले के रानीगंज व कंधई लालगंज व जेठवारा एवं बाराबंकी जिले के लोनी कटरा थानों मे आधा दर्जन से अधिक लूट एवं छिनैती तथा धोखाधडी और गैंगेस्टर एक्ट जैसे गंभीर आपराधिक केस दर्ज है। पुलिस गिरफ्त मे आये हकीक सूनसान स्थान पर लोगों को डरा धमकाकर रुपए की वसूली किया करता है। कोतवाली पुलिस की सफलता पर एसपी सतपाल अंतिल तथा एएसपी पश्चिमी रोहित मिश्र ने जिले मे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत इसे लालगंज कोतवाली के द्वारा बड़ी कामयाबी करार दिया गया। सीओ रामसूरत सोनकर ने टीम मे शामिल कोतवाल कमलेश कुमार पाल, एसआई सुनील कुमार, आरक्षी अजीत सिंह, राहुल सिंह, राजकिशोर चौहान, महेश चौधरी एवं चालक आनन्द यादव को प्रशस्ति के लिए एसपी को संस्तुति भी किया है।

# बेसहारा स्कूली बच्चों को मिला बैग और स्वेटर

## जगेसरगंज हतसारा के बच्चों को बीबीएफजी ने की मदद

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जगेसरगंज के हतसारा गांव में सोमवार को पहुंचे बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी के लोगों ने बेसहारा ज्योति यादव और उसके भाई बहनों को स्कूली बैंग और स्वेटर देकर मदद की। अब ज्योति फिर से स्कूल जा सकेगी। चीजें पाकर बच्चे खुश नजर आये।

ज्योति के चार भाई बहन है। दो साल पहले मां-बाप की मौत के बाद ज्योति ही सबकी देखभाल कर रही है। वह जगेसरगंज स्थित इंटर कालेज में 9 की छात्रा है। छोटा भाई पवन भी इसी स्कूल में 7 में पढ़ता है। चन्दन, करण और खुशी घर के नजदीक के प्राइमरी स्कूल में पढ़ते हैं। माता पिता के गुजरने के बाद बीबीएफजी के लोगों ने इन बच्चों को सहारा दिया है। इनकी शिक्षा के साथ जरूरत की अन्य चीजों में मदद करता आ रहा है। सोमवार को ज्योति ने बताया कि उसका बैग फट गया है। इसलिए वह स्कूल नहीं जा पा रही है। खबर पाते ही बीबीएफजी के साथी सतेन्द्र मोदनवाल और रमेश नटराज बस्ता और भाई बहनों के लिए स्वेटर लेकर ज्योति के घर पहुंच गये।

## बीबीएफजी का कैम्प आज

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा रोटरी क्लब प्रतापगढ़ सेंट्रल और बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी के सौजन्य से 14 दिसंबर को कोविशिल्ड टीकाकरण का कैम्प लगेगा। रेलवे स्टेशन रोड स्थित रिवर डेल पब्लिक स्कूल में कैम्प का आयोजन किया गया है। यह जानकारी स्कूल के प्रिंसिपल मोहम्मद इमरान खान ने दी है।

# पुरुष में पीबीपीबी कालेज व महिला में एमडीपीजी कालेज विजयी

## अर्न्तमहाविद्यालयीय फुटबाल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रताप बहादुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्रतापगढ़ सिटी में अर्न्तमहाविद्यालयीय फुटबाल (महिला/पुरुष) टीम चयन की प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डा0 बृजभानु सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। मुख्य अतिथि के रुप में जिला क्रीड़ाधिकारी पूनम राज तथा विशिष्ट अतिथि के रुप में विश्वविद्यालय के क्रीड़ा सचिव डा0 पीके पचौरी रहे तथा आबर्जर डा0 पीके सिंह रहे।

प्रतियोगिता में पांच महाविद्यालयों की पुरुष टीमों ने हिस्सा लिया। प्रथम लीग मैच पीबीपीजी कालेज एवं एमडीपीजी कालेज के बीच खेला गया जिसमें पीबीपीजी कालेज की टीम विजेता रही। द्वितीय लीग मैच कुंती देवी महाविद्यालय एवं शंभूनाथ डिग्री कालेज प्रयागराज के बीच खेला गया जिसमें कुंती देवी महाविद्यालय की टीम विजेता रही। फाइनल मैच पीबीपीजी कालेज और कुंती देवी महाविद्यालय के बीच खेला गया जिसमें पीबीपीजी कालेज की टीम 1-0 से विजेता रही। महिला फुटबाल टीम की प्रतियोगिता एमडीपीजी कालेज और पीबीपीजी कालेज के बीच जिसमें एमडीपीजी कालेज की टीम पेनाल्टी सूटआउट के माध्यम से 2-1 से विजयी हुई। महाविद्यालय के जनसूचना अधिकारी डा0 धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि प्रो0 राजेन्द्र सिंह विश्वविद्यालय के टीम के चयन के लिये ट्रायल सम्पन्न हुआ जिसमें 32 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर डा0 उपेन्द्र कुमार सिंह, डा. अनूप सिंह, अजीत सिंह, अजय सिंह, डा. देवेश सिंह, डा. सीपी पाण्डेय, डा. अखिलेश मोदनवाल, संदीप मौर्या, बालेन्दु भूषण सिंह आदि लोग मौजूद रहे।


फुटबाल प्रतियोगिता में विजयी टीम के साथ प्राचार्य डा0 बृजभानु सिंह

# बैटरी रिक्शा की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत

## छह बहनों में एकलौते भाई की मौत से घर में मचा कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर के बलीपुर मोहल्ले में रायल गार्डेन के सामने रविवार की रात लगभग साढे. दस बजे मोटरसाइकिल से आ रहे 25 वर्षीय युवक दीपक चौधरी को बैटरी रिक्शा ने टक्कर मार दिया जिससे उसकी दुखद मौत हो गई।

नगर के स्टेशन रोड के समीप जैन गली में महादेव धोबी की दुकान है और उसी गली में उनका परिवार रहता है। महादेव धोबी का इकलौता पुत्र दीपक चौधरी अपनी मोटरसाइकिल से रविवार की रात सरोज चौराहे से अपने घर आ रहा था। रास्ते में रायल गार्डेन के सामने पहुंचते ही एक रिक्शा चालक ने टक्कर मार दी जिससे मोटरसाइकिल से वह गिरकर लहूलुहान हो गया और थोड़ी ही देर में उसकी जान निकल गई। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया। सोमवार को उसका पोस्टमार्टम किया गया। पोस्टमार्टम के बाद दीपक का शव जैसे ही जैन गली में उसके आवास पर लाया गया तो पूरे स्टेशन रोड और जैन गली का मजमा उमड़ पड़ा था। दीपक छह बहनों में अकेला भाई था। उसकी शादी पिछले साल मई में हुई थी। वह मुम्बई में रहता था लेकिन उसकी मां ने उसे रोककर पिता के कारोबार में सहयोग मांगा था लेकिन उसे क्या पता था कि उसे मौत इतनी जल्दी छीन लेगी।


दीपक चौधरी की मौत पर रोते-बिलखते परिजन

## निमंत्रण से घर लौट रहे युवक पर बदमाशों ने झोंका फायर


**पट्टी, प्रतापगढ़।** निमंत्रण खाकर घर वापस लौट रहे एक युवक पर ढकवा बाजार में बदमाशों ने फायरिंग झोंक दिया। गोली उसके पैर में लगी जिससे वह लहूलुहान होकर नीचे गिर गया। घटना के बाद शोर-शराबा होने पर पहुंचे मौजूद लोगों ने उसे इलाज के लिए सीएससी अमरगढ़ भेज दिया। जहां पर उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। ढकवा गांव निवासी जय मौर्य रविवार की शाम सात बजे निमंत्रण खाकर घर वापस लौट रहा था। ढकवा बाजार के समीप जैसे वह पहुंचा, घात लगाए बैठे बदमाशों ने उसके ऊपर फायर झोंक दिया जिससे वह जख्मी हो गया। गोली उसके पैर में लगी। चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़े तो बदमाश वहां से फरार हो गए। मौजूद लोगों ने युवक के परिजनों को सूचना देकर उसे अमरगढ़ इलाज के लिए भिजवा दिया, जहां पर गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# एक सप्ताह चले विशेष सफाई अभियान का हुआ समापन

## सफाई के साथ फागिंग व एंटी लार्वा का हुआ शहर भर में छिड़काव

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शासन द्वारा सात दिसम्बर से 13 दिसम्बर तक चलाये गये विशेष सफाई अभियान के तहत नगर पालिका बेल्हा ने पूरे शहर में सघन सफाई अभियान के साथ ही एंटी लार्वा का छिड़काव तथा फागिंग का कार्य किया। अभियान के अंतिम दिन सोमवार को बलीपुर मोहल्ले में बड़े नाले की सफाई कर उसका सिल्ट भी उठा लिया गया। इसके अलावा नगर में चिन्हित 90 स्थानों पर कूड़ा उठाया गया। यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि नगर पालिकाध्यक्ष प्रेमलता सिंह तथा अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह द्वारा विशेष सफाई अभियान की बनाई गई कार्य योजना के अनुरुप शहर मे व्यापक स्तर पर सफाई के साथ फागिंग व एंटी लार्वा का छिड़काव किया गया। इस कार्य में स्वच्छ भारत मिशन के वरुण कुमार सिंह तथा सफाई प्रभारी प्रशांत सिंह का भी विशेष सहयोग रहा। इस तरह एक सप्ताह तक चले सफाई अभियान का सोमवार को समापन कर दिया गया। सफाई निरीक्षक ने आगे बताया कि नियमित सफाई का कार्य शहर में चलता रहेगा।



वार्ड में झाड़ू लगाकर साफ-सफाई करते सफाई कर्मचारी।

## ससुर ने दामाद पर चाकू से किया हमला

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पत्नी को विदा कराने के लिए अपनी ससुराल गए युवक पर रात में उसके ससुर ने चाकू से हमला कर दिया। किसी तरह वह जान बचाकर भागा तो थाने पहुंच गया और तहरीर देकर आरोपी ससुर पर कातिलाना हमले की तहरीर दी है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के महदहा गांव निवासी कमलेश पुत्र राम अभिलाख बीते 11 दिसंबर को अपनी पत्नी खुशबू को उसके मायके घरहिया गया थाना आसपुर देवसरा लाने के लिए गया था। कमलेश का आरोप है कि उसे मारने के उद्देश्य से उसके ससुर तथा साले तथा एक महिला ने साजिशन उसके ऊपर चाकू से हमला कर दिया। पीड़ित वहां से भागना चाहता उसकी मोटरसाइकिल छीन लिए। किसी तरह जान बचाकर वहां से भाग आया। उसके बाद वह आसपुर देवसरा थाने में आरोपी ससुर तथा अन्य आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

# तिलक इंटर कालेज में स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न


छात्र-छात्राओं को जानकारी देते स्काउट मास्टर

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** लोकमान्य तिलक इंटर कालेज परिसर में तीन दिवसीय स्काउट गाइड प्रगतिशील प्रशिक्षण प्रथम सोपान शिविर का शुभारंभ स्काउट मास्टर प्रकाश त्रिपाठी व कुमार गौरव पाण्डेय द्वारा कराया गया जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जनपद संस्था के जिला प्रशिक्षण आयुक्त संजीव शर्मा, प्रशिक्षक दीपक बरनवाल व प्रीती यादव ने प्रशिक्षण में स्काउटिंग का इतिहास, प्रार्थना, झंडागीत, प्रतिज्ञा, नियम, सिद्धान्त, सैल्यूट, अनुशासन, टोली विधि आदि विषयों की जानकारी दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार तिवारी ने छात्र-छात्राओं को नियमित प्रशिक्षण हेतु प्रोत्साहित किया तथा स्काउटिंग के महत्व को बताया। इस मौके पर विद्यालय परिवार के संतोष पाण्डेय, आलोक त्रिपाठी, महेन्द्र त्रिपाठी, गिरेन्द्र द्विवेदी, गिरजा शंकर उपाध्याय, विनोद यादव, अजय तिवारी, आनंद प्रकाश तिवारी, मनोरमा आदि लोग मौजूद रहे।

## आरक्षण कार्यालय में घुसे दंपति, हंगामा

**प्रतापगढ़।** स्थानीय जक्शन के रेलवे आरक्षण कार्यालय में सोमवार को दंपति के घुस जाने की वजह से हंगामा खड़ा हो गया। मारपीट की सूचना पर पहुंची आरपीएफ ने लोगों को शांत कराया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दोपहर में आरपीएफ थाने को सूचना मिली कि एक दंपती आरक्षण कार्यालय में घुस गये हैं। जिससे कार्य बाधित हो रहा है। इससे बाहर खड़े लोग हंगामा करना शुरू कर दिया। मामले की जानकारी मिलते ही आरपीएफ सिपाही दफ्तर पहुंच गये। किसी तरह मामले को शांत कराया। चर्चा यह भी है कि दंपति टिकट लेने गये थे। पति की पिटाई कर दी गई। पिटने वाला व्यक्ति वकील बताया जा रहा है। हालांकि इस संबंध में किसी ने तहरीर नहीं दी है। मारपीट के मामले में आरपीएफ भी मौन है।

## मनोरोगी कोटेदार ने की आत्महत्या, कोहराम

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मानसिक रूप से परेशान चल रहे दिव्यांग कोटेदार ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दिव्यांग कोटेदार की आत्महत्या को लेकर परिजनो मे कोहराम मच गया। कोतवाली के उमापुर गांव निवासी ननकऊ रजक के पुत्र सुभाषचंद्र रजक (30) ने रविवार की रात आठ बजे घर के सामने नीम के पेड़ से साड़ी का फन्दा बनाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पत्नी उस समय अपनी एक बेटी की दवा कराने बाहर गयी थी। पारिवारिक सूत्रों ने मृतक को मनोरोगी बताया है।

# अपर जिला मजिस्ट्रेट ने 15 गुण्डों को किया जिला बदर

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जनपद प्रतापगढ़ के जिन व्यक्तियों का आस-पास के क्षेत्रों में आतंक व भय व्याप्त है और उनके विरूद्ध कोई भी व्यक्ति कुछ बोलने अथवा साक्ष्य देने का साहस नही करता है ऐसे व्यक्तियों के विरूद्ध अपर जिला मजिस्टेज्ट (वि0/रा0) सुनील कुमार शुक्ल ने गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत धारा-3(3) के तहत कार्यवाही करते हुये 15 गुण्डों को जनपद की सीमा से 06 माह के लिये निष्कासित कर दिया है। अपर जिला मजिस्टेज्ट ने जिन 15 गुण्डों को जिला बदर किया है।

उनमें थाना मानधाता अन्तर्गत ग्राम चंघईपुर के मुक्तदीर सुत शमीम, थाना नवाबगंज ग्राम सिंदुराईपुर के रजनलाल लोधी सुत शिव बालक व टिकियामऊ कुसुवापुर के राजू सरोज सुत कल्लू सरोज, थाना फतनपुर ग्राम साढ के विजय राज पाण्डेय सुत उमाशंकर पाण्डेय व प्रशान्त पाण्डेय सुत विजय राज पाण्डेय, थाना रानीगंज ग्राम सवैया के मो0 सईद सुत रईस, थाना कंधई ग्राम दोहरी तकिया के करामू सुत बाबू, थाना कुण्डा ग्राम बरई के नूरे सुत महबूब, थाना उदयपुर ग्राम उछापुर के मनोज कुमार गौड़ सुत बाबूलाल गौड़, थाना लालगंज ग्राम सराय संग्राम सिंह के सजन लाल गौतम सुत कल्लू, थाना मानिकपुर ग्राम कुशाहिल डीह के संजय सुत हरीलाल, थाना पट्टी ग्राम बेलारामपुर के निशाकान्त यादव सुत बच्चालाल, थाना फतनपुर सुरवामिश्रपुर के अवधेश कुमार यादव सुत रघुवीर यादव व थाना हथिगंवा ग्राम चिरैया महेंवा मोहनपुर के संजय सुत जगन्नाथ और शंकर लाल सुत जगन्नाथ के नाम शामिल हैं।

## श्रेया सिंह का प्रोजेक्ट राज्य स्तीय प्रस्तुति के लिये चयन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय विज्ञान प्रौद्योगिकी संचार परिषद विकास प्रयागराज के संयुक्त तत्वावधान में 29वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का जिला स्तरीय कार्यशाला जिला समन्वयक डा0 विनोद शुक्ला के मार्गदर्शन में 18 व 19 नवम्बर को आनलाइन आयोजित की गई थी जिसमें प्रतापगढ़ से 35 बाल वैज्ञानिकों ने अपने प्रोजेक्ट की प्रस्तुति दी थी जिसका परिणाम आज घोषित हुआ जिसमें प्रतापगढ़ से राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक श्याम प्रकाश मौर्य के मार्गदर्शन में उच्च प्राथमिक विद्यालय मल्हूपुर मानधाता की कक्षा आठ की छात्रा श्रेया सिंह का प्रोजेक्ट राज्य स्तरीय प्रस्तुति के लिये चयन हुआ। छात्रा के मार्गदर्शन में विशेष योगदान कार्यक्रम समन्वयक नवनीत शुक्ल का रहा।

## जबरन ट्रैक्टर छीन ले जाने का आरोप

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** ट्रैक्टर खरीदने के बाद भी खरीददार को ट्रैक्टर का विक्रेता जबरन उसका ट्रैक्टर छीन ले गए। जब पीड़िता की थाने पर सुनवाई नहीं हुई तो उसने मुख्यमंत्री तथा महिला आयोग से शिकायत करके कार्यवाही की मांग की है। थाना कंधई क्षेत्र के सरवरपुर गांव के रहने वाली घुटुहरा देवी पत्नी राम शिरोमणि गुप्ता का आरोप है कि वह गांव कि एक व्यक्ति से ट्रैक्टर खरीदा था। उसका पैसा जमा कर देने के बाद भी जबरन उसके घर से ट्रैक्टर आरोपी द्वारा छीन लिया गया और जान से मारने की धमकी तथा गाली गलौज आरोपियों द्वारा दिया गया। कन्हई थाने में सूचना देने पर भी जब कोई कार्यवाही नहीं हुई तो पीड़िता ने मुख्यमंत्री सहित महिला आयोग को पत्र लिखकर मामले में कार्यवाही की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### ट्रेन की टक्कर से युवक की मौत

**भरवारी कौशाम्बी।** कोखराज थाना अंतर्गत भरवारी रेलवे क्रासिंग पार करते समय कान में मोबाइल की लीड लगाकर गाना सुन रहा एक युवक ट्रेन हादसे का शिकार हो गया है जिससे युवक की मौके पर मौत हो गई है सूचना पाकर मौके पर जीआरपी पुलिस सिराथू पहुंची पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है काफी प्रयास के बाद भी मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है घटना सोमवार की सुबह ग्यारह बजे की है।

### चौकीदारों ने की बरियावा पुलिस चौकी की सफाई

**बेनीराम कटरा कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र की पुलिस चौकी बरियावा में सफाई कर्मियों ने रविवार को साफ सफाई अभियान चलाया है सुबह से ही सफाई कर्मी सफाई में लग गए हैं और पुलिस चौकी की सफाई कर चौकी को साफ किया है इस मौके पर चौकी इंचार्ज ने कहा कि स्वच्छता अभियान के तहत पुलिस चौकी की सफाई कराई गई है।

## कौशांबी जनपद का भरवारी में खुला पहला सुपर ईस्टोर

**उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रांतीय महामंत्री रमेश अग्रहरि ने कहा कि महानगरों में उपलब्ध होने वाली सुविधाएं अब भरवारी में भी उपलब्ध**

अखंड भारत संदेश


ईस्टोर का उद्घाटन करते रमेश अग्रहरि सूचनाधिकारी व अन्य

**भरवारी कौशांबी।** नगर पालिका परिषद भरवारी में कौशांबी जनपद का पहला सुपर ई स्टोर का केंद्र खुल गया है केंद्र का उद्घाटन जिला सूचना अधिकारी कौशांबी रमेश अग्रहरि प्रांतीय महामंत्री उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल बाबूजी बांकेलाल केसरवानी योगेंद्र सिंह पत्रकार द्वारा सयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया उद्घाटन के अवसर पर जिला सूचना अधिकारी ने कहां कि जनपद के विकास की कड़ी में अरुण केसरवानी पत्रकार द्वारा ईस्टोर खोलकर बहुत ही सराहनीय कार्य किया गया है उन्होंने कहा कि लोगों को इस तरह की सुविधाएं बड़े-बड़े शहरों में बिग बाजार आदि में सुविधाएं मिल पाती थी लेकिन ई स्टोर इंडिया नगर पालिका भरवारी में खुल जाने से जनपद वासियों को एक जगह ही सस्ते दाम पर सभी आवश्यक वस्तुएं मिल जाएंगी रमेश अग्रहरि प्रांतीय महामंत्री उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने ई स्टोर इंडिया खोले जाने की भूरी भूरी प्रशंसा की और कहा कि महानगरों में उपलब्ध होने वाली सुविधाएं अब भरवारी में भी उपलब्ध है। उद्घाटन समारोह में संपादक योगेंद्र सिंह संजय सिंह भोले टीम हेड आशीष गुप्ता अनूप कुमार साहू, राणा, राजेश कुमार, शिवकुमार, सुभाष, महेश्वर जी, सत्येंद्र सिंह पत्रकार, प्रकाश चंद, शेखर रस्तोगी, संजीव कुमार, रश्मि, सोनिया राजपूत, नितिन चौधरी, विक्कू, वंदना केसरवानी,निधि शिव चंद्रिका त्रिपाठी, संजय तिवारी, मोहम्मद आसिफ, सहनवाज सिद्दीकी, कमल कुमार, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### एयर फोर्स रिटायर्ड अधिकारी और उसके बेटे पर दबंगो ने किया हमला

**काजीपुर कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र के पन्नोई गांव में रिटायर्ड एयरफोर्स अधिकारी और उसके बेटे पर दबंग लोगों ने हमला कर दिया है जिससे पिता पुत्र को चोटे आई हैं घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है खबर लिखे जाने तक मामले में पुलिस ने मुकदमा नहीं दर्ज किया है जानकारी के मुताबिक चरवा थाना क्षेत्र के पन्नोई गांव निवासी शिवलाल यादव पुत्र प्रभु यादव एयर फोर्स से रिटायर्ड अधिकारी है चकबंदी अधिकारी ने खेत में पत्थर लगवा दिया था जिसमें जो पुराने कब्जे वाले थे उनको एक महीने का टाइम चकबंदी अधिकारी ने दिया था कि आप पत्थर हटा लीजिए जो आपकी सही जगह है वहां आप रहिए लेकिन दबंगो ने पत्थर नहीं हटाया चकबंदी अधिकारी द्वारा लगाया गया पत्थर को खुद जब शिव लाल यादव एयर फोर्स रिटायर्ड ऑफिसर पुत्र प्रभु यादव और उनके बेटे रवि यादव खुद से पत्थर हटाने लगे हैं खेत में लगे पत्थर हटाने को लेकर विवाद शुरू हो गया और राजेन्द्र यादव के बेटे मोहित यादव निखिल यादव रोहित यादव तीनो एक राय होकर एयरफोर्स के रिटायर्ड अधिकारी और उनके बेटे पर हमला बोल दिया जिससे पिता-पुत्र को गंभीर चोटें आई हैं घटना के बाद तत्काल 112 नंबर पुलिस को सूचना दी गयी मौके पर पुलिस आई और मामले को शांत कराया उसके बाद चरवा थाना पुलिस भी घटनास्थल पर पहुँची हमले के बाद घटनास्थल पर पहुंची चरवा पुलिस ने घायल पिता-पुत्र से कल थाने आने की बात कहकर वापस चली गई है घायलों का इलाज चल रहा है खबर लिखे जाने तक मामले में मुकदमा नहीं दर्ज हुआ है।

## न्यूज झरोखा

### विधायक सिराथू ने खाद्यान्न वितरित के महाअभियान का किया शुभारंभ



**टेढ़ी मोड़ कौशांबी।** कड़ा ब्लॉक के अन्तर्गत ग्रामसभा कोरियों में निःशुल्क खाद्यान वितरण महाअभियान की शुरूआत सिराथू विधायक शीतला पटेल ने जिलाध्यक्ष श्रीमती अनिता त्रिपाठी के साथ किया है गरीबों के लिए निःशुल्क राशन चना,तेल,नमक आदि का वितरण कर फीता काटकर निशुल्क खाद्यान्न वितरण योजना का शुभारंभ किया है। उचित दर विक्रेता की दुकान में आये हुए ग्रामीण कार्ड धारको को संबोधित करते हुए विधायक शीतला प्रसाद पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अन्तर्गत निःशुल्क अन्न वितरण के द्वारा भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश व केंद्र की सरकार सबको राशन सबको पोषण देने के लिए प्रतिबद्ध है उन्होंने कहा कि मेरे विधानसभा सिराथू सहित सम्पूर्ण प्रदेश के गरीब लोगों की चिंता और पर्याप्त मात्रा में खाद्यान्न उपलब्ध कराने के लिए नरेंद्र मोदी और योगी आदित्यनाथ का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला मंत्री रावेंद्र प्रताप सिंह नानकु मोदनवाल सुनील मिश्रा सर्वदमन चौधरी शैलेंद्र सिंह सहित तमाम ग्रामीण लाभार्थी उपस्थित रहे

### पूजा पाठ यज्ञ हवन के बाद प्राचार्य ने आवास में किया प्रवेश



**भरवारी कौशाम्बी।** भवंस मेहता महाविद्यालय भरवारी में प्राचार्य के पद पर डॉ प्रबोध श्रीवास्तव की नियुक्ति के बाद प्रबंध तंत्र ने उन्हें विद्यालय परिसर में रहने के लिए आवास आवंटित कर दिया है बहुत दिनों से प्राचार्य का आवास बंद था जिस पर आवास अव्यवस्थित था साफ सफाई करने के बाद नए प्राचार्य प्रबोध श्रीवास्तव ने आवास परिसर में पूजा पाठ हवन यज्ञ करवा कर आवास में प्रवेश किया है उन्होंने कहा कि पूजा पाठ हवन यज्ञ से वातावरण शुद्ध होता है और मनुष्य शांति महसूस करता है इस अवसर पर महाविद्यालय के लेक्चरार डॉ सुशील श्रीवास्तव डॉ पंकज श्रीवास्तव डॉ लक्ष्मी कांत मिश्रा डॉ अनुज तिवारी डॉ सी पी श्रीवास्तव डॉ सतीश चंद्र तिवारी डॉ योगेश डॉ नीति मिश्रा डॉ उमा जायसवाल राजेश द्विवेदी डॉ आदिल डॉ धर्मेंद्र अग्रहरी डॉ राहुल राय डॉ अरुण कुमार सिंह कैलाश प्रजापति रविन्द्र कुमार सिंह सहित मेहता महाविद्यालय के समस्त स्टाफ मौजूद रहे और उन्होंने पूजा पाठ हवन यज्ञ के बाद प्रसाद ग्रहण किया है।

## जेसीबी संचालकों का शोषण बर्दाश्त नहीं : अवधेश शुक्ला

**बढ़े भ्रष्टाचार के विरोध में जेसीबी यूनियन ने किया एसडीएम चायल का घेराव**


विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन करते जेसीबी संचालक

**कौशाम्बी।** जेसीबी संचालकों पर प्रशासनिक दबाकर दबाव बनाकर वसूली की चाल यदि प्रशासनिक अधिकारियों ने चली तो उनके खिलाफ आंदोलन तेज कर ईंट से ईट बजाने का काम किया जाएगा। किसी भी दशा में जेसीबी संचालकों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उक्त बातें सोमवार को तहसील परिसर में उप जिलाधिकारी चायल का घेराव करते हुए जेसीबी यूनियन के जिला अध्यक्ष अवधेश नारायण शुक्ल ने कही। इस मौके पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि पिछले दिनों तहसील प्रशासन के द्वारा अवैध रूप से कई जेसीबी संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। जो कि कानूनी रूप से सही नहीं है। यही नहीं इस पूरे कवायद का मकसद जेसीबी संचालकों से वसूली है। ऐसे में यदि प्रशासनिक अधिकारी इस ओर बढ़ते हैं तो जेसीबी यूनियन सड़क पर उतर कर अपने आंदोलन को तेज करेगी और प्रशासनिक अधिकारियों के ईंट से ईट बजाने का काम करेगी। इस मौके पर जेसीबी के लोगों और तहसील के प्रशासनिक अधिकारियों के बीच बैठकर वार्ता हुई जिस दौरान तहसील चायल के उप जिलाधिकारी ने भरोसा दिलाया कि उनके तहसील क्षेत्र में किसी भी जेसीबी संचालक के खिलाफ गैरकानूनी और उत्पीड़नात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी। इस मौके पर प्रमुख रूप से अध्यक्ष अवधेश नारायण शुक्ला, महामंत्री नरेंद्र सिंह पटेल, उपाध्यक्ष जासीन अहमद, लाल यादव, जय कुमार यादव, गुफरान अहमद, विजय कुमार तिवारी, अभिलाष यादव, सौरभ कुमार भारतीय, यज्ञ बली सिंह, बदरे आलम, यदुनंदन सिंह सहित दर्जनों की संख्या में संगठन के लोग मौजूद रहे।

### पांच महीने से आंगन वाड़ी केंद्र में नहीं बांटा गया राशन

**बेनीराम कटरा कौशांबी।** चायल तहसील क्षेत्र के बरियावा ग्राम पंचायत के आंगनवाड़ी केंद्र में बीते 5 महीने से कोटेदार द्वारा राशन का वितरण नहीं किया गया है आरोप है कि कोटेदार आंगनवाड़ी के पात्र गर्भवती महिलाओं धात्री और बच्चों को मिलने वाले राशन की बेखौफ कालाबाजारी कर रहा है जिससे आंगनवाड़ी के लाभार्थियों में आक्रोश व्याप्त है कई बार शिकायत किए जाने के बाद भी कोटेदार के कारनामे में सुधार नहीं हो सका है बताया जाता है कि आंगनवाड़ी कार्यकत्री बार-बार राशन वितरण किए जाने की मांग कर रही हैं लेकिन कोटेदार अपनी मनमानी पर उतारू है ग्रामीणों ने आला अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए बरियावा के कोटेदार पर कठोर कार्यवाही करते हुए आंगनवाड़ी के पात्र धात्री गर्भवती महिलाएं और बच्चों को राशन वितरण कराए जाने की मांग की है।


जलाभिषेक करते चायल विधायक संजय गुप्ता

### शिव मंदिर में चायल विधायक ने किया जलाभिषेक

**कौशाम्बी।** विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने सोमवार को सराय अकिल के शिव मंदिर में जलाभिषेक किया उन्होंने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक है देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्वनाथ कॉरिडोर धाम को देशवासियों को समर्पित किया इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने देश के यस्वस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वाराणसी में हो रहे काशी कॉरिडोर धाम के लोकार्पण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला महामंत्री भाजपा उमेश केसरवानी, मंडल अध्यक्ष सराय अकिल, रामबहादुर जयसवाल, रामलीला कमेटी के अध्यक्ष गोपाल केसरवानी, समर रस्तोगी, विकास गुप्ता, अखिल रस्तोगी, विनय कृष्ण सोनी, सहित सराय अकिल के चेयरमैन शिव दानी सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं देव तुल्य कार्यकर्ता गण के साथ स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## भगवान श्री राम के प्रकट होते ही लगे जयकारे

अखंड भारत संदेश


रामलीला मंचन में उपस्थित भक्तगण

**कौशाम्बी।** चायल तहसील के ग्राम पंचायत बलीपुर टाटा में चल रही पांच दिवसीय रामलीला के पहले दिन भगवान राम, लक्ष्मण, भरत एवं शत्रुघ्न के जन्मोत्सव की लीला दिखाई गई। भगवान राम के प्रकट होते ही भक्तों ने जयकारे लगाए और उनकी आरती की रावण कुंभकर्ण के अत्याचारों से पृथ्वी कांप उठी। इधर मेघनाद ने तैंतीस कोटि देवी देवताओं को जीतकर इन्द्र लोक में कब्जा कर लिया। इससे देवताओं में हाहाकार मच गया। आखिर में तैतीस कोटि देवी देवता और पृथ्वी भगवान विष्णु के शरण में पहुंचे। भगवान विष्णु से उन्होंने रावण, कुंभकर्ण, मेघनाद आदि राक्षसों के अत्याचारों से मुक्ति दिलाने की गुहार लगाई।

इस पर भगवान विष्णु ने कहा कि जल्द ही मै रामावतार लूंगा और राक्षसों का बध करके उनके अत्याचारों से आप सबको मुक्ति दिलाऊंगा। इस घटना के बाद राजा दशरथ के पुत्र न होने पर राजा दसरथ मुनि वशिष्ठ के पास गए और अपने दुख का कारण बताया। राजा दसरथ की बात सुनकर मुनि वशिष्ठ जी ने उन्हें श्रृंगी ऋषि के पास चलने को कहा। राजा दशरथ मुनि वशिष्ठ जी के साथ श्रृंगी ऋषि के आश्रम पहुंचे और अपनी व्यथा बताई। इसपर श्रृंगी ऋषि ने राजा दसरथ से पुत्रेष्टि यज्ञ करने को कहा। राजा दशरथ ने तत्काल श्रृंगी ऋषि से पुत्रेष्टि यज्ञ करवाने का अनुरोध किया। श्रृंगी ऋषि ने पुत्रेष्टि यज्ञ पूर्ण करने के बाद तीनों रानियों कौशल्या, सुमित्रा कैकेई को खीर खाने को दिया। इसके बाद राजा दसरथ के चार पुत्र राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न पैदा हुए। जैसे ही राम जी प्रकट हुए राम भक्तों ने भगवान राम के जयकारे लगाए। रामलीला के आयोजक ग्राम प्रधान पुष्पा देवी ने भगवान राम के प्रकट होते ही उनकी आरती की और दंडवत प्रणाम किया। इस अवसर पर भंवर सिंह यादव,धर्मेंद्र कुमार साहू, गणेश प्रसाद साहू, अशोक कुमार यादव, टेनी यादव, अतर सिंह यादव, शिव प्रसाद विश्वकर्मा,शंकर यादव, लाल जी भारतीय, उदल भारतीय, अंगनू भारतीय, दिलीप यादव, वीरेंद्र कुमार यादव, संजू साहू,समेत कई ग्राम वासी मौजूद रहे।

## मतदान जागरूकता वैन को एडीएम ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

**कौशाम्बी।** अपर जिलाधिकारी न्यायिक डॉ0 विश्राम ने सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में ईवीएम और वीवीपैट हो साथ-साथ मतदान में संदेह की न होगी कोई बात-बात लोकतन्त्र के भागीदार बनिए भारत की सुगम चुनाव प्रक्रिया में भाग लीजिए एलईडी वैन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस वैन का मुख्य उद्देश्य गांव-गांव में जाकर लोगों को ईवीएम और वीवीपैट मशीन से मतदान करने के लिए जागरूक करना है। इस अवसर पर अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।


मतदाता रैली को हरी झंडी दिखाते अपर जिलाधिकारी

## नहर खुदाई के नाम पर विभाग कर रहा है महज खानापूर्ति, कराई जाए जांच : अजय सोनी

**किसानों की समस्यायों को लेकर समर्थ किसान पार्टी ने की बैठक**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान में जिला मुख्यालय मंझनपुर में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता समर्थ किसान पार्टी के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने की। इस दौरान किसानों की खाद एवं धान बिक्री समेत तमाम समस्यायों पर चर्चा हुई। सबसे ज्यादा धान बिक्री और किसानों को समितियों से उर्वरक नहीं मिलने पर लोगों ने विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर लोगों से वार्ता करते हुए अजय सोनी ने कहा कि मौजूदा सरकार की किसान विरोधी नीति एवं व्यवस्था के चलते किसानों का सर्वाधिक बुरा हाल है। प्रशासन और संबंधित विभाग किसानों की समस्यायों पर जरा भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। समितियों में न तो धान क्रय किया जा रहा है और न ही किसानों को खाद मिल रही है। इसी तरह धान क्रय केंद्रों पर किसानों से धान क्रय नहीं किया जा रहा और बिचौलिए क्रय केंद्रों पर हावी हैं। कई कई समितियों एवं धान क्रय केंद्रों का निरीक्षण कर चुके अजय सोनी ने बताया कि हर जगह बुरा हाल है और किसान परेशान हैं। उन्होंने आगे कहा कि इसी तरह आवारा पशुओं की समस्या से किसानों की फसलें बर्बाद हो रही हैं और पशुपालन विभाग शासन को फर्जी रिपोर्ट भेज कर गुमराह कर रहा है। नहर खुदाई में चल रही महज खानापूर्ति को लेकर अजय सोनी ने कहा कि ठेकेदार एवं विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से करारी माइनर, रामगंगा नहर, सोनारी माइनर एवं इनसे जुड़े रजबहों में नाममात्र की खुदाई कार्य कराया गया है और महज खानापूर्ति के नाम पर विभाग के अधिकारियों एवं ठेकेदारों ने सरकारी धन का बन्दर बांट कर नहर को उसके हाल पर छोड़ दिया है। अजय सोनी ने जिला प्रशासन एवं प्रदेश सरकार से कौशांबी की सभी नहरों की खुदाई कार्य की स्थलीय जांच की मांग की है। इसी के साथ अजय सोनी ने जल्द से जल्द जिले की सभी नहरों में पानी छोड़े जाने, धान क्रय केंद्रों पर किसानों से बिना किसी कटौती के धान क्रय करने, समितियों से उर्वरक की किसानों को समुचित आपूर्ति करने एवं आवारा पशुओं से किसानों की फसलों को बचाने की मांग की है। इस अवसर पर राम गोपाल गौतम, मुन्ना लाल, कमलेश कुमार, जीतेन्द्र कुमार, राम किशुन कोरी, अशोक कुमार,मिथिलेश कुमारी श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।

## योगी सरकार में चरमराई प्रदेश की कानून व्यवस्था : वेद प्रकाश पांडे सत्यार्थी

अखंड भारत संदेश

**जब अपराधी प्रदेश में विधायकों पर हमले कर रहे हैं तो आम लोगों की हालत का लगाया जा सकता है अंदाजा**

**कौशाम्बी।** प्रदेश में बड़े आपराधिक मामलों को लेकर विरोध में उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आई थी। लेकिन मौजूदा समय में सरकार की प्रशासनिक क्षमता के चलते यहां पर पूरी तरह से जंगलराज है।

स्थिति यह है कि आम लोगों के साथ अपराध हो रहे हैं और पुलिस उनके मुकदमे नहीं लिख रही है। सरेआम विधायक के ऊपर हमले हो रहे हैं जो यह साबित करता है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। ऐसे में योगी सरकार को तत्काल नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए। उक्त बातें कांग्रेस के नेता वेद प्रकाश पाण्डेय सत्यार्थी ने कही है। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज स्थिति यह है कि पूरे जिले में अवैध खनन माफिया हावी है। जिले में करोड़ों रुपए मूल्य की बालू प्रतिदिन इन माफियाओं के द्वारा सरकार के मिलीभगत से बेचा जा रहा है। जो सरासर प्रदेश की जनता के साथ धोखाधड़ी है यही नहीं यह सरकार आने से पहले भूमाफिया को खत्म करने की बात कर रही थी। लेकिन सरकार में जमीनों पर अपराधों की बाढ़ आई है। आज तक एक भी भू माफिया के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुआ इसके उल्टे यह भूमाफिया अब भारतीय जनता पार्टी के झंडे को अपने गाड़ी में लगाकर टहल रहे हैं। पूरे प्रदेश में भाजपा एक आपराधिक सिंडिकेट की तरह काम कर रही है। इसका सीधा उदाहरण अभी हाल के ही दिनों में देखने को मिला है। जहां भाजपा के एक विधायक जिनके साथ आधा दर्जन से अधिक ससस्त्र पुलिस और निजी सुरक्षा कर्मी साथ में रहते हैं और उनके साथ पांच वाहन खुद के रहते हैं।

ऐसे में जब विधायक के ऊपर प्राणघातक हमला हो सकता तो आम लोगों की सुरक्षा की स्थिति का सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। उत्तर प्रदेश की सरकार जो कि कानून व्यवस्था की बात करती है वह पूरी तरह से फेल हो चुकी है। आज प्रदेश में अराजकता की स्थिति जंगलराज कायम कानून व्यवस्था की खराब हालत को देखते हुए प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार को नैतिकता के आधार पर तत्काल अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।

### डिस्ट्रिक्ट रैपिड शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन सम्पन्न

**कौशाम्बी।** जिला शतरंज स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वाधान में डिस्ट्रिक्ट रैपिड शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया कार्यक्रम में 100 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया यह प्रतियोगिता 6 चरण में की गई प्रतियोगिता के परिणाम में बालक वर्ग में पहला स्थान वंश पाण्डेय विष्णु भगवान को और दूसरे स्थान पर अधिकांश केसरवानी रही तीसरे स्थान पर अनमोल यादव विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल और चौथा स्थान अमन कुशवाहा डी डी आर को पांचवां स्थान अमन अग्रहरी एस एन शिशु शिक्षा को मिला है बालिका वर्ग में पहला स्थान आरती द्विवेदी सरस्वती ज्ञान मंदिर को दूसरे स्थान पर रितु कुशवाहा एस एन शिशु शिक्षा तीसरे स्थान विषाखा विश्वकर्मा डी डी आर चौथे स्थान रिमझिम सी पी पायलट रही स्कूल में पहला स्थान सरस्वती ज्ञान मंदिर को दूसरे स्थान पर एस एन शिशु शिक्षा तीसरे स्थान पर सी पी पायलट स्कूल रहा पुरस्कार वितरण समारोह में विघालय के प्रबंधक शिव प्रकाश द्विवेदी और प्रधानाचार्य मिथलेश मिश्रा द्वारा खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया कार्यक्रम में सचिव राघवेंद्र शुक्ला विघालय के योगेश कुमार और अंकित कुमार मौजूद रहे हैं आयोजन का संचालन आर्बिटर सुनील कुमार केसरवानी ने किया इस मौके पर अनुराग पाण्डेय सहित तमाम शिक्षक खिलाड़ी गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## दुर्घटनाओं से बचें व दूसरो को बचाएं : धीरज जायसवाल

अखंड भारत संदेश

**वाहन चालकों एवं संचालकों के साथ की गई गोष्ठी 65 वाहनों में निःशुल्क लगवाए गए रेट्रोरिफ्लेक्टिव टेप**


वाहनों की चेकिंग करते यातायात उप निरीक्षक धीरज जायसवाल

**कौशाम्बी।** तृतीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एंव क्षेत्राधिकारी यातायात व यातायात पुलिस टीम द्वारा जनपद के ओसा चौराहा एवं मंझनपुर चौराहा में बस ट्रक टैक्सी टेंपो ट्रैक्टर ई-रिक्शा एवं लोडर तथा अन्य व्यवसायिक वाहन चालकों एवं संचालकों के साथ गोष्ठी व कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें तीव्र ध्वनि के हॉर्न प्रेशर हॉर्न लाउड स्पीकर आदि ध्वनि प्रदूषण यंत्रों के प्रयोग न किए जाने एवं रात्रि के समय वाहन की हेडलाइट के उचित डिपर का प्रयोग एवं हेड लाइट के ऊपरी हिस्से को काले रंग से पेंटेड करने वाहनों की हेड लाइट और बैक लाइट सही दशा में रखे जाने तथा सर्दियों में फोग लाइट के प्रयोग किए जाने हेतु प्रशिक्षण दिया गया रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप का प्रयोग एवं रात्रि के समय उसकी उपयोगिता एवं दुर्घटनाओं से बचाव के बारे में जागरूक किया गया ध्वनि प्रदूषण यंत्रों के दुष्प्रयोग एंव रिफ्लेक्टर रिफ्लेक्टिव टेप का प्रयोग न किये जाने की दशा में मोटर वाहन अधिनियम के तहत दंड के प्रावधानों तथा जुमार्ने की धनराशि से अवगत कराया गया तदुपरांत जनपद के पाल चौराहा समदा चौराहा ओसा चौराहा नवीन गल्ला मंडी ओसा आदि स्थानों पर यातायात टीम द्वारा ट्रैक्टर ट्राली रोडवेज तथा प्राइवेट बस ट्रक टैक्सी टेंपो ई-रिक्शा लोडर एवं दुपहिया वाहनों सहित 65 वाहनों में निःशुल्क रेट्रोरिफ्लेक्टिव टेप लगाए गए तथा इनके प्रयोग हेतु प्रेरित किया गया साथ ही यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध प्रवर्तन की कार्यवाही भी संपादित की गई मौके पर हेड कांस्टेबल अजय प्रताप सिंह कांस्टेबल महेंद्र प्रताप सिंह कांस्टेबल जय प्रकाश सहित अन्य कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

### आईआईटी से खुशखबरी

इस साल आईआईटी संस्थानों में बंपर प्लेसमेंट देखने को मिल रहा है। पहले हफ्ते में कई रेकॉर्ड धराशायी हो गए। आईआईटी दिल्ली में 60 स्टूडेंट्स को एक करोड़ रुपये से ज्यादा का पैकेज मिला है। देश के आईआईटी संस्थानों से इस बार प्लेसमेंट को लेकर अच्छी खबर आ रही है। महामारी और लॉकडाउन के चलते इंडस्ट्री को मंदी की जो मार झेलनी पड़ी, उसका सीधा असर पिछले साल इन संस्थानों से होने वाले प्लेसमेंट पर दिखा था। मगर इस बार सूरत पूरी तरह से बदली हुई है। प्लेसमेंट के पहले हफ्ते में ही कई रेकॉर्ड टूट चुके हैं। कई संस्थानों में हजार ऑफरों की संख्या पांचवें-छठे दिन ही पार कर गई। कई आईआईटी में 50 के आसपास स्टूडेंट्स एक करोड़ से ऊपर का पैकेज पाने में सफल रहे। आईआईटी दिल्ली में तो यह संख्या 60 पहुंच गई है। वह भी केवल इंटरनैशनल रोल के लिए नहीं, डोमेस्टिक रोल के लिए भी। ध्यान रहे, इंटरनैशनल रोल के लिए एक करोड़ से ऊपर के पैकेज पहले भी मिलते रहे हैं, लेकिन घरेलू भूमिका के लिए ऐसा पैकेज पहली बार मिला है। खास बात यह है कि प्लेसमेंट की स्थिति इस साल न केवल पिछले साल के मुकाबले बल्कि पूर्व महामारी यानी 2019 में देखी गई स्थिति से भी बेहतर है। कई मामलों में इसने अब तक के सारे रेकॉर्ड तोड़ दिए हैं। उदाहरण के लिए आईआईटी बॉम्बे में इस बार ग्रैजुएशन बैच ने पहले छह दिनों में ही 1200 जॉब ऑफर पाए, जो अपने आप में एक रेकॉर्ड है। अन्य संस्थान भी पीछे नहीं हैं। आईआईटी रुड़की में इस बैच को अब तक मिले जॉब ऑफर की संख्या 1,171 है, जो पिछले साल दिसंबर में दर्ज किए गए जॉब ऑफर से लगभग दोगुना है।

अब तक के ट्रेंड को देखते हुए जानकारों का कहना है कि प्लेसमेंट प्रक्रिया पूरी होने तक इस साल मिलने वाली नौकरियां पिछले कई वर्षों के मुकाबले ज्यादा होंगी। बेस्ट पैकेज के आंकड़ों से थोड़ा हटकर देखें तो एक महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है कि कई इंडिया बेस्ड स्टार्टअप्स और कंपनियां टॉप रिक्रूटर के रूप में उभरी हैं। महामारी शुरू होने के बाद से ही तरह-तरह के निराशाजनक हालात से जूझते यूथ के लिए ये खबरें संजीवनी का काम कर सकती हैं। बेशक यह केवल आईआईटी संस्थानों के प्लेसमेंट से जुड़ी खबरें हैं, जहां तक यूथ की बहुत छोटी सी संख्या पहुंचती है, लेकिन फिर भी यह इंडस्ट्री के बदलते ट्रेंड का संकेत दे रही हैं। हालांकि कई देशों में कोरोना के नए सिरे से बढ़ते मामले और खासकर इसके नए वेरिएंट ओमिक्रॉन के बढ़ते केस चिंता का कारण बने हुए हैं, लेकिन फिर भी ऐसा लगता है कि हम इस खतरे के साथ जीना सीख रहे हैं। इसलिए अगर हालात हद से ज्यादा नहीं बिगड़े तो उम्मीद यही है कि इंडस्ट्री का यह ट्रेंड जारी रहेगा। इस लिहाज से आईआईटी संस्थानों के जरिए आई पॉजिटिविटी की यह लहर युवाओं में उत्साह का संचार करते हुए मौजूदा माहौल में एक नए दौर का प्रस्थान बिंदु साबित हो सकती है।

# कोरोना पर क्यों हो रही इतनी सियासत

**ओमप्रकाश गुप्ता**

कोरोना के खिलाफ जंग में भारत ने कई ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। स्वदेशी टीके का विकास और करोड़ों भारतीयों को टीका लगाने का महाअभियान निस्संदेह प्रशंसनीय है। आंकड़े बताते हैं कि कोविड-19 की दूसरी लहर के बाद भारत की स्थिति कई विकसित देशों की तुलना में बेहतर है। परंतु अब दुनिया भर में तेजी से फैल रहे, अत्यधिक संक्रामक ओमिक्रॉन की शक्ल में एक नई चुनौती सामने है। इस खतरे से मुकाबले के लिए एक गहन आत्मचिंतन, आपसी विमर्श और एक राष्ट्रीय दृढ़ संकल्प चाहिए। विभिन्न विचारधाराओं वाले एक विकासशील देश में सर्वसम्मति से राष्ट्रीय संकल्प खड़ा करना बेहद दुष्कर है। जब तक देश एक अनुशासन से नहीं बंधेगा, ओमिक्रॉन वैरिएंट का मुकाबला नहीं किया जा सकता। सरकार के हर मंत्रालय और विभाग को लयबद्ध तरीके से काम करना होगा। उपयुक्त नीतियां बनाकर हर वर्ग को जोड़ना होगा। दूसरी तरफ विपक्ष से भी रचनात्मक सहयोग की अपेक्षा है। पर अफसोस की बात है कि विपक्षी पार्टियों का अजेंडा कुछ और ही लगता है। वे दलगत फायदे के लिए राष्ट्रीय मुद्दों का राजनीतिकरण करने से नहीं चूक रहे। विपक्ष के लिए हर बहस का राजनीतिकरण करना राष्ट्रीय हित से कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण हो गया है। लोकसभा में 3 दिसंबर को लगभग 12 घंटों तक कोविड-19 पर चर्चा हुई। सरकार ने इस मुद्दे पर जन-प्रतिनिधियों को बोलने का पर्याप्त अवसर दिया। आधी रात तक चली बहस के दौरान 96 सदस्यों ने अपनी बात रखी। उम्मीद की जा रही थी कि देश के नागरिकों का प्रतिनिधित्व करने वाले सांसदों से रचनात्मक प्रतिक्रिया मिलेगी। लेकिन बहस का नतीजा निराशाजनक रहा। विपक्ष ने यहां भी राजनीतिक फायदा उठाने की कोशिश की। विपक्ष को समझना होगा कि राजनीतिक फायदे के लिए सरकार को कटघरे में खड़ा करने से न तो कोरोना भागेगा और न ही देश का भला होगा।

आरोपों की राजनीति में तथ्य और तर्क कहीं खो से गए। हास्यास्पद दावे किए गए, एक विपक्षी सांसद ने कहा कि कोविड-19 की वजह से भारतीय रेलवे का निजीकरण कर दिया गया। अब उन्हें कौन समझाए कि भारतीय रेलवे पहले की तरह अब भी भारत सरकार के अधीन काम कर रही है। और कुछ गतिविधियों में निजी क्षेत्र को जोड़ने का कोरोना वायरस से कोई लेना-देना नहीं है। एक वामपंथी सांसद ने सलाह दी कि टीकाकरण प्रमाणपत्र पर भारत के सर्वोच्च न्यायालय की तस्वीर लगनी चाहिए न कि भारत के प्रधानमंत्री मोदी की। हम सब जानते हैं कि एक भारतीय कंपनी ने स्वदेशी वैक्सीन विकसित की है, जिसे विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अनुमोदित किया है। फिर भी एक विपक्षी सांसद ने घोषणा कर डाली कि वैश्विक पर्यवेक्षक महसूस करते हैं कि कोविड से संबंधित विज्ञान में हमारा योगदान बहुत छोटा है। एक अन्य सांसद ने कुछ बेसिर पैर का गुणा-भाग करने की नाकाम कोशिश की। कितने लोगों को टीका लगा और कितनी खुराक दी गई, इसको वह सही से समझ ही नहीं पाए। टीकाकरण की संख्या का गलत अनुमान लगा कर सांसद महोदय बोले कि वह आधिकारिक दावों से चकित हैं। ऐसे ही एक सांसद ने प्रवासी श्रमिकों के घर लौटने का मुद्दा उठाया। यहां तक तो फिर भी ठीक था, पर जब उन्होंने इसे देश के विभाजन के बाद का अब तक का सबसे बड़ा पलायन बताया तब साफ हो गया कि वह राजनीतिक अवसरवाद से ग्रसित हैं। सरकार की खामियों पर नजर रखना विपक्षी दलों का काम है लेकिन यह रचनात्मक तरीके से किया जाना चाहिए था। भारत सरकार ने दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान चलाया, जो ज्यादातर लोगों के लिए मुफ्त था। महामारी से निपटने में राज्य प्रशासन निश्चित रूप से कहीं बेहतर कर सकता था लेकिन इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि भारत का प्रदर्शन, स्वयंभू भविष्यवक्ताओं द्वारा किए गए निराशापूर्ण पूवार्नुमानों से कहीं बेहतर रहा। कोरोना के खिलाफ जंग की शुरूआत भारत ने मात्र 1 परीक्षण केंद्र से की थी लेकिन तीन महीने के भीतर इसे बढ़ाकर 2,500 कर दिया गया। नौ महीने में देश ने प्रतिदिन एक करोड़ टीके लगाने का आंकड़ा पांच बार छुआ। आज देश में 15,000 से अधिक समर्पित कोविड अस्पताल और बीमारी के परीक्षण एवं ट्रैकिंग के लिए एक प्रभावी प्रणाली काम कर रही है, जिसने भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई है। जहां तक सत्ता पक्ष के सांसदों का सवाल है तो लोकतंत्र के मंदिर यानी संसद में, सरकार के अच्छे कामों को सकारात्मक तरीके से उजागर करना उनका काम है और इसे उन्होंने बखूबी अंजाम दिया। परंतु महामारी अभी खत्म नहीं हुई है, वायरस लगातार अपना रूपरंग बदल रहा है, वायरस की संक्रामकता के साथ-साथ उससे निपटने की चुनौती भी बढ़ती जा रही है। कोरोना वायरस का नवीनतम संस्करण ओमिक्रॉन अधिकांश लोगों के दिलो-दिमाग पर छाया हुआ है।

इसकी अत्यधिक संक्रामकता ने लोगों को चिंता में डाल दिया है। हालांकि अभी तक के आंकड़े बताते हैं कि यह डेल्टा संस्करण से अधिक घातक और खतरनाक नहीं है। कोरोना की तीसरी लहर का खतरा सिर पर है। संसद में कोरोना पर चली 12 घंटे की बहस एक अवसर के रूप में सामने आई थी, जिसमें सांसद अपने इलाकों के अनुभव साझा कर कोरोना को रोकने के नए सुझाव दे सकते थे। सरकारी तंत्र की कमियों की तरफ इशारा कर सकते थे, परंतु अधिकतर सांसदों ने इस महत्वपूर्ण मौके को गंवा दिया। और वह भी तब जब वायरस का नया संस्करण कभी भी कोरोना की तीसरी लहर में तब्दील हो सकता है। इस देश के लोग राजनेताओं से बेहतर की उम्मीद करते हैं। देश को विभिन्न हितधारकों विशेषकर राजनेताओं के बीच एक स्वस्थ चर्चा की तत्काल आवश्यकता है। लोकतंत्र के सर्वोच्च मंच पर कोरोना पर हुई बहस में जिस तरह का व्यवहार राजनेताओं ने, खासकर विपक्षी सांसदों ने किया, उससे छोटे राजनीतिक हित तो साधे जा सकते हैं लेकिन राष्ट्रहित का नुकसान हो सकता है।

# नागालैंड हत्याकांड का जिम्मेदार कौन

**कृष्णा झा**

यह अत्यावश्यक है कि शांति वार्ता अपनी कोशिश में सफल हो, लेकिन इस त्रासदी ने एक बार फिर इसे चोट पहुंचाई है। इस संकट का निदान भारत सरकार के पास ही है कि वह किस तरह नागालैंड की जनता को इस आघात से बाहर निकालती हैं। भारत को इस त्रासदी के समय नागालैंड की जनता के साथ होना चाहिये और इस पर अफसोस भी जाहिर करना चाहिये। ट्रक ढलान पर थी जब गोलियों की बौछार शुरू हुई। शांत, हरे भरे पहाड़ों में छाई निस्तब्धता को तोड़ती उस गर्जना में घायलों की चीख और इस आकस्मिक भीषण प्रहार से आहत अचंभित मरते हुए मजदूरों की आह भी शामिल थी। हफ्ते भर की कठिन मेहनत के बाद तिरू घाटी के कोयला खदानों से लौटते ये मजदूर नागालैंड के मोन जिले के ओटिंग गांव की ओर जा रहे थे। वापसी के लिए लंबे रास्ते को छोड़कर वे शॉर्टकट से छह किलोमीटर दूर अपने घर जल्दी पहुंचना चाहते थे। जिन्होंने उन पर यह प्राणघातक हमला किया था वे भारतीय सेना के पैराकमांडो थे। जोरहट में पोस्टेड ये कमांडो इस सूचना पर घातक हमला करने के लिये छुपकर बैठे थे कि उस क्षेत्र में विद्रोही संगठन के लोग घूम रहे थे। यह सूचना सेना के गुप्तचर विभाग से उन्हें मिली थी। इस सबके बावजूद इस पूरी घटना में बहुत सारी कमजोर कड़ियां थीं, जिनका स्पष्टीकरण आवश्यक है। इस ट्रक पर सवार मजदूर निहत्थे थे, उन्हें मारने के बजाय गिरफ्तार करना आसान था, जो नहीं किया गया। उनके लिये पहाड़ों और खड़ी चट्टानों के बीच भागना भी संभव नहीं था। अगर वे विद्रोही ही थे तो किसी आक्रामक घटना की न कोई सूचना मिली ओर न ही इस गोलीबारी के दौरान कोई जवाब ही आया, विशेषकर भारतीय सीमा के भीतर तो कुछ भी नहीं हुआ। स्थानीय पुलिस और असम राइफल्स को भी इसकी कोई सूचना नहीं थी। क्या ये सारी योजना एक "सर्जिकल स्ट्राइक का हिस्सा थी वस्तुतः यह छुपकर घात करने की नीति तभी अपनाई जाती है जब शत्रु बहुत ताकतवर होता है। लेकिन पैराकमांडो तो उन मजदूरों से काफी अधिक ताकतवर थे, इसलिये "मारो और भागो की तकनीक तो पूरी तरह अनावश्यक थी। अखबारों में छपी सूचनाओं के आधार पर, इस आक्रमण में बचे दो मजदूरों में से एक ने कहा कि गोलीबारी, जो दो या तीन मिनट तक चली, के बाद मृतकों को गाड़ी से घसीटकर बाहर लाया गया और वहीं उन्हें पड़ा रहने दिया गया। उसने बेहोशी में डूबने से पहले देखा कि उनमें उसका भाई भी था। इस सबसे यह तो पता चल ही जाता है कि घात लगाने वाले कमान्डो के पास पर्याप्त समय भी था और शस्त्र भी। इतना तो साफ लगता है कि एक-एक को खत्म करने की योजना थी। लेकिन जल्द ही यह पता चल गया कि यह उनकी विजय नहीं थी, बल्कि एक गंभीर त्रासदी थी। मृतको में सभी तिरू घाटी के मजदूर थे, निहत्थे थे और निपरपराध थे।

अधिकांश तो ट्रक में ही मारे गए, बचे हुए मजदूरों में कुछ और मारे गए, जब गांव की कोनियाक जनता ने कमान्डोझ्र पर बाद में हमला किया और असम राइफल्स के पोस्ट पर आक्रमण हुआ। एक सेना का टूपर भी मारा गया। वास्तव में उत्तर पूर्व के राज्यों में इस तरह के विद्रोह और उनसे निपटने के लिये भयानक कानूनों का उन्हें पुराना अनुभव है। एएफएसपी का कानून जो सेना का ही हिस्सा है, उनपर कई बार इस तरह के संकट ला चुका है। मणिपुर में इस विशेषाधिकार प्राप्त कानून के खिलाफ एक इलाके में जनता ने इतना विद्रोह किया कि सरकार को उसे हटाना ही पड़ा। केन्द्रीय गृह मंत्री ने इस घटना के बाद अपने दौरे से वापस आकर राज्यसभा में अपना बयान दिया, जिसमें उन्होंने कहा कि ट्रक को रूकने का सिग्नल दिया गया था, जिसके बाद भी वह रुकी नहीं और चलती रही। इसके बाद ही इस पर गोली चलाई गई। इस आक्रमण में बचे हुए दो लोगों में एक के राष्ट्रीय दैनिक में छपे बयान के अनुसार उन्हें रुकने का कोई सिंग्नल नहीं दिया गया था। गोलियां तो अचानक ही आईं।

अस्पताल के सूत्रों के अनुसार, इन दो घायलों को, जिन्हें घटना के करीब दस घंटे बाद इलाज के लिये छोड़ गए थे, सुरक्षा देने के लिये असम पुलिस आई। जिला के अधिकारी आए, और नागालैंड राज्य के अधिकारी भी आए। इस तरह जब यह घटना बाहर आई तो अस्पताल को ज्ञात हुआ कि ये कौन थे, और फिर सोशल मीडिया पर उनके फोटो छाप दिए गये, जिससे उनके गांव के लोगों को उनके बारे में पता चला।

जिन्होंने इस योजना को बनाया और परिणाम तक पहुंचाया, उन्हें मालूम था कि ऐसी घटनाओं को बहुत गंभीरता से नहीं लिया जाता, सिर्फ सांत्वना तक ही सीमित रहती है प्रतिक्रिया। इस पर कभी भी अफसोस नहीं जाहिर किया जाता। अभी सारे विद्रोही संगठन शांति वार्ता में संलग्न हैं। नागालैंड की सरकार इस वार्ता में सक्रिय है। वे "सीज फायर के समझौते तक पहुंच भी गए हैं। ऐसी स्थिति में छोटे नगण्य अपराध तो होते रहते हैं। यह संभावना हो सकती है कि कोई भूमिगत नागा ग्रुप जो इस शांति वार्ता में शामिल न हो, वह इसमें सक्रिय थे। सूत्रों के अनुसार एनएससीएन ग्रुप को संगठित करने वाले एसएस खापलांग के भतीजे यंग आंग जो इस ग्रुप को नेतृत्व दे रहे हैं, इसमें सक्रिय हों, पर युंग आंग का समर्थन आधार तो म्यांमार में है। ऐतिहासिक रूप से एक ही संगठन था जिसने नागालैंड में विद्रोह की शुरूआत की, और वह था ए जेड फिजो के नेतृत्व में चलने वाला नागा नेशनल कौंसिल। यह संगठन 1975 में भारत सरकार के साथ शांति वार्ता में शामिल हुआ। इसी का परिणाम था शिलांग एकॉर्ड। 1980 में इससे एक नया ग्रुप टूटकर निकला, जिसका नाम था- नेशनल सोशलिस्ट काउन्सिल ऑफ नागालैंड। लेकिन यह भी टूटा और दो ग्रुपों में बंट गया। इनमें से एक के नेता थे एस एस खापलांग, जो म्यांमार के नागा थे और दूसरे ग्रुप के नेता थे थुइंगालेंग मुईवाह और आइजक चिश्ती सू। इन दोनों में खापलांग ग्रुप के कई बार टुकड़े हुए। इनके बीच भारतीय और म्यांमार के नागा थे, जो आपस में लड़ते रहते थे और नया संगठन बनाते रहते थे। इसमें भारतीय नागाओं के नेतृत्व में चलने वाला संगठन शांति वार्ता में शामिल है। 2017 में खापलांग का निधन हो गया और उनकी जगह खांगों कोनियाक इसके नेता बने, लेकिन इन्हें जल्द ही हटा दिया गया और 2018 में युडा आंग इसके नेता बने। खांगों कोनियाक भारत वापस आ गए और शांति वार्ता के अंतिम अध्याय तक साथ हैं। यह अत्यावश्यक है कि शांति वार्ता अपनी कोशिश में सफल हो, लेकिन इस त्रासदी ने एक बार फिर इसे चोट पहुंचाई है। इस संकट का निदान भारत सरकार के पास ही है कि वह किस तरह नागालैंड की जनता को इस आघात से बाहर निकालती हैं। भारत को इस त्रासदी के समय नागालैंड की जनता के साथ होना चाहिये और इस पर अफसोस भी जाहिर करना चाहिये।

# 400 करोड़ का मंदिर परिसर

**राममोहन पाठक**

अविनाशी काशी के अधिष्ठाता काशी विश्वनाथ का मंदिर सदियों से करोड़ों हिंदुओं की आस्था का केंद्र है। सनातन-हिंदू धर्म की मान्यताओं में द्वादश ज्योतिर्लिंग देश के विभिन्न भागों में स्थापित हैं और सभी आस्था-विश्वास और धर्म के स्तर पर पूरे देश को जोड़ते हैं। काशी में गंगा नदी के बाएं किनारे पर स्थित इस मंदिर का वर्तमान अपने अस्तित्व के विभिन्न चरणों और संकटों से गुजरने का साक्षी है। मंदिर वर्ष 1194 से 1777 के बीच कई बार उजड़ा और स्थापित हुआ। यह मुगल शासकों की आंखों की किरकिरी भी रहा। एक प्राचीन विश्वनाथ मंदिर तोड़ा गया तो वहां आज 1236-1240 के वर्षों में बनी रजिया बेगम की मस्जिद है। अगली बार तोड़ा गया तो आज वहां ज्ञानवापी मस्जिद है। लेकिन, इंदौर की महारानी अहिल्याबाई होलकर ने 1777 में वर्तमान काशी विश्वनाथ मंदिर का निर्माण कराया, जिसके दो शिखरों को स्वर्णमंडित कराने के लिए पंजाब के महाराजा रणजीत सिंह ने 1835 में एक हजार किलो सोना दान में दिया। बनारस की तंग-सकरी गलियों के बीच स्थित यह मंदिर विश्वभर के हिंदुओं और पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र रहा है, लेकिन सुविधाओं के अभाव में उसका स्वरूप अत्यंत भव्य नहीं था। 2014 में काशी के नवनिर्वाचित सांसद नरेंद्र मोदी ने ह्यमैं आया नहीं हूं, मुझे गंगा मां ने बुलाया है, कहकर अपनी आस्था व्यक्त की थी और गुजरात के ज्योतिर्लिंग सोमनाथ मंदिर में बने भव्य सोमनाथ कॉरिडोर के अपने अनुभव और आस्था के आधार पर काशी विश्वनाथ मंदिर कॉरिडोर की 8 मार्च 2019 को आधारशिला रखी। इसका उद्घाटन-लोकार्पण प्रधानमंत्री 13 दिसंबर 2021 को इस संकल्प के साथ कर रहे हैं कि ह्यकाशी विश्वनाथ का यह भव्य दरबार बाबा विश्वनाथ और बाबा के भक्तों को समर्पित है। इतिहासकारों के अनुसार, 13वीं शताब्दी के अंत में अविमुक्तेश्वर परिसर में नया विश्वनाथ मंदिर बना और जौनपुर के शर्की मुगल शासकों द्वारा 1436-1458 के बीच मंदिरों को तोड़े जाने तक हिंदुओं की आस्था का केंद्र रहा। आज काशी विश्वनाथ के दो और मंदिर हैं। इनमें से एक उद्योगपति बिरला द्वारा निर्मित काशी हिंदू विश्वविद्यालय का और दूसरा, स्वामी करपात्री जी द्वारा मुख्य मंदिर में हरिजन प्रवेश के बाद निर्मित काशी विश्वनाथ मंदिर (मीरघाट) शामिल हैं। वैसे, सर्वाधिक मान्यता ज्ञानवापी मस्जिद के बगल में स्थित मुख्य विश्वनाथ मंदिर की है। इसके भव्य विस्तार के लिए प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रॉजेक्ट ह्यकाशी विश्वनाथ मंदिर कॉरिडोर के रूपाकार ग्रहण करने के बाद अब मंदिर का पूरा क्षेत्र ही तब्दील हो चुका है। वैसे, इसे और अधिक विस्तार देने और भव्य बनाने के अगले चरण की भी योजना तैयार है, जिसे इस लोकार्पण के बाद प्रारंभ किया जाना है। वर्ष 1777-1780 में निर्मित प्राचीन काशी विश्वनाथ मंदिर के नए कॉरिडोर के 30 हजार वर्गमीटर क्षेत्र में एक साथ 40-45 हजार श्रद्धालुओं के पहुंचने और निश्चित क्रम से दर्शन की व्यवस्था पुरानी धक्कामुक्की और भीड़भाड़ वाली अव्यवस्था का स्थान लेगी। मंदिर परिसर में ही देश भर से निमंत्रित प्रायः दो हजार साधु-संतों से प्रधानमंत्री का संवाद इस धार्मिक आयोजन को राष्ट्रीय स्वरूप प्रदान करेगा। विश्वनाथ कॉरिडोर की संरचना-डिजाइन के समय से ही काशी के प्राचीन स्वरूप और धरोहरों से छेड़छाड़ के आरोप लगते रहे, लेकिन कॉरिडोर के वर्तमान स्वरूप के सामने आने पर करीब 50 प्राचीन मंदिरों को संरक्षित और पुनः स्थापित किए जाने से काशी के ऐतिहासिक मंदिरों का अस्तित्व बच सका है। क्षेत्र में शंकराचार्य द्वारा स्थापित सरस्वती प्रतिमा और मंदिर के साथ ही पुराणों में वर्णित नवग्रहेश्वर, अन्नपूर्णा, व्यासेश्वर, अविमुक्तेश्वर, बद्री नारायण आदि 22 देव विग्रहों-मूर्तियों की विधिवत प्राण प्रतिष्ठा के बाद देवों का मानसिक आह्वान किया गया। इसके बाद से देवमंदिरों को तोड़े जाने की आलोचना के मुखर स्वर थम गए हैं। मंदिर कॉरिडोर के मुख्य परिसर में अहिल्याबाई की मूर्ति की स्थापना राष्ट्रीय एकता की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। प्राचीन सरस्वती फाटक के पास स्थापित देव गैलरी भक्तों की आस्था और आकर्षण का केंद्र बनी है। विश्वनाथ मंदिर चौक से सीधे गंगा दर्शन की योजना विश्वनाथ कॉरिडोर के अस्तित्व में आने पर मूर्तरूप ले चुकी है। कॉरिडोर में बने अतिथिगृह में पांच सितारा होटलों जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने के प्रयास भी मूर्तरूप ले चुके हैं। राजस्थान के मूर्ति-मंदिर स्थापत्य विशेषज्ञों के निर्देशन में संपन्न पुनः स्थापना से राजस्थान-उत्तर प्रदेश के धार्मिक संबंध मजबूत हुए हैं। महाशिवरात्रि, श्रावण के सोमवार आदि महत्वपूर्ण धार्मिक पर्वों पर तीन-चार लाख भक्तों के सुगम दर्शन हेतु ललिता घाट से मंदिर तक निर्मित 25-30 फीट चौड़ा कॉरिडोर-मार्ग, 3500 वर्गमीटर में निर्मित विस्तृत मंदिर चौक, सजे हुए भव्य प्रवेश द्वारों से सुसज्जित यह मंदिर परिसर, उन लोगों के लिए सुखद आश्चर्य का दृश्य होगा, जो हाल में मंदिर नहीं आए हैं। कॉरिडोर योजना ने पूरे विश्वनाथ मंदिर के भूगोल को भी बदला है। विश्वनाथ मंदिर और ज्ञानवापी मस्जिद के बीच स्थित ऐतिहासिक कुआं-ज्ञानवापी कूप 352 साल बाद मंदिर का हिस्सा बन सका। कथाओं के अनुसार औरंगजेब द्वारा प्राचीन मंदिर तोड़े जाने के समय पुजारी ने इसी कुएं में शिवलिंग को छिपा दिया था। 400 करोड़ रुपये लागत की काशी विश्वनाथ कॉरिडोर योजना के उद्घाटन-लोकार्पण के अवसर पर देश की सभी प्रमुख नदियों के जल से बाबा विश्वनाथ का अभिषेक कार्यक्रम ऐतिहासिक और संपूर्ण कॉरिडोर योजना के लक्ष्य ह्ययादगार यात्री अनुभव को पूरा करने के लिए संकल्प का अवसर होगा।

मुंबई, दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई, बेंगलुरु सहित देश के 20 हजार मंदिरों में बाबा धाम के उद्घाटन कार्यक्रम के प्रसारण के साथ इस योजना को जन-जन तक पहुंचाने की योजना को मूर्तरूप दिए जाने का संकल्प लिया गया है। कॉरिडोर में बन रहे आभासी (वर्चुअल) संग्रहालय में थ्री डी तकनीक द्वारा मंदिर में गंगा का आभास और अनुभव प्राप्त किया जा सकेगा। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, हिमालय से भगीरथ की तपस्या के बाद निकली गंगा की वेगवती-हहराती धारा को शंकर ने अपने जटाजूट में रोका था। गंगा, बाबा विश्वनाथ के चरणों को नमन के लिए अपने दक्षिण-पूर्व प्रवाह की धारा की दिशा बदल कर काशी में उत्तरवहिनी हो गईं। विश्वनाथ कॉरिडोर इस पौराणिक मान्यता को मूर्तरूप देने का प्रयास है। गंगा की धारा या गंगा घाट से मंदिर के बीच के सारे अवरोध समाप्त कर गंगा-विश्वनाथ को एकाकार करना कॉरिडोर की उपलब्धि है।

# चीन की राइफल पर भारी पड़ेगी भारत की एके-203

**राहुल पाण्डेय**

मशहूर राइफल एके-47 के परिवार का सबसे नया बच्चा एके-203 अब भारत में बनेगा। भारत में इसके पौने सात लाख पीस बनाए जाने हैं, जिसकी पहली खेप 70 हजार राइफलों की होगी। अब तक एके-47, एके-103 और एके-12 राइफलें प्रचलन में आ चुकी हैं। एके-203 अब उस इंसास राइफल की जगह लेगी, जिसे भारतीय जवान सन 1990 से थामते आ रहे हैं। पहले यह जान लें कि क्यों हमें इसकी जरूरत पड़ी और पड़ोसी देश, खासकर चीन और पाकिस्तान के पास क्या है चीन की पीपल्स लिबरेशन आर्मी पिछले 34 सालों से सर्विस राइफल के तौर पर दइे-95 यूज कर रही है। यह पूरी तरह से ऑटोमैटिक राइफल है। यह जब चलती है तो इसका पिस्टन घूमता रहता है, जो इसे ऑटोमैटिक बनाता है। 3.25 किग्रा की यह राइफल 29.3 इंच की है। मिनट भर में साढ़े छह सौ राउंड फायरिंग करने वाली इस बंदूक का कार्टेज 5.842 एमएम का है। चीन में ही बनी इस बंदूक का जो सबसे बड़ा माइनस पॉइंट है, वह यह कि भले ही चीन तीन दशक से इसे यूज कर रहा है, मगर किसी छोटे से भी युद्ध में इसकी मारक क्षमता का प्रैक्टिकल टेस्ट नहीं हुआ है। बात पाकिस्तान की करें तो उसके पास द हेकलर एंड नॉक जी-3 है, जिसे उसने 1965, 1971 और कारगिल में भारत के खिलाफ यूज किया था। 1950 में जर्मनी में बनी यह राइफल पाकिस्तान में 1959 में आई, और अब वहीं बनती है। 4.38 किलो की यह राइफल 40.4 इंच लंबी है। 7.62 एमएम की यह राइफल मिनट भर में पांच से छह सौ गोलियां चार से पांच सौ मीटर की रेंज में दाग सकती है। पिछले कुछ सालों से पाकिस्तान भी इसे बदलने की फिराक में है, शायद भारत में एके-203 आने का सुनकर। ध्यान रहे कि चीन और पाकिस्तान की ये दोनों बंदूकें सर्विस राइफल हैं, यानी यही उनके पास बड़ी मात्रा में हैं।

अब लौटते हैं अपनी एके-203 की ओर। यह दुनिया की टॉप-10 सबसे खतरनाक बंदूकों में शामिल है। अमेरिका इसकी जगह भारत को अपनी रत्र्क्ष716 बेचना चाहता था। यह मैनुअली और ऑटोमैटिक, दोनों तरह से चलाई जा सकती है। यह एक गैस ऑपरेटेड बोल्ट राइफल है, जिसका वजन 3.80 किग्रा और लंबाई 38 इंच है। इसका बट फोल्ड हो जाता है, तब इसकी लंबाई 27 इंच की हो जाती है, यानी ये और भी हैंडी हो जाती है। इसमें 7.6239 की कार्टेज लगती है, यानी इसकी गोली 7.62 एमएम की है। मिनट भर में यह कम से कम 800 गोलियां दागती है, और इसकी कार्टेज और दूरी, दोनों मिलकर इसे चीन वाली दइे-95 से ज्यादा खतरनाक बना देती हैं। मगर एक राइफल की क्षमता सिर्फ उसकी कार्टेज या मारक क्षमता से ही नहीं तय हो सकती। एक अच्छी बंदूक वह होती है, जो हर हाल में, हर मौसम में भरोसेमंद साबित हो। एके-203 की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह -5 से लेकर -50 डिग्री सेल्सियस तक के बेहद ठंडे तापमान में भी मक्खन की तरह चलती है। अभी तक इस तापमान में इसके धोखा देने की एक भी शिकायत सामने नहीं आई है। भारतीय जवानों को हिमालय में बेहद ठंडे मौसम में काम करना होता है। सियाचिन में तापमान -45 डिग्री तक गिर जाता है। ऐसे में उम्मीद है कि जवानों के लिए यह खासी उपयोगी रहेगी, पर सिर्फ उम्मीद ही कर सकते हैं क्योंकि चीनी राइफल की तरह यह भी वार टेस्टेड नहीं है। दूसरे, खुद रूस की सर्विस राइफल एके-74ट है। इसके अलावा इस राइफल पर न तो रेगिस्तान की धूल भरी आंधी का कोई असर होता है और ना ही समुद्र के खारे पानी का। दोनों जगहों पर इसका फैक्ट्री टेस्ट हो चुका है। अभी तक अपने पास जो इंसास राइफल है, वह 5.56 एमएम की है। भारत इसे सन 1990 से यूज कर रहा है, और कारगिल युद्ध में इसका टेस्ट हो चुका है। अभी यह राइफल त्रिचुरापल्ली और कानपुर में बनती है। रेगिस्तान में ये थोड़ी दिक्कत देती थी, क्योंकि वहां इसमें भरे जाने वाले 20 राउंड 18 राउंड ही रह जाते हैं। लेकिन जवानों के हाथ में इसकी जगह जब एके-203 आ जाएगी, तो जाहिर है कि दुश्मन एकबारगी सोचने को मजबूर होगा कि सीमा पर हमारा जवान एके-203 लेकर खड़ा है।

# जातीय जनगणना और नीतीश कुमार की टेढ़ी चाल

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वो राज्य में जातीय जनगणना करवाएंगे। ऐसा करके उन्होंने अपनी ही सरकार की सहयोगी पार्टी बीजेपी को चुनौती दे दी है। गठबंधन में बीजेपी विधायकों की संख्या जदयू विधायकों से ज्यादा है लिहाजा, बीजेपी यहां खुद को बड़ा भाई के तौर पर देखती है लेकिन, कम विधायकों वाला जदयू बीजेपी को बड़ा भाई नहीं मानता। भाजपा नेता लगातार कहते रहे कि वो जातीय जनगणना नहीं होने देंगे। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी बिहार में जातीय जनगणना करवाने से इनकार कर दिया है। बावजूद इसके नीतीश अड़े रहे। जाहिर है राजनीति में इस अड़ियल रुख के सियासी मायने होते हैं। 12 फरवरी 1994 को पटना के गांधी मैदान में कुर्मी चेतना रैली को संबोधित करते हुए नीतीश कुमार ने कहा था ह्यअधिकार चाहिए सम्मान चाहिए इस रैली से पहले यह हवा उड़ाई गई थी कि तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू प्रसाद कोइरी और कुर्मी जाति को ओबीसी से बाहर करने वाले हैं। इसके बाद राज्यभर में कोइरी और कुर्मी बिरादरी में गुस्सा भर गया था। इस अफवाह ने तब नीतीश कुमार को बड़ा मौका दिया और वो देखते ही देखते राज्य भर में लालू विरोध का सबसे बड़ा चेहरा बन गए। जातिवादी मंच से जातिवादी राजनीति का बिगुल फूंक नेता बने नीतीश कुमार ने तब से अब तक बहुत ही करीने से जातीय समीकरण साधे और सत्ता की धुरी बने रहे। मौजूदा जातीय जनगणना की मांग उनकी उसी जातीय राजनीति का विस्तार है। नीतीश कुमार यह भली-भांति जानते हैं कि राज्य सरकार को जनगणना का कोई अधिकार नहीं है। भारत के संविधान के अनुच्छेद 246 के तहत जनगणना संघ का विषय है। राज्य सरकार द्वारा करवाई गई ऐसी कोई भी गिनती कानूनी रूप से जनगणना नहीं मानी जाएगी। नीतीश कुमार ये भी जानते हैं कि उनके इस कथित जनगणना के आधार पर न तो सरकार कोई नीतिगत फैसले ले पाएगी और ना ही किसी जाति विशेष के लिए कोई योजना बना पाएगी। मतलब साफ है कि ये कथित जनगणना सिर्फ जातिवादी राजनीति के काम आने वाली है। इसके जरिए हासिल किए गए आंकड़ों के बूते समाज को बांट-छांट कर राजनीत ही की जाएगी और कुछ नहीं किया जा सकेगा। लेकिन क्या नीतीश कुमार सिर्फ इतना ही चाहते हैं ऐसा नहीं लगता। दरअसल राज्य में ओबीसी राजनीत की धुरी बनती जा रही बीजेपी से नीतीश कुमार सशंकित हैं। नीतीश कुमार यह लगातार देख रहे हैं कि बीजेपी अब खुद को ओबीसी की पार्टी के तौर पर पूरी आक्रामकता के साथ पेश कर रही है। ऐसे में लगातार कमजोर होते जा रहे जदयू का आगे और बड़ा नुकसान संभव है।

**–असित नाथ तिवारी**

## हेड बनने के बाद पहली बार एनसीए पहुंचे वीवीएस लक्ष्मण, आर अश्विन ने खूब की टांग खिंचाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय दिग्गज बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण चीफ के रूप में नेशनल क्रिकेट अकैडमी (एनसीए) से जुड़ गए हैं। लक्ष्मण ने ट्वीट करके इसकी जानकारी दी। कोलकाता में हुई बीसीसीआई की वार्षिक आम सभा (एजीएम) की बैठक में लक्ष्मण के साथ ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के पूर्व गेंदबाजी कोच ट्रॉय कूली को राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के तेज गेंदबाजी कोच के रूप में नियुक्त करने पर सहमति दी गई थी। लक्ष्मण ने राहुल द्रविड़ का स्थान लिया है, भारत की सीनियर टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। लक्ष्मण ने एनसीए के अंदर की अपनी दो तस्वीरों के साथ ट्वीट किया, 'एनसीए में कार्यालय में पहला दिन। रोमांचक चुनौती। भारतीय क्रिकेट के भविष्य के साथ काम करने को लेकर उत्साहित हूं।' पिछले महीने संयुक्त अरब अमीरात में टीम के टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर होने के बाद द्रविड़ के टीम इंडिया के हेड कोच के रूप में पदभार संभालने के बाद एनसीए चीफ का बड़ा पद खाली हो गया था।

### टीम इंडिया के लिए आई बुरी खबर

## उपकप्तान रोहित शर्मा टेस्ट सीरीज से हुए बाहर



**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए रवाना होने से पहले टीम इंडिया को एक तगड़ा झटका लगा है। टी20 के बाद टीम के वनडे टीम के कप्तान बनाए गए रोहित शर्मा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं। बीसीसीआई ने ट्विटर पर बताया कि चोटिल रोहित की जगह प्रियांक पांचाल को भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। रोहित को मुंबई में टीम के नेट्स प्रैक्टिस के दौरान बाएं पैर की मांसपेशियों की पुरानी चोट उभर आई और साथ ही उनके हाथ में भी चोट लग गई थीं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक बयान में कहा, 'टीम इंडिया के उपकप्तान रोहित शर्मा को कल मुंबई में ट्रेनिंग सत्र के दौरान बाएं पैर की मांसपेशियों में चोट लगी। वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी तीन टेस्ट की सीरीज से बाहर हो गए हैं। प्रियांक पांचाल टेस्ट टीम में रोहित शर्मा की जगह लेंगे।' भारत को दक्षिण अफ्रीका दौरे पर 26 दिसंबर से तीन मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। टीम इंडिया 16 दिसंबर को दक्षिण अफ्रीका के लिए रवाना होगी। नए टेस्ट उप-कप्तान रोहित अपने साथी अजिंक्य रहाणे, ऋषभ पंत, केएल राहुल और शार्दुल ठाकुर के साथ दोपहर को शरद पवार एकेडमी में नेट्स पर अभ्यास कर रहे थे। उसी दौरान रोहित को चोट को हाथों में चोट लग गई। रोहित के टेस्ट सीरीज से बाहर होने के बाद प्रियांक पांचाल को उनकी जगह टीम में शामिल किया गया है। पांचाल हाल में इंडिया-ए के कप्तान थे, जिनकी कप्तानी में टीम ने तीन मैचों की सीरीज खेली थी। 31 साल के पांचाल ने अब तक इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू नहीं किया है। लेकिन इस बल्लेबाज के पास अच्छा अनुभव है और वे 100 फर्स्ट क्लास मैच में 46 की औसत से 7011 रन बना चुके हैं। रोहित के बाहर होने के बाद अब भारतीय टीम का उपकप्तान कौन होगा, अभी यह तय नहीं है। टेस्ट सीरीज 15 जनवरी को खत्म होगी जिसके बाद पार्ल में 19 जनवरी से तीन वनडे मैचों की सीरीज खेली जाएगी।

रोहित मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्पलेक्स में प्रैक्टिस कर रहे थे तभी उन्हें चोट लग गई थी। टेस्ट सीरीज से बाहर होने के बाद अब रोहित का वनडे सीरीज में भी खेलना तय नहीं लग रहा है। प्रैक्टिस के दौरान टीम इंडिया के थ्रो-डाउन स्पेशलिस्ट रघुवेंद्र (रघु) ने बल्लेबाजी की प्रैक्टिस कराई थी। लेकिन उनकी एक गेंद रोहित के ग्लव्स पर जा लगी। इसके बाद रोहित दर्द से कराहते हुए नजर आए और वह कुछ देर तक नर्वस भी दिखाई दिए थे। वर्कलोड को देखते हुए वह न्यूजीलैंड के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज में भी टीम का हिस्सा नहीं थे।

### दक्षिण अफ्रीका को लगा तगड़ा झटका

## तीसरे टेस्ट में नहीं खेलेंगे क्विंटन डिकॉक

**नई दिल्ली।** भारत के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले मेजबान दक्षिण अफ्रीका को तगड़ा झटका लगा है। विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक सीरीज के तीसरे टेस्ट में नहीं खेलेंगे। खबरें है कि इस दौरान क्विंटन डिकॉक पिता बनने वाले हैं। दक्षिण अफ्रीका को 26 दिसंबर से भारत के साथ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। तीसरा टेस्ट 11 से 15 जनवरी तक केप टाउन में खेला जाना है। रिपोर्ट के अनुसार, क्विंटन डिकॉक की पत्नी साशा जनवरी की शुरूआत में अपने पहले बच्चे को जन्म देने वाली है और बायो बबल को देखते हुए डिकॉक दूसरे और टेस्ट से बाहर रह सकते हैं। दक्षिण अफ्रीका में ओमिक्रॉन के खतरों के कारण सीरीज बायो-बबल में खेली जाएगी। ऐसे मे डिकॉक का टेस्ट सीरीज के अंतिम दो टेस्ट मैचों से बाहर रहना तय है। भारतीय टीम 16 दिसंबर को मुंबई से दक्षिण अफ्रीका के लिए रवाना होगी। दक्षिण अफ्रीका के सिलेक्टर संयोजक विक्टर म्पित्सांग ने ईएसपीएनक्रिकइंफो से पुष्टि की कि उन्हें इसकी उम्मीद है कि डिकॉक 'कम से आखिरी टेस्ट में नहीं खेलेंगे। यदि डिकॉक को अंतिम टेस्ट से पहले बायो बबल छोड़ने की जरूरत होती है, तो उनकी काइल वेरेन और रयान रिकेल्टन में से किसी को एक टीम में मौका मिल सकता है। वेरेन ने जून में वेस्टइंडीज दौरे पर दक्षिण अफ्रीका के लिए डेब्यू किया था। लेकिन रिकेल्टन को अभी तक इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू का मौका नहीं मिला है। डिकॉक ने दक्षिण अफ्रीका के लिए अपना पिछला मैच टी20 विश्व कप में खेला था।



## अपने शानदार प्रदर्शन से ऑस्ट्रेलिया को बनाया टी20 वर्ल्ड चैंपियन, अब आईसीसी ने चुना बेस्ट क्रिकेटर

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के आक्रामक सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर और वेस्टइंडीज की ऑलराउंडर हेली मैथ्यूज नवंबर महीने में आईसीसी के बेस्ट पुरुष और महिला क्रिकेटर चुने गए हैं। वॉर्नर ने अपने शानदार प्रदर्शन से पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज आबिद अली और न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउदी को पछाड़ा। वॉर्नर ने टी20 वर्ल्ड कप 2021 में 48.16 की औसत से 289 रन बनाए थे। उनकी पारी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को हराकर पहली बार टी20 वर्ल्ड कप जीता था। मैथ्यूज ने पाकिस्तान की अनम अमीन और बांग्लादेश की नाहिदा अख्तर को मात दी।



वॉर्नर ने टी20 वर्ल्ड कप में शानदार प्रदर्शन कर ऑस्ट्रेलिया को वर्ल्ड चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। वॉर्नर हाल ही में टी20 विश्व कप 2021 में 'प्लेयर आफ द टूर्नामेंट' चुने गए थे। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में 53 और पाकिस्तान के खिलाफ सेमीफाइनल में 49 रन बनाए थे। वह वेस्टइंडीज के खिलाफ सुपर 12 चरण के मैच में भी प्लेयर आफ द मैच रहे थे जिसमें उन्होंने 56 गेंद में नाबाद 89 रन बनाए थे। महिला क्रिकेटरों की बात करें तो आईसीसी नवंबर महीने के लिए प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड की रेस में बांग्लादेश की नाहिदा अख्तर, पाकिस्तान की अनम अमीन और वेस्टइंडीज की हेले मैथ्यूज को नॉमिनेट किया गया था। लेकिन मैथ्यूज यह पुरस्कार पानें में सफल रहीं। मैथ्यूज ने नवंबर में चार वनडे मैचों में लगातार अच्छा प्रदर्शन करते हुए 141 रन बनाए और 13.11 की औसत से नौ विकेट हासिल किए थे।

## मुंबई इंडियंस को तीन बार आईपीएल जिताने वाले दिग्गज क्रिकेटर महेला जयवर्धने को श्रीलंका ने सौंपी बड़ी जिम्मेदारी

**नई दिल्ली।** श्रीलंका ने अपने पूर्व कप्तान और दिग्गज बल्लेबाज महेला जयवर्धने को टी20 वर्ल्ड कप 2022 से पहले बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। जयवर्धने को श्रीलंका क्रिकेट टीम का कंसलटेंट कोच बनाया गया है और उनका कॉन्ट्रैक्ट एक साल का है। श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने कहा कि पूर्व कप्तान जयवर्धने को एक जनवरी 2022 से एक साल के लिए अपनी नेशनल क्रिकेट टीम का सलाहकार कोच नियुक्त किया है। श्रीलंका क्रिकेट के सोमवार को जारी बयान के अनुसार जयवर्धने राष्ट्रीय टीम से जुड़े सभी क्रिकेट मसलों के प्रभारी होंगे तथा खिलाडियों और 'हाई परफोरमेन्स सेंटर' में प्रबंधन दल को महत्वपूर्ण सुझाव देंगे। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की टीम मुंबई इंडियन्स के कोच रहे जयवर्धने को यह भूमिका श्रीलंका क्रिकेट की कार्यकारी समिति ने श्रीलंका क्रिकेट की तकनीकी



सलाहकार समिति से परामर्श के बाद सौंपी है। एसएलसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एश्ले डिसिल्वा ने कहा, 'हमें बहुत खुशी है कि माहेला विस्तृत भूमिका में राष्ट्रीय टीम से जुड़ रहे हैं। श्रीलंका का 2022 में काफी व्यस्त कार्यक्रम है और इस संदर्भ में यह महत्वपूर्ण है।' जयवर्धने को हाल में यूएई में समाप्त हुए आईसीसी टी20 विश्व कप के लिए श्रीलंका का सलाहकार नियुक्त किया गया था। अपने करियर में 149 टेस्ट और 448 वनडे खेलने वाले जयवर्धने ने कहा, 'राष्ट्रीय क्रिकेटरों और हमारी विभिन्न टीमों के कोच के साथ काम करने का यह शानदार मौका है जिनमें अंडर-19 और 'ए' टीम भी शामिल है। मेरी मुख्य भूमिका अपनी टीम के राष्ट्रीय कोच और सहयोगी स्टाफ के सदस्यों की मदद करना होगा। मैं श्रीलंका क्रिकेट को लेकर बेहद जुनूनी हूं तथा मेरा मानना है कि आपसी समन्वय और सभी आयु वर्गों के साथ समग्र दृष्टिकोण अपनाने से हम भविष्य में लगातार सफलताएं हासिल कर सकते हैं।' जयवर्धने अभी अंडर-19 टीम को अगले साल वेस्टइंडीज में होने वाले आईसीसी अंडर-19 विश्व कप के लिये तैयार करने में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। एसएलसी ने कहा कि वह नई जिम्मेदारी मिलने के बावजूद यह भूमिका निभाते रहेंगे। जयवर्धने अभी अंडर-19 टीम को अगले साल वेस्टइंडीज में होने वाले आईसीसी अंडर-19 विश्व कप के लिये तैयार करने में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। एसएलसी ने कहा कि वह नई जिम्मेदारी मिलने के बावजूद यह भूमिका निभाते रहेंगे। जयवर्धने आईपीएल में मुंबई इंडियंस के हेड कोच हैं। उनके कोच रहते मुंबई इंडियंस ने साल 2017, 2019 और 2020 में भी मुंबई को आईपीएल खिताब जीता है।

### टेस्ट सीरीज से पहले टीम इंडिया के लिए आई बुरी खबर !

## उपकप्तान रोहित शर्मा अभ्यास के दौरान हुए चोटिल



**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका दौरो के लिए रवाना होने से पहले टीम इंडिया को एक तगड़ा झटका लगा है। टी20 के बाद टीम के वनडे टीम के कप्तान बनाए गए रोहित शर्मा मुंबई में अभ्यास के दौरान चोटिल हो गए। चोटिल होने के कारण रोहित ने ज्यादा देर तक अभ्यास में भाग नहीं लिया। नए टेस्ट उप-कप्तान रोहित अपने साथी अजिंक्य रहाणे, ऋषभ पंत, केएल राहुल और शार्दुल ठाकुर के साथ दोपहर को शरद पवार एकेडमी में नेट्स पर अभ्यास कर रहे थे। उसी दौरान रोहित को चोट को हाथों में चोट लग गई। हालांकि, इसे लेकर अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। रिपोर्ट के मुताबिक, रहाणे ने करीब 45 मिनट तक बल्लेबाजी का अभ्यास किया। उनके बाद प्रैक्टिस के लिए रोहित शर्मा आए। उन्हें टीम इंडिया के थ्रो-डाउन स्पेशलिस्ट रघुवेंद्र (रघु) ने बल्लेबाजी की प्रैक्टिस कराई। उनकी एक गेंद रोहित के ग्लव्स पर जा लगी।

इसके बाद रोहित दर्द से कराहते हुए नजर आए और वह कुछ देर तक नर्वस भी दिखाई दिए। दक्षिण अफ्रीका दौरे पर होने वाली टेस्ट सीरीज के लिए रोहित के अलावा ऋषभ पंत, केएल राहुल, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी जैसे सीनियर खिलाड़ियों की वापसी हुई है। ये खिलाड़ी न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में नहीं खेले थे। भारतीय टीम 16 दिसंबर को मुंबई से दक्षिण अफ्रीका के लिए रवाना होगी। दक्षिण अफ्रीका में ओमिक्रॉन के खतरों के कारण सीरीज बायो-बबल में खेली जाएगी। दक्षिण अफ्रीका दौरे पर भारत को तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला टेस्ट 26 दिसंबर से सेंचुरियन के सुपरस्पोर्ट पार्क में खेलना है।

**दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम-**
विराट कोहली **(कप्तान)**, रोहित शर्मा **(उपकप्तान)**, केएल राहुल, मयंक अग्रवाल, चेतेश्वर पुजारा, अजिंक्य रहाणे, श्रेयस अय्यर, हनुमा विहारी, ऋषभ पंत **(विकेटकीपर)**, ऋद्धिमान साहा **(विकेटकीपर)**, रविचंद्रन अश्विन, जयंत यादव, ईशांत शर्मा, मोहम्मद शमी, उमेश यादव, जसप्रीत बुमराह, शार्दूल ठाकुर, मोहम्मद सिराज।
**स्टैंडबाई प्लेयरः** नवदीप सैनी, सौरभ कुमार, दीपक चाहर, अर्जन नागवासवाला।

## ओलंपिक में मुक्केबाजी को बनाये रखने के लिये एआईबीए बना आईबीए, संविधान में किये संशोधन

**नयी दिल्ली।** ओलंपिक में मुक्केबाजी के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिये अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ ने अपनी विशेष आभासी कांग्रेस में स्वतंत्र समूह द्वारा सुझाये गये कई महत्वपूर्ण संवैधानिक संशोधनों को मंजूरी देने के साथ ही आलोचनाओं के घेरे में रहे अपने रेफरी और जजों को फिर से प्रमाणित करने की प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा की। मुक्केबाजी खेल पेरिस ओलंपिक 2024 में बना रहेगा लेकिन इसे लास एंजिल्स खेल 2028 के प्रारंभिक खेलों की सूची में नहीं रखा गया है। इस खेल का भविष्य सुशासन पर निर्भर है जैसा कि अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) चाहती है।

अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ को पहले एआईबीए कहा जाता था लेकिन अब इसे छोटे रूप में आईबीए कहा जाएगा। आईबीए कांग्रेस के संवैधानिक सुधारों को मंजूरी देने से पहले आईबीए ने प्रोफेसर उलरिच हास के नेतृत्व वाले स्वतंत्र शासन सुधार समूह (जीआरजी) की एक रिपोर्ट में की गयी सिफारिशों को सर्वसम्मति से स्वीकार किया था। आईबीए अध्यक्ष उमर क्रेमलेव ने सोमवार को वैश्विक मीडिया के साथ वर्चुअल संवाददाता सम्मेलन में कहा, ह्यह्यमुझे इस पद पर ठीक एक साल हो गया है।

हमने एक स्थिर भविष्य के लिये तैयारियां की हैं। हम नयी ऊंचाइयों पर पहुंचने के लिए तैयार हैं ह्यह्य उन्होंने कहा, ह्यह्यआओ मुक्केबाजी के नये युग की शुरूआत करें। हमने एक नया अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ बनाने के लिए अपने समृद्ध इतिहास से सर्वश्रेष्ठ अवयवों को लिया है। हम पुराने मूल्यों के साथ नये तरीके से काम करेंगे। क्रेमलेव ने कहा, ह्यह्यकांग्रेस ने सभी सिफारिशों को मंजूरी प्रदान कर दी है। जब 30 जून 2022 को चुनाव होंगे तो हम नये चेहरे देखेंगे ह्यह्य आईओसी ने 2019 में मुक्केबाजी संघ को निलंबित कर दिया था। उसने कार्यबल के जरिये तोक्यो ओलंपिक में मुक्केबाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया था। उसने एआईबीए के शासन, वित्त, रेफरी और जज प्रणाली पर गंभीर चिंता व्यक्त की थी। क्रेमलेव ने जज और रेफरी प्रणाली में सुधार की अपनी प्रतिबद्धता फिर से दोहरायी और कहा कि रियो ओलंपिक 2016 के दौरान जिन अधिकारियों को हेराफेरी करने का दोषी पाया गया उन पर पूर्ण प्रतिबंध लगेगा और यहां तक कि दर्शकों के रूप में भी उनका स्वागत नहीं किया जाएगा। उन्होंने इसके साथ ही कहा कि आईबीए की वित्तीय स्थिरता आईओसी के लिये प्रमुख मुद्दा रहा है जिसे काफी हद तक सुलझा दिया गया है।

## वीवीएस लक्ष्मण बोले, मयंक अग्रवाल ने अपने आत्मविश्वास के दम पर वापसी की

**मुंबई।** अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज और जल्द ही राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के प्रमुख का पद संभालने वाले वीवीएस लक्ष्मण का मानना है कि मयंक अग्रवाल के न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में शानदार प्रदर्शन से उनके आत्मविश्वास का पता चलता है। रोहित शर्मा और केएल राहुल की अनुपस्थिति में श्रृंखला में खेल रहे सलामी बल्लेबाज अग्रवाल कानपुर में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाये लेकिन दूसरे मैच में उन्होंने 150 और 62 रन की शानदार पारियां खेली जिसके लिये उन्हें मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। लक्ष्मण ने स्टार स्पोर्ट्स के एक कार्यक्रम में कहा, ह्यह्यउन्होंने अपने आत्मविश्वास को बहुत अधिक महत्व दिया।

## 18 फुट चौड़ी होगी माइनर की पटरी,16 दिसम्बर को आएगा पानी

**अखंड भारत संदेश**

**किशनी।** नगर से निकल रहे समान माइनर की सही सफाई न होने किसानों में आक्रोश था।पिछले दिनों भाकियू किसान के जिलाध्यक्ष अनुरूद्ध दुबे ने अपने सैकड़ों साथियों के साथ इसके विरोध में पांच दिन तक तहसील पर धरना प्रदर्शन किया था।किसानों के धरने पर पहुंचे इटावा प्रखंड के एसडीओ धर्मपाल मित्तल को भारी विरोध का सामना करना पड़ा था। रविवार को बटपरू पुलिया से सदर बाजार में आबादी क्षेत्र तक जेसीबी से माइनर की सफाई कराई गई।एसडीओ धर्मपाल मित्तल व ठेकेदार शैलेन्द्र यादव ने मौके पर मौजूद रहकर दो दर्जन मजदूरों से माइनर के अंदर से सिल्ट निकलवाई।एसडीओ धर्मपाल मित्तल ने कहाकि माइनर की तली की सिल्ट मजदूरों से निकलवाई जा रही है जिससे माइनर का पानी ओवरफ्लो नहीं होगा।बटपरू पुलिया से सदर बाजार में आबादी क्षेत्र तक माइनर के दोनों तरफ मध्य से 28 फुट दूरी तक लगभग 18 फुट चौड़ी कच्ची पटरी बनाई जाएगी जिससे माइनर की सफाई में समस्या का सामना न करना पड़े।इसके लिए विभाग के कर्मचारियों से नाप करा ली गयी है।पटरी चौड़ी होने से किसानों को आवागमन में सुविधा होने के साथ ही सफाई में भी समस्या नहीं आएगी।ठेकेदार से सफाई में मानकों का ध्यान रखने को कहा गया है।हर हाल में पानी टेल तक पहुंचाया जाएगा।इस समय किसानों को गेंहू,सरसों,आलू व लहसुन की फसल में पानी की आवश्यकता है।इसलिये आगामी 16 दिसम्बर को माइनर में पानी आयेगा।

## विवाहिता सहित दो लोगों की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही।** अलग-अलग थाना क्षेत्रों में रविवार को एक विवाहिता व एक युवक की मौत हो गई। विवाहिता के मायके वालों ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए ससुराल पक्ष के लोगों पर कार्रवाई की मांग की है। विवाहिता स्वाती पांडेय (24) और युवक रोहित विश्वकर्मा (21) की मौत से परिजनों में मातम छा गया। मौतें औराई के झौंवा और कोइरौना के हरिरामपुर गांव में हुईं।

स्वाती पांडेय की मौत मामले में विंध्याचल (मिजार्पुर) से रोते-बिलखते पहुंचे मायकों वालों ने हत्या का आरोप लगाकर ससुराल पक्ष पर कार्रवाई की मांग की। आरोप लगाते हुए बताया कि स्वाती पांडेय की शादी औराई थाना क्षेत्र के झौंवां निवासी पारसनाथ पांडेय के साथ हुई थी। दो बच्चों के जन्म होने के बाद भी ससुराल पक्ष दहेज को लेकर स्वाती का उत्पीड़न कर रहे थे और रात में उसकी हत्या कर राज को छिपाने के लिए शव पंखे से लटका दिया। प्रभारी निरीक्षक औराई सदानंद सिंह ने कहा कि शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। उन्होंने बताया कि मायके पक्ष की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। दूसरी घटना कोइरौना थाना क्षेत्र के हरिरामपुर निवासी रोहित विश्वकर्मा के साथ हुई। परिवार के लोगों ने अंतिम संस्कार कर दिया।

उप निरीक्षक कटरा अविनाश तिवारी के अनुसार परिवार के लोगों ने बताया कि रोहित सिंचाई करने के लिए खेत पर गया था। वहां से वापस आने के बाद तबियत बिगड़ी और मौत हो गई। ठंड की आशंका जतायी गई। उन्होंने बताया कि सूचना पर पुलिस मौके पर गई थी, लेकिन परिजन ठंड लगने से मौत की बात कह रहे हैं।

## गांवों से गुजरी तिरंगा यात्रा, गूंजे देशभक्ति गीत

**भदोही।** ज्ञानपुर ब्लॉक क्षेत्र के बैरीपरवा गांव में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत रविवार को जन जागरण तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा दर्जन भर से अधिक गांवों में भ्रमण करते हुए नथईपुर आकर समाप्त हुई। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रचारक विजय पांडे ने भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर यात्रा का शुभारंभ किया। जिला पंचायत सदस्य मुनेश्वर प्रसाद गुप्ता ने कहा कि आजादी में अपने प्राणों की आहुति देने वाले क्रांतिकारियों की याद में यात्रा निकाली जा रही है। इस दौरान बैरीपरवा, कुसौली, नथईपुर सहित एक दर्जन से अधिक गांवों में पहुंची तिरंगा यात्रा में बज रहे देशभक्ति गीत सुनकर लोग देश भक्ति की भावना ओतप्रोत रहे। इस मौके पर दिनेश पांडेय, माता शंकर पांडेय, लालचंद साहू, सुभाष पाल, हरिओम सिंह, रमाकांत तिवारी, अजय उपाध्याय, विजय हलवाई, आशुतोष पांडेय, सौरभ मालवीय, राहुल सिंह, रमाशंकर पांडेय आदि मौजूद रहे।

## भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर कांग्रेसजनों ने किया प्रदर्शन

**भदोही।** कांग्रेस कार्यकताओं ने रविवार को अधिशासी अभियंता विद्युत सदर कार्यालय में भ्रष्टाचार व्याप्त होने का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियो ने अधिकारियों से कार्यप्रणाली में बदलाव लाने, मनमानी बिजली पर रोक लगाने, जर्जर तारों को अभियान चलाकर बदल्वाने की मांग की। जिलाध्यक्ष पं.राजन दुबे ने चेतावनी दी कि अधिकारियों की कार्यप्रणाली में बदलाव नहीं किया गया तो बड़े पैमाने पर आंदोलन शुरू किया जाएगा। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि नगर में 22 घंटे और ग्रामीण क्षेत्रों में 20 घंटे का रोस्टर निर्धारित कर बिजली आपूर्ति का निर्देश दिया गया है, लेकिन संविदा लाइनमैन मनमाना कटौती करते हैं। एक दशक पूर्व लगे तार-खंभे बिजली का बढ़ा लोड नहीं झेल पा रहे हैं। हल्की हवा चलने व बूंदाबांदी शुरू होते ही कब और कहां तार टूट कर गिर जाएंगे, कुछ नहीं कहा जा सकता। कई साल से चल रही सौभाग्य योजना के नाम पर विभाग की तरफ से करोड़ों रुपये खर्च कर दिए गए, लेकिन घर-घर बिजली नहीं पहुंच सकी। आरोप लगाया कि उपभोक्ताओं को मिलने वाली सुविधाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गइं और विभाग किसानों, गरीबों, मजदूरों के नाम पर मनमाना बिल भेज रहा है। किसान सिंचाई के लिए परेशान हैं, जिनकी समस्या दूर करने वाला कोई नहीं है। प्रदर्शन में सुरेश मिश्रा, सत्येंद्र तिवारी, शिवम शुक्ला, आनंद कुमार, विनय आदि शामिल रहे।

# काशी की हजारों वर्ष पुरानी उलझनों को पीएम मोदी ने दूर किया: योगी आदित्यनाथ

**बनारस।** हजारों वर्ष पहले हिमालय में मां गंगा शिव की जटाओं में उलझ गई थीं या काशी के मणिकर्णिका में उलझी थीं। इस उलझन को दूर करने का काम भारत माता के सपूत नरेन्द्र मोदी ने किया है। यही नहीं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम पर राजनीति करके सत्ता कई पार्टियों ने पाई है लेकिन काशी की गंदगी और तंग गलियों की उनकी पीढ़ा को प्रधानमंत्री ने दूर किया है। यह बातें श्रीकाशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कही। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज बाबा विश्वनाथ की कृपा हम सब पर बरस रही है। पूज्य संतों का आशीर्वाद और प्रधानमंत्री की अहेतुक प्रेरणा काशीवासियों के लिए खुशी दे रही है। उन्होंने काशीवासियों समेत उन भारतवासियों को जिन्हे यहां की संस्कृति, परम्परा प्यारी है उन्हें आह्लादित और आनन्दित किया है। उन भारतवासियों की हजारों वर्षों की तपस्या आज सार्थक होती दिखाई दे रही है जिन्होंने एक हजार वर्षों में जिस तरह जिन विपरीत परिस्थितियों का सामना काशी को करते हुए देखा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 1777 में इन्दौर की महारानी अहिल्याबाई ने बाबा विश्वनाथ के मंदिर का जीरणोद्धार कराया और महाराज रणजीत सिंह ने मंदिर के शिखर को 23 मन सोने से मढ़वाने में योगदान दिया। उन्होंने कहा कि काशी में बाबा विश्वनाथ धाम और अयोध्या में राममंदिर का निर्माण की कार्रवाई प्रधानमंत्री मोदी की उसी श्रृंखला को आगे बढ़ाता है जिसमें योग की परम्परा हो या प्रयागराज में कुंभ का आयोजन हुआ। नरेन्द्र मोदी ने यह सब भारत को वैश्विक मंच पर स्थापित करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने काशी की तंग गलियों और यहां की गंदगी पर अपनी पीढ़ा व्यक्त की थी। लेकिन कई पार्टियों ने उनके नाम पर सत्ता तो हथिया ली लेकिन उनके इच्छा पूरा करने का काम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया।



बाबा विश्वनाथ धाम का चमकता शिखर, मां गंगा के सजे घाट, जगह- जगह सजे तोरणद्वार, जयघोष करती हुई शिवभक्तों की भीड़, देशभर के साधु-संतों का जमावड़ा, काशी की पावन धरा पर दंडवत प्रधानमंत्री व राज्यों के दर्जन भर मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, नेता और अफसर। बाबा विश्वनाथ की काशी सोमवार को ऐसे ही अद्भुत और अलौकिक रूप में दिखी। काशी की गलियों से लेकर घर, मुहल्ले और सड़क तक सब शिवमय था। काशी विश्वनाथ धाम से लेकर छोटे-छोटे शिवालयों और मंदिरों में जैसे खुद बाबा विश्वनाथ का प्रतिरूप निखर रहा था। मंदिरों की यह अद्भुत छटा मन को मोह रही थी। सोमवार की सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगभग साढ़े दस बजे काशी पहुंचे। सबसे पहले प्रधानमंत्री ने काशी के कोतवाल काल भैरव के दरबार में हाजिरी लगाई। इसके बाद खिड़किया घाट से क्रूज पर सवार होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ललिता घाट पहुंचे। श्री काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण के पूर्व सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ललिताघाट पर गेरूआ वस्त्र धारण कर पवित्र गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। गंगा में पुष्प अर्पित कर भगवान सूर्य को जल देने के बाद प्रधानमंत्री पूरे आस्था के साथ कलश में गंगा जल भर पैदल ही जेटी पर पहुंचे। यहां गीला वस्त्र बदलने के बाद नया वस्त्र परम्परागत धोती, कुर्ता, रेशमी दुपट्टा धारण कर प्रधानमंत्री कार से गंगाजल कलश लेकर मंदिर चौक तक गये। फिर डमरूओं के नाद के बीच लोगों का अभिवादन स्वीकार करते हुए बाबा विश्वनाथ के गर्भगृह में हाजिरी लगाई। अपने संकल्प को मूर्त रूप लेने पर प्रधानमंत्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच बेहद खास रेवती नक्षत्र और रवि महायोग में आदि विश्वेश्वर के पावन ज्योर्तिलिंग पर गंगा जल सहित पवित्र नदियों के जल से जलाभिषेक किया। उनके प्रति अपार आस्था दिखाई। श्री काशी विद्वत परिषद के मार्गदर्शन में मंदिर के अर्चक पं.श्रीकांत मिश्र, डॉ नागेन्द्र पांडेय, पं.ओमप्रकाश मिश्र आदि ने मंत्रोच्चार के बीच बाबा का षोडशोपचार पूजन प्रारम्भ कराया। प्रधानमंत्री ने बाबा से राष्ट्र उन्नति, विश्व कल्याण, के लिए मानस प्रार्थना की। गौरतलब है कि धाम के लोकार्पण का शुभ मुहूर्त अयोध्या में श्री राम मंदिर निर्माण शिलान्यास के लिए मुहूर्त निकालने वाले आचार्य गणेश्वर शास्त्री द्रविण ने ही तय किया है। आचार्य द्रविण ने धाम लोकार्पण के शुभ मुहूर्त के बारे में कहा है कि विक्रम संवत 2078 शालिवाहनशक,1943 शुक्ल पक्ष दशमी तिथि सोमवार के दिन रेवती नक्षत्र और श्लेषा नाड़ी का काल 20 मिनट का है। इसी कालखंड में लोकार्पण सर्वोत्तम है।

## बीजेपी के लिए शशि थरूर ने इस्तेमाल किया ऐसा कठिन शब्द, लोग बोले- बहुत हार्ड

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के नेता और तिरुवनंतपुरम से सांसद शशि थरूर सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बने रहते हैं। कभी अपनी तस्वीरों के चलते तो कभी अंग्रेजी के अपने कठिन शब्दों के चलते



वे यूजर्स के निशाने पर आ जाते हैं। इसी कड़ी में उन्होंने बीजेपी सरकार पर निशाना साधने के लिए अंग्रेजी के एक कठिन शब्द का इस्तेमाल किया तो लोग चकरा गए और कहने लगे यह तो बहुत हार्ड है। शशि थरूर ने बकायदा अपने शब्दों में इसका मतलब भी बताया है। दरअसल, उन्होंने ट्विटर पर ऑलओडोक्साफोबिया शब्द का प्रयोग किया। उन्होंने लिखा, 'यह आज का शब्द है, यह वास्तव में पिछले सात वर्षों से है। इसका अर्थ है विचारों का बेवजह भय। इसका इस्तेमाल उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार लोगों पर राजद्रोह और यूएपीए के तहत मामले दर्ज कर रही है क्योंकि नेतृत्व ऑलओडोक्साफोबिया से पीड़ित है।' इसके बाद इस शब्द की व्याख्या करते हुए उन्होंने लिखा कि ग्रीक में ऑलो मतलब अलग, डॉक्सो मतलब विचार और फोबोस मतलब भय होता है।इसके बाद तो फिर इस पर लोग जबरदस्त कमेंट करने लगे। एक यूजर ने लिखा कि यह तो बहुत हार्ड है। यह पहला मौका नहीं है जब थरूर ने ट्विटर के यूजर्स को शब्दकोश खंगालने के लिए मजबूर किया हो। इससे पहले भी उन्होंने फैरागो सौर ट्रोग्लोडाइट जैसे अंग्रेजी शब्दों के जरिए यूजर्स को हैरान परेशान कर दिया था।बता दें कि इससे पहले हाल ही में कुछ यूजर्स ने शशि थरूर की एक वायरल तस्वीर पर उन्हें ट्रोल करना शुरू कर दिया था। इस तस्वीर में शशि थरूर दूल्हा और दुल्हन के साथ खड़े थे और गले में माला पहने थे।

## राकेश टिकैत बोले- 1 साल के आंदोलन के साथ कड़ी ट्रेनिंग करके आए किसान, 30-40 साल तक करते रहेंगे ये काम

**अमृतसर।** किसानों की घर वापसी के बाद भारतीय किसान यूनियन (इङव) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने सोमवार को अमृतसर में कहा कि किसान एक साल के आंदोलन की ट्रेनिंग करके आए हैं। हर मौसम में उनकी फिजिकल ट्रेनिंग हुई और इस ट्रेनिंग में वो कामयाब भी रहे। अब आगे 30-40 साल तक ये काम करते रहेंगे। टिकैत ने अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में दर्शन करने के बाद यह बात कही। जानकारी के अनुसार, केंद्र सरकार द्वारा तीन कृषि कानून वापस लिए जाने और किसानों की अन्य मांगें स्वीकार करने के बाद किसान अब अपने-अपने घरों को वापस लौट गए हैं। सर्दी, गर्मी, बारिश और कोरोना महामारी के बावजूद एक साल से भी अधिक समय तक दिल्ली की सीमाओं पर प्रदर्शन करने वाले किसान इसे अपनी जीत के तौर पर देख रहे हैं।



राकेश टिकैत ने शनिवार को बताया था कि अब किसान अपने-अपने घर जा रहे हैं, लेकिन हम 15 दिसंबर को घर जाएंगे क्योंकि देश में हजारों धरने चल रहे हैं, हम पहले उन्हें समाप्त करवाएंगे और उन्हें घर वापस भेजेंगे। लोगों ने प्रदर्शन स्थल खाली करने भी शुरू कर दिए हैं, इसमें 4-5 दिन लगेंगे। मैं 15 दिसंबर को निकलूंगा।राकेश टिकैत ने कहा था कि किसानों के आंदोलन को सफल बनाने में डॉक्टरों, अस्पतालों, खाप पंचायतों, सफाई कर्मियों, गुरुद्वारा समिति और अन्य गुरुधामों ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि आंदोलन सफल हुआ क्योंकि गुरु साहिब की कृपा थी। यहां तक कि तीनों कानूनों को वापस लेने की घोषणा भी गुरुपरब को हुई। किसान आंदोलन ने भाईचारे को और मजबूत किया है। गौरतलब है कि पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के हजारों किसान पिछले साल 26 नवंबर से राष्ट्रीय राजधानी की सीमाओं पर तीन कृषि कानूनों को रद्द करने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 19 नवंबर को किसानों की मुख्य मांगों में से एक विवादास्पद तीनों कृषि कानूनों को वापस लेने की घोषणा की गई थी। इसके लिए 29 नवंबर को संसद में एक विधेयक पारित किया गया था। हालांकि, किसानों ने यह मांग करते हुए अपना विरोध प्रदर्शन समाप्त करने से इनकार कर दिया था कि सरकार उनकी अन्य मांगों को पूरा करे जिसमें न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के लिए कानूनी गारंटी और किसानों के खिलाफ मामलों को वापस लेना शामिल है।

### गंगा घाट पर भव्य आरती में शामिल हुए प्रधानमंत्री मोदी, भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री भी रहे मौजूद

**बनारस।** काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर के लोकार्पण के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी में गंगा घाट पर भव्य आरती में शामिल हुए। इस अवसर पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा भी मौजूद रहे। इसके अलावा इस दौरान भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आरती के दौरान विवेकानंद क्रूज पर सवार थे। काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण के मौके पर आज वाराणसी में शिव दीपोत्सव मनाया जा रहा है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भव्य काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर का लोकार्पण किया था। काशी पहंचने पर सबसे पहले मोदी ने काल भैरव के दर्शन किए और फिर गंगा में डुबकी भी लगाई। काशी विश्वनाथ का विधिवत पूजा करने के बाद मोदी कॉरिडोर के निर्माण में लगे मजदूरों से मुलाकात भी की। इस दौरान गंगा घाट पूरी तरीके से भक्ति में सराबोर नजर आ रहा था। यहां के लोग अभूतपूर्व आनंद की अनुभूति ले रहे थे।

### भाजपा पर अखिलेश का तंज

# आखिरी समय में बनारस में ही रहा जाता है

**इटावा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सोमवार को काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के उद्घाटन के बाद भाजपा सरकार की ओर से एक महीने तक कार्यक्रम आयोजित करने पर समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कटाक्ष करते हुए कहा कि आखिरी समय में बनारस में ही रहा जाता है। यहां यादव से जब संवाददाताओं ने यह कहा कि वाराणसी में आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं और वहां एक महीने का कार्यक्रम रखा जा रहा है, तब उन्होंने कहा बहुत अच्छी बात है। एक महीना नहीं, दो महीने, तीन महीने रहें, अच्छी बात है। वह जगह रहने वाली है। आखिरी समय पर बनारस में ही रहा जाता है। हिंदू धर्म में जीवन के अंतिम दिनों में काशी में रहने को काफी महत्व दिया जाता है।



यादव ने भाजपा पर भगवान के मामले में भी झूठ बोलने का आरोप लगाते हुए सोमवार को दोहराया कि वह तमाम ऐसी परियोजनाओं का श्रेय ले रही है जिन्हें पिछली सपा सरकार ने शुरू कराया था। उन्होंने कहा, भाजपा नेता झूठ बोलते हैं। वे हमारे और आपके सामने तो झूठ बोल लें, लेकिन जब बात भगवान से जुड़ी हो तो झूठ नहीं बोलना चाहिए। प्रदेश में भाजपा जिन परियोजनाओं का उद्घाटन कर रही है वह हमारी ही सरकार की हैं। या तो हमारी सरकार ने उन्हें स्वीकृत किया था या उनका प्रस्ताव किया था। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री ने आज काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का उद्घाटन किया। पूर्व मुख्यमंत्री यादव ने रविवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा था कि यह परियोजना उनके शासनकाल में मंत्रिमंडल द्वारा पारित की गई थी। सपा प्रमुख ने कहा कि कुछ दिन पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इटावा आये और इस दौरान उन्होंने जिन विकास कार्यों का उद्घाटन किया वे सब सपा शासन में बने थे।

# आ गया एएफएसपीए हटाने का वक्त, इरोम शर्मिला ने कहा-नागालैंड की घटना आंख खोलने वाली

**कोलकाता।** इरोम शर्मिला का मानना है कि पूर्वोत्तर से विवादास्पद सुरक्षा कानून आफस्पा को हटाने का समय आ चुका है। इरोम शर्मिला सशस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम (आफस्पा) के खिलाफ 16 सालों तक भूख हड़ताल करने वाली मानवाधिकार कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहाकि नागालैंड में सुरक्षा बलों की गोलीबारी में नागरिकों की मौत की घटना आंख खोलने वाली साबित होनी चाहिए।



शर्मिला ने कहाकि आफस्पा न सिर्फ दमनकारी कानून है बल्कि यह मूलभूत मानवाधिकारों का व्यापक उल्लंघन करने जैसा है। आफस्पा सुरक्षा बलों को बिना किसी पूर्व वारंट के कहीं भी अभियान चलाने और किसी को भी गिरफ्तार करने का अधिकार देता है। पूर्वोत्तर में, यह असम, नागालैंड, मणिपुर (इंफाल नगर परिषद क्षेत्र को छोड़कर) और असम की सीमा से लगे अरुणाचल प्रदेश के कुछ जिलों में लागू है। अपनी लंबी चली भूख हड़ताल को 2016 में खत्म करने वाली शर्मिला ने पीटीआई-भाषा को टेलीफोन पर दिए एक साक्षात्कार में कहाकि नागालैंड की घटना ने एक बार फिर दिखाया है कि क्यों पूर्वोत्तर से कठोर आफस्पा को वापस लिया जाना चाहिए।

यह घटना आंखें खोलने वाली होनी चाहिए। मानव जीवन इतना सस्ता नहीं है। इरोम शर्मिला ने कहाकि इस क्षेत्र के लोग कब तक इसके कारण पीड़ित रहेंगे उग्रवाद से लड़ने के नाम पर आप लोगों के मूल अधिकार नहीं छीन सकते। इससे निपटने के और भी तरीके हैं। नागालैंड के मोन जिले में चार दिसंबर और उसके अगले दिन उग्रवाद विरोधी अभियान और जवाबी हिंसा में कम से कम 14 नागरिक मारे गए और एक सैनिक भी मारा गया था। शर्मिला ने कहाकि 1958 में अधिनियम के पारित होने और उत्तर-पूर्व में बाद में लागू होने के बाद, क्या इसने वांछित उद्देश्य को प्राप्त किया यदि नहीं, तो इसे जनता पर थोपने का क्या फायदा है यह उचित समय है जब केंद्र और राज्य सरकारें एक साथ बैठें और इस पर विचार करें।

### बढ़ रही हैं लड़कियां...अर्धसैनिक बलों में पांच साल के अंदर 14 हजार महिला जवान शामिल

**नई दिल्ली।** अर्धसैन्य बलों में पिछले पांच वर्षों में महिला कर्मियों की संख्या काफी बढ़ गई है। महिला कर्मियों की संख्या फरवरी, 2016 में 20,568 थी, लेकिन अगस्त, 2021 तक यह संख्या बढ़कर 34,778 हो गई। करीब 14,210 अतिरिक्त महिलाओं को पांच वर्षों की अवधि में अर्धसैन्य बलों में नियुक्त किया गया। गृह मंत्रालय से संबद्ध संसदीय समिति ने सिफारिश की है कि जागरूकता के साथ स्कूल स्तर से ही बच्चों के साथ इंटरेक्टिव सेशन आयोजित किया जाना चाहिए, जिससे महिलाओं को देश की सीमाओं की निगरानी करने वाले बलों और अन्य सुरक्षा बलों में ज्यादा संख्या में भर्ती किया जा सके।

## *बीजेपी की महिला नेता ने संजय राउत के खिलाफ दर्ज कराई एफआईआर अपशब्दों के इस्तेमाल का लगाया आरोप*

**नई दिल्ली।** शिवसेना के राज्यसभा सांसद संजय राउत के खिलाफ दिल्ली में मामला दर्ज किया गया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की एक नेता ने संजय राउत पर टेलीविजन पर प्रसारित एक इंटरव्यू के दौरान भाजपा कार्यकताओं के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करने और उन्हें धमकाने का आरोप लगाया है, जिसके बाद शिवसेना नेता के खिलाफ दिल्ली में मामला दर्ज किया गया। इस बीच शिवसेना नेता ने एफआईआर को 'राजनीतिक कदम' करार दिया और कहा कि यह उनकी आवाज को दबाने के लिए किया गया है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय महासचिव दीप्ति रावत भारद्वाज द्वारा नौ दिसंबर को दिल्ली के मंडावली थाने में दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई है।



दीप्ति रावत भारद्वाज ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि नौ दिसंबर को एक मराठी समाचार चैनल पर प्रसारित एक इंटरव्यू के दौरान शिव सेना सांसद राउत ने भाजपा कार्यकताओं के खिलाफ अपशब्द बोलते हुए हैरान कर देने वाले बयान दिए। उन्होंने आरोप लगाया कि संजय राउत ने भाजपा कार्यकताओं को जान से मारने की धमकियां दीं और आपत्तिजनक भाषा का भी इस्तेमाल किया।

दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर शिव सेना सांसद राउत के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धाराओं 500 (मानहानि की सजा) और 509 (किसी महिला की मयार्दा को ठेस पहुंचाने के इरादे से शब्द, हावभाव का इस्तेमाल करना या ऐसा कृत्य करना) के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि दिल्ली में मेरे खिलाफ दर्ज एफआईआर राजनीतिक उद्देश्यों और मेरी आवाज को दबाने के लिए की गई है। यह मेरी पार्टी को बदनाम करने के लिए किया गया है क्योंकि सीबीआई, आईटी, ईडी का इस्तेमाल मेरे खिलाफ नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मैं एक सांसद हूं, कुछ लोगों को मेरे खिलाफ झूठी शिकायत दर्ज कराने के लिए प्रोत्साहित करना सही नहीं है।

# इथियोपिया में मानवीय संकट गहराया

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक उत्तरी इथियोपिया में टिग्रे अलगाववादियों और उनके खिलाफ सैन्य अभियान ने गंभीर संकट पैदा कर दिया है.संयुक्त राष्ट्र ने चेतावनी दी है कि इथियोपिया में टिग्रे पीपल्स लिबरेशन फ्रंट के संघर्ष ने देश के उत्तरी हिस्से में नागरिकों के जीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है. विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक उत्तरी इथियोपिया में खाद्य की कमी से इस क्षेत्र में भोजन की गंभीर कमी होने की संभावना है. यह भी उल्लेख किया गया कि उत्तरी इथियोपिया में 94 लाख लोगों को खाद्य सहायता की सख्त जरूरत है. वहीं, तीसरे संघर्ष की तीव्रता में कोई कमी नहीं आई है. टिग्रे में मानव त्रासदी की गंभीरता इथियोपिया के टिग्रे क्षेत्र में मानवीय संकट हर गुजरते दिन के साथ गहराता जा रहा है.

क्षेत्र के 25 लाख लोगों को सहायता की जरूरत है. उनके अलावा अफार में 5,34,000 और अमहारा में 33 लाख लोग मदद का इंतजार कर रहे हैं. अफार और अमहारा क्षेत्र टिग्रे के पास स्थित हैं और सशस्त्र संघर्ष ने उनके दैनिक जीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है. उत्तरी इथियोपियाई शहर कोम्बोल्चा में बंदूकधारियों द्वारा भोजन और आवश्यक वस्तुओं के एक बड़े गोदाम को लूटने के बाद संयुक्त राष्ट्र ने पिछले दिनों राहत भोजन के वितरण को निलंबित कर दिया था. संयुक्त राष्ट्र के महासचिव अंटोनियो गुटेरेश के प्रवक्ता स्टीफन डुजारिक के अनुसार कुछ स्थानीय लोग तीन अन्य अलगाववादियों के साथ कोम्बोल्चा के गोदाम को लूटने में शामिल थे.

डुजारिक के मुताबिक, ₹लुटेरों ने गोदाम से बच्चों के खाने-पीने का सामान और दवाइयां भी चुरा लीं₹ मानवीय सहायता की कोशिश घाना की राजधानी अक्रा में विदेश नीति और सुरक्षा विश्लेषक आदिब सानी का कहना है कि मानवीय संकट से निपटने के लिए संयुक्त राष्ट्र के प्रयास अराजकता की स्थिति में सफल नहीं हो रहे हैं क्योंकि युद्धरत पक्ष सबसे बड़ी बाधा हैं. सानी के मुताबिक, ₹उनके सशस्त्र कार्यों के कारण मानवीय संकट गहरा रहा है और वे स्थिति के लिए एक दूसरे को दोषी ठहराते हैं₹ विश्लेषक आदिब सानी ने स्पष्ट किया कि सशस्त्र स्थिति कम नहीं हुई है और आम आदमी के लिए स्थिति कठिन होती जा रही है. उनके अनुसार स्थिति राहत कार्यों को जारी रखने के लिए अनुकूल नहीं थी और राहत सामग्री गंभीर रूप से प्रभावित लोगों तक नहीं पहुंच रही थी।

# रूस के मठ में आत्मघाती विस्फोट, आठ घायल और हमलावर की मौत

**नई दिल्ली।** रूस की राजधानी मॉस्को के पास स्थित एक मठ में हुए आत्मघाती हमले में सात युवक घायल हो गए हैं जबकि हमलावर की मौत हो गई है। यह हमला तब हुआ जब सुबह आठ बजे के आसपास इस मठ में एक एक्सप्लोसिव डिवाइस में अचानक विस्फोट हो गया। बताया जा रहा है कि घायल में एक पंद्रह साल का युवक भी शामिल है। जबकि हमलावर पास के ही एक कॉन्वेंट स्कूल का छात्र रह चुका है।

दरअसल, न्यूज एजेंसी एएनआई ने रूसी समाचार एजेंसी के हवाले से अपनी एक रिपोर्ट में बताया है कि मॉस्को क्षेत्र के अभियोजक कार्यालय ने एक बयान में इस घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि घायलों में एक 15 वर्षीय किशोर सहित सभी नाबालिग शामिल हैं। प्रादेशिक पुलिस विभाग के एक करीबी सूत्र ने बताया कि बम विस्फोट के सिलसिले में एक लड़के को हिरासत में भी लिया गया है। यह लड़का भी कॉन्वेंट स्कूल का है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि यह तीव्र विस्फोट, मॉस्को के पास वेवेदेंस्की व्लाचिन में स्थित एक मठ में हुआ है। विस्फोट इतना तेज था कि मठ के काफी बड़े हिस्से को क्षतिग्रस्त भी कर दिया और वहां सभी लोग बुरी तरह घायल हो गए। इसके अलावा आसपास कुछ दूरी पर मौजूद लोग डर के मारे इधर-उधर भागने लगे। सूचना मिलते ही लोकल पुलिस मौके पर पहुंच गई।

यह भी बताया गया है कि हमलावर ने यह योजना तब बनाई जब सुबह की प्रार्थना के दौरान वहां लोग इकठ्ठा हो रहे थे। हालांकि हमले की योजना के बीच जैसे ही वह प्रवेश द्वार पर पहुंचा और बम वहीं फट गया, इसके बाद वहां अफरातफरी मच गई। मौके पर पहुंचे उच्च अधिकारियों ने कारणों का पता लगाने की कोशिश की और घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। फिलहाल घटना की आधिकारिक जांच के आदेश दे दिए गए हैं। बता दें कि इससे पहले हाल ही में रूस के पर्म शहर के एक विश्वविद्यालय में एक बंदूकधारी ने गोलीबारी कर दी थी।


**अखंड भारत संदेश** के लिए (स्वामी श्री योगी सत्यम योग सत्संग समिति) क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान झूसी प्रयागराज उत्तर प्रदेश 211019 से प्रकाशित एवं विपिन इंटरप्राइजेज 1/6C माधवकुंज, कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**

स्वामी श्री योगी सत्यम योग सत्संग समिति पी.आर.बी .एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदाई। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

UPHIN 29506